राष्ट्रीय दैनिक

हर खबर की खबर



# प्रातः किरण



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

03 सभी खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन ने देश ...

डीएम का सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल में ... 07

वर्ष : 14 | अंक : 59 | पटना, सोमवार, 08 जून, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.0°C

न्यूनतम तापमान 21.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 55% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 1,58,340

चांदी 2,97,600

सेंसेक्स 74,243

निफ्टी 23,366

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष बने आलोक सिंह

पटना। बिहार राष्ट्रीय लोक मोर्चा में रविवार को संगठनात्मक रूप से कई बदलाव किए गए हैं। आलोक सिंह को बिहार राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही प्रशांत पंकज और सुभाष चंद्रवंशी को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और हिमांशु पटेल को प्रधान महासचिव नियुक्त किया गया। पार्टी के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने रविवार को आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। इससे पहले भी आलोक सिंह को ही अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा पूरे बिहार में संगठन को मजबूत करने के अभियान में जुटा है। पार्टी आंतरिक लोकतंत्र, नैतिक राजनीति और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर काम कर रही है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर तेजी से काम हो रहा है। पार्टी ने दावा किया कि उसका सदस्यता अभियान लगातार सफल हो रहा है। कुशवाहा के मुताबिक, राष्ट्रीय लोक मोर्चा की सदस्य संख्या 22 लाख से अधिक हो चुकी है।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि रालोमो बिहार में सत्ता की मजबूत हिस्सेदार है और आगे भी सरकार में उनकी यह हिस्सेदारी पूरी मजबूती के साथ बनी रहेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम एनडीए में हैं और आगे भी रहेंगे। कुशवाहा ने कहा कि पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए यह बदलाव किया गया है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी का विस्तार करने और कार्यकताओं को जोड़ने का निर्देश दिया।

### 8वीं भारत-इंडोनेशिया आयोग की बैठक में सुरक्षा, व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा

नई दिल्ली। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने रविवार को इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगिओनो के साथ 8वीं भारत-इंडोनेशिया संयुक्त आयोग बैठक की सह-अध्यक्षता की। विदेश मंत्रालय की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने भारत-इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय संबंधों के पूर्ण स्पेक्ट्रम की समीक्षा की और राजनीतिक, रक्षा और सुरक्षा, समुद्री, व्यापार और निवेश, फार्मा और स्वास्थ्य देखभाल, डिजिटल, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष, शिक्षा, कांसुलर और संस्कृति डोमेन और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मंत्रियों ने कहा कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियान्टो और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत ने द्विपक्षीय संबंधों को नई गति दी है। दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई इस बातचीत में जनवरी 2025 में राष्ट्रपति सुनियान्टो के भारत के राजकीय दौरे के दौरान हुई बातचीत भी शामिल है। दोनों पक्षों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया और क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों पर अधिक निकट सहयोग और समन्वय के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपये हुआ महंगा

- पटना में अब 1032 रुपये में मिलेगा घरेलू सिलिंडर

प्रात : किरण



नई दिल्ली। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर रविवार से 29 रुपये महंगा हो गया है। इस बढ़ोतरी के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार से 14.2 किलोग्राम वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर 942 रुपये का हो गया है। हालांकि वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से घरेलू रसोई गैस के दाम दूसरी बार बढ़ाये गये हैं। इससे पहले 07 मार्च को इसमें 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी।

इस दौरान, वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम में भारी-भरकम वृद्धि हो चुकी है। गत 01 जून को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत 42 रुपये बढ़ाकर 3,113.50 रुपये कर दी गई थी। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से दिल्ली वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 1,373 रुपये बढ़ चुके हैं। इस साल फरवरी में इसकी कीमत 1,740.50 रुपये थी।

आईओसीएल द्वारा जारी नई दरों के अनुसार 14.2 किलोग्राम घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की वृद्धि की गई है। इससे आम उपभोक्ताओं की मासिक रसोई लागत में अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।कीमतें बढ़ने से बिहार के तमाम उपभोक्ताओं पर लगभग 29 रुपये का भार बढ़ गया है। जिसके बाद पटना में 14.2 किलोग्राम के सिलिंडर की कीमत 1031.50 रुपये प्रति सिलिंडर हो गई है।नई कीमतों के बाद उपभोक्ताओं को अब प्रति सिलेंडर 29 रुपये अधिक भुगतान करना होगा।

वहीं, दिल्ली-एनसीआर में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़कर अब 942 रुपए हो गए हैं। यह पिछले तीन महीनों में घरेलू गैस की दूसरी मूल्य वृद्धि है। दाम बढ़ने की वजहः सरकार का कहना है कि पश्चिम एशिया (मिडल ईस्ट) संकट के चलते वैश्विक स्तर पर ईंधन की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। यही कारण है कि सरकार ने हाल के दिनों में पेट्रोल, डीजल, हवाई ईंधन और कमर्शियल एलपीजी के दामों में भी बढ़ोतरी की है। हालांकि विपक्ष का आरोप है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें गिर रही थीं तो सरकार ने उसका फायदा भारत की जनता को नहीं दिया।

**कंपनियों का नुकसान**

तेल विपणन कंपनियों का कहना है कि इस बढ़ोतरी के बावजूद रसोई गैस की बिक्री पर हो रहे घाटे की पूरी भरपाई नहीं हो पाई है। इस नई समीक्षा से पहले, सरकारी तेल कंपनियां प्रति घरेलू सिलेंडर पर लगभग 703 रुपए का घाटा उठा रही थीं।

**पिछली बढ़ोतरी**

इससे पहले इसी साल मार्च में मोदी सरकार ने दिल्ली में रसोई गैस के दाम 60 रुपए बढ़ाए थे।

# विक्रमशिला सेतु पर बेली ब्रिज से परिचालन शुरू, लोगों को राहत

- रिकॉर्ड समय में बने चार बेली ब्रिजों का पथ निर्माण मंत्री ने किया उद्घाटन
- कहा, लोगों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता



प्रात : किरण

भागलपुर। बिहार के भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर रविवार को फिर से वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई। फिलहाल छोटे वाहनों का परिचालन इस पल से प्रारंभ किया गया है। तीन मई की रात को पुल का एक स्लैब नदी में गिर गया था, जिसके बाद से इस सेतु पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप पड़ा था।

शनिवार को जिला प्रशासन और विशेषज्ञों की देखरेख में यहां बनाए गए नए बेली ब्रिज का सुरक्षा ट्रायल पूरी तरह सफल रहा था।

इसके बाद जिला अधिकारी और पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया और परिचालन शुरू करने के लिए हरी झंडी दी थी। वर्तमान समय में इस सेतु पर ट्रक, बस, हाईवा के परिचालन की अनुमति नहीं मिली है।

बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेंद्र ने रविवार को भागलपुर स्थित विक्रमशिला सेतु पर रिकॉर्ड समय में निर्मित चार बेली ब्रिजों का उद्घाटन कर उन्हें आम जनता को समर्पित किया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मार्गदर्शन, सहयोग से राज्य सरकार, जिला प्रशासन, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), पथ निर्माण विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से यह महत्वपूर्ण कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि विक्रमशिला सेतु के कुछ स्लैब क्षतिग्रस्त होने के बाद आम जनता को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए सरकार ने त्वरित कार्रवाई की। परिणामस्वरूप मात्र 16 से 20 दिनों के भीतर चार बेली ब्रिजों का निर्माण कर उन्हें जनता के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि स्टील संरचना से निर्मित ये बेली ब्रिज आपात परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी अवसंरचना निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आम लोगों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बेली ब्रिजों के चालू होने से भागलपुर सहित आसपास के जिलों के लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से के स्थायी पुनर्निर्माण के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो संकल्प लेते हैं, उसे पूरा करने की प्रतिबद्धता भी रखते हैं। निर्धारित अवधि के भीतर क्षतिग्रस्त स्लैब का पुनर्निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चारों बेली ब्रिजों का नियमित निरीक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन रात्रि में एक घंटे का ब्लॉक लेकर आवश्यक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य किया जाए। साथ ही प्रतिदिन ड्रोन के माध्यम से वीडियोग्राफी कर संरचना की स्थिति का आकलन किया जाए, ताकि किसी भी संभावित समस्या की समय रहते पहचान कर उसका समाधान किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान बीआरओ, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों, अभियंताओं, कर्मियों और निर्माण कार्य से जुड़े सभी सहयोगियों को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं अथक परिश्रम के लिए सम्मानित किया गया।

बता दें कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हाल ही में विक्रमशिला सेतु के पुनर्स्थापन एवं मरम्मती कार्य का स्थल निरीक्षण कर चुके हैं। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त भाग की मरम्मती एवं पुनर्स्थापन कार्य कराने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विक्रमशिला सेतु के पुनर्स्थापन एवं मरम्मती कार्य की समीक्षा भी की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विक्रमशिला सेतु पर आवागमन जब तक सुचारू नहीं हो जाता, तब तक निजी दोपहिया और चारपहिया वाहनों से शुल्क न लें।

## सड़क हादसे के बाद भड़का ग्रामीणों का गुस्सा मंत्री अरुण शंकर के काफिले पर हमला



प्रात : किरण

मधुबनी। नखजौली थाना क्षेत्र के ढाहर गांव में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत के बाद रविवार को ग्रामीणों का आक्रोश उस समय फूट पड़ा, जब बिहार सरकार के मंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण शंकर प्रसाद पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे। नाराज ग्रामीणों ने मंत्री का घेराव करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि मंत्री के काफिले में शामिल एक वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, ढाहर गांव के एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त था।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस वाहन की टक्कर से युवक की जान गई, उसका संबंध कथित रूप से शराब तस्करों से है तथा क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पुलिस की शह पर संचालित हो रहा है। इसी मुद्दे को लेकर ग्रामीण लगातार दोषियों की गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। रविवार को मंत्री अरुण शंकर प्रसाद जब पीड़ित परिवार को सांत्वना देने गांव पहुंचे तो बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां जुट गए। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग उठाई। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया तथा कुछ आक्रोशित लोगों ने मंत्री के काफिले को घेर लिया। इसी दौरान काफिले में शामिल एक वाहन को नुकसान पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं सुरक्षा कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंत्री को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

घटना के बाद गांव एवं आसपास के इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि युवक की मौत के मामले में अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। वहीं प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है तथा उपद्रव में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।

समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

## एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने गौतम अदाणी, संपत्ति 89 अरब डॉलर के पारः फोर्ब्स

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति बढ़कर 89.2 अरब डॉलर हो गई, जो उन्हें एशिया में सबसे अमीर व्यक्ति बनाती है। यह जानकारी फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलेनियर्स लिस्ट में दी गई थी। अदाणी के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 88 अरब डॉलर के साथ दूसरे और सॉफ्टबैंक के मासायोशी सोन 87 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर है। सोन गुरुवार को जापानी निवेश फर्म के शेयरों में गिरावट से पहले एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति थे। गौतम अदाणी की संपत्ति का मुख्य स्त्रोत अदाणी समूह की कंपनियों में हिस्सेदारी है। अदाणी समूह की छह कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्य लगभग शुक्रवार तक 191 अरब डॉलर था। इसमें अदाणी पावर 47.2 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ शीर्ष पर था। इसके बाद अदाणी पोर्ट्स का मूल्यांकन 44.2 अरब डॉलर, अदाणी एंटरप्राइजेज का वैल्यूएशन 44 अरब डॉलर, अदाणी ग्रीन एनर्जी का मार्केट 26.4 अरब डॉलर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का वैल्यूएशन 19.9 अरब डॉलर और अदाणी टोटल गैस का मार्केट कैप 8.8 अरब डॉलर था। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, गौतम अदाणी की संपत्ति में पिछले महीने अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा अदाणी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों को खारिज करने के बाद से लगभग 10 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। ये आरोप सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंधों को लेकर 250 मिलियन डॉलर के लेनदेन में समूह की भागीदारी के थे। हालांकि, अदाणी समूह ने इन दावों का खंडन किया था। एशिया के सबसे धनी व्यक्ति के रूप में उनकी वापसी हाल के वर्षों में उनकी कंपनियों के मूल्यांकन में गिरावट के बाद हुई है, जो कई आरोपों के कारण हुई थी। अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडेनबर्ग रिसर्च ने 2023 में अदाणी पर स्टॉक में हेरफेर और व्यापक धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि, भारतीय नियामकों ने पिछले साल इन दावों को खारिज कर दिया था और कहा था कि आरोप सिद्ध नहीं हुए। उन्हें अमेरिका में भी आरोपों का सामना करना पड़ा था, जो अब समाप्त हो चुके हैं। अरबपति उद्योगपति ने पिछले महीने शेयरधारकों को लिखे अपने वार्षिक पत्र में कहा कि अदाणी समूह अमेरिकी कानूनी चुनौतियों से उबर चुका है और ऊर्जा, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ा रहा है, जिससे वह एआई आधारित विकास की बढ़ती मांग से लाभ उठाने के लिए तैयार है। उन्होंने समूह की प्रमुख कंपनी, अदाणी एंटरप्राइजेज के हालिया 24,930 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू की सफलता को निवेशकों का विश्वास बताया। यह ऐसे समय पर आया था, जब समूह शासन और नियामक मुद्दों पर सवालों का सामना कर रहा था।

## नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा, एनटीए ने एग्जाम सिटी की अग्रिम सूचना जारी की

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए एग्जाम सिटी की अग्रिम सूचना स्लिप जारी कर दी है। अब उम्मीदवार अपने आवेदन संख्या और पासवर्ड के माध्यम से लॉगिन कर यह देख सकते हैं कि उनका परीक्षा केंद्र देश के किस शहर में निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह परीक्षा का एडमिट कार्ड नहीं है। एजेंसी के मुताबिक, यह केवल उस शहर की जानकारी देने वाला दस्तावेज है, जहां उम्मीदवार का परीक्षा केंद्र तय किया गया होगा। बता दें कि नीट यूजी 2026 री-एग्जाम का आयोजन रविवार 21 जून की दोपहर को किया जाएगा। यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक पेन-एंड-पेपर मोड में की जाएगी। परीक्षा देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित होगी। नीट-यूजी देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा है। हर वर्ष लाखों छात्र इस परीक्षा में हिस्सा लेते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का कहना है कि अभ्यर्थी 7 जून से अपनी लॉगिन जानकारी का उपयोग कर आधिकारिक पोर्टल पर परीक्षा शहर की अग्रिम सूचना स्लिप देख और डाउनलोड कर सकते हैं। एनटीए का कहना है कि सभी विद्यार्थियों को उनकी पहली वरीयता वाले परीक्षा शहर आवंटित करने का हर संभव प्रयास किया गया है, ताकि उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कम से कम असुविधा हो। परीक्षा शहर की अग्रिम सूचना स्लिप का उद्देश्य अभ्यर्थियों को पहले से यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं की योजना बनाने में मदद करना है। इसमें केवल परीक्षा शहर का नाम दिया गया है। परीक्षा केंद्र का पूरा पता और अन्य महत्वपूर्ण विवरण एडमिट कार्ड में उपलब्ध होंगे। एडमिट कार्ड को बाद में अलग से जारी किया जाएगा। यदि किसी उम्मीदवार को स्लिप डाउनलोड करने में परेशानी आती है, तो वह राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के हेल्पलाइन नंबर 011-40759000 या 011-69227700 पर संपर्क कर सकता है।

# सीएम सम्राट ने मोहन भागवत से की मुलाकात



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत से की मुलाकात

**टकराव** इजरायल पीएम ने मध्यस्थता की कोशिशों के बीच हिजबुल्लाह के खिलाफ छेड़ा सबसे बड़ा सैन्य अभियान

# इजरायल का लेबनान पर भीषण हमला, ब्रिगेडियर जनरल समेत 12 की मौत

- हिजबुल्लाह के 150 ठिकाने ध्वस्त

प्रात : किरण



इजरायल/एजेंसी। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अंतरराष्ट्रीय दबाव और मध्यस्थता की कोशिशों को दरकिनार करते हुए दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभियान छेड़ दिया है। जानकारी के अनुसार, इजरायली रक्षा बलों ने हिजबुल्लाह से जुड़े लगभग 150 ठिकानों पर भीषण हवाई हमले किए हैं। इन हमलों के बाद शांति वार्ता की उम्मीदों को एक बार फिर गहरा झटका लगा है।

**लेबनानी सेना के अधिकारियों की मौतः** इस सैन्य कार्रवाई में सबसे चौंकाने वाली खबर लेबनान की नियमित सेना को हुए नुकसान से जुड़ी है।

लेबनानी सेना के आधिकारिक बयान के अनुसार, खारदाली-नबातीह मार्ग पर एक सैन्य वाहन को इजरायली मिसाइल का निशाना बनाया गया। इस हमले में लेबनानी सेना के ब्रिगेडियर जनरल वस्साम सबरा और कैप्टन एली खौरी की मौके पर ही मौत हो गई।

उनके साथ एक अन्य सैनिक हुसैन गोजल ने भी अपनी जान गंवाई है। इजरायली सेना ने इस घटना पर सफाई देते हुए कहा है कि यह हमला एक युद्ध क्षेत्र में हुआ था। जहां हालात पहले से ही तनावपूर्ण बने हुए हैं।

**लेबनान सरकार ने जताई कड़ी आपत्तिः** लेबनान के शीर्ष नेतृत्व ने इस हमले को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने इसे लेबनानी संप्रभुता का खुला उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे इजरायल की इस क्रूर आक्रामकता को रोकने के लिए दखल दें, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों की धज्जियां उड़ा रही है। वहीं, लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने भी हमले की निंदा करते हुए शहीद अधिकारियों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। लेबनानी सेना का आरोप है कि इजरायल जानबूझकर ऐसे हमले कर रहा है ताकि शांति की किसी भी संभावना को विफल किया जा सके।

**नेतन्याहू ने लिया संकल्प**

यह हमला उस समय हुआ है जब अमेरिका की मध्यस्थता में दोनों देशों के बीच सशर्त युद्धविराम पर सहमति बनने की खबरें आ रही थीं। हालांकि, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि वे हिजबुल्लाह को कोई रियायत नहीं देंगे। हाल के हफ्तों में हिजबुल्लाह द्वारा उत्तरी इजरायल और दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना पर फाइबर ऑप्टिक ड्रोन से किए गए हमलों ने तनाव को और भी गंभीर बना दिया।इसके जवाब में इजरायली वायुसेना ने न केवल दक्षिणी लेबनान, बल्कि पूर्वी बेका घाटी में भी हिजबुल्लाह के रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। नेतन्याहू ने लेबनानी चरमपंथी समूहों पर हमले और तेज करने का संकल्प दोहराया है, जिससे आने वाले दिनों में संघर्ष और गहराने के संकेत मिल रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### समसपुर गोलीकांड: फरार दो आरोपियों के घर इश्तहार चस्पा, सरेंडर नहीं करने पर होगी कुर्की-जब्ती की कार्रवाई

फतुहा। थाना क्षेत्र के समसपुर में हुई गोलीबारी की घटना में 5 मई 2025 से फरार चल रहे दो नामजद आरोपियों अंशु कुमार और अंकुश कुमार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार को न्यायालय के आदेश पर फतुहा थाना पुलिस ने समसपुर स्थित उनके किराए के मकान पर पहुंचकर इश्तहार चस्पा किया और निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि दोनों आरोपी तय अवधि में सरेंडर नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया के तहत कुर्की-जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### भीषण सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत, ट्रक ने 40 मीटर तक घसीटा

फतुहा। शनिवार शाम गोविंदपुर बाईपास स्थित बजरंगबली मंदिर के पास सड़क पार कर रहे 25 वर्षीय रोहित कुमार की दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, महारानी चौक की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने रोहित को अपनी चपेट में ले लिया और करीब 40 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में उसकी बाईं जांघ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल फतुहा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। लेकिन अधिक खून बह जाने के कारण पीएमसीएच पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक रोहित कुमार फतुहा के मौजीपुर स्थित मस्जिद वाली गली का निवासी था और पेशे से ऑटो रिक्शा चालक था। उसकी शादी पिछले वर्ष ही हुई थी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच में रखा गया है।

### अगलगी घटना के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की

दानापुर। नगर केअंतर्गत आग दिल्ली एवं मुजफ्फरपुर में लगी घटना के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसको लेकर अनुमंडल क्षेत्र में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, वेंकट हॉल एवं अस्पतालों के संचालनकर्ता एनओसी को लेकर अग्निशमन कार्यालय का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। एनओसी को लेकर जानकारी लेने भी लोग कार्यालय और पहुंचने लगे हैं। वहीं इसको लेकर अग्निशमन विभाग भी कार्रवाई तेज कर दी है। अनुमंडल के भिन्न क्षेत्रों में चल रहे अस्पताल, रिस्टोरेंट, वेंकटहॉल एवं होटलों की जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसको लेकर अनुमंडल प्रशासन नेनोटिस जारी किया है। सहायक जिला अग्निशमनपदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने बताया कि अनुमंडल में करीब 194 होटल, रेस्टोरेंट एवं बैंकेट हॉल संचालित हैं। जबकि करीब 104 अस्पताल संचालित है। जिसमें 73 होटल रेस्टोरेंट एवं वेंकट हॉल एनओसी लिए हैं और 50 अस्पताल एनओसी प्राप्त किये हुए है। उन्होंने बताया कि 26 लोगों को एनओसी के लिए नोटिस भेजा जा चुका है। जिसमें 12 लोग ऑडिट किया गया है जिसके बाद कमियों के बारे में बताया गया है और एक सप्ताह के अंदर उस कमियों को दूर करने को कहा गया है। अन्यथा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्लाइवुड फैक्ट्री में देर रात आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख

दानापुर। शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवाला मोड़ के निकट प्लाइवुड फैक्ट्री में देर रात आग लग गई। आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की चार वाहन की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि देर रात शिवाला मोड़ पिलर संख्या 112 के निकट स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग कि लपट तेज हो गई और फैक्ट्री में फैल गई। आग की लपट देख लोगों ने इसकी खबर अग्निशमन को दी।सूचना पर अग्निशमन की छोटी बड़ी चार वाहन पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने बताया कि आग से बचाव को लेकर फैक्ट्री में कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। आग लगने के कारणों को पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आदित्य कुमार ने बताया है

# गया शहर के समग्र विकास, जलनिकासी, स्वच्छता एवं आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल : डॉ. प्रेम कुमार

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री श्री नीतीश मिश्रा, विभागीय प्रधान सचिव, नगर आयुक्त गया,बुडको प्रबंध निदेशक,बुडको के अधिकारियों एवं गया नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ गया शहर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की जलनिकासी व्यवस्था, गंगा जलापूर्ति योजना, पार्किंग, सड़क निर्माण, हरित विकास, पर्यटन अवसंरचना तथा नगर निगम की विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने गया शहर के ड्रेनेज सिस्टम को शीघ्र सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाना चाहिए।

उन्होंने फल्गु नदी में प्रदूषित जल के प्रवाह को रोकने हेतु सीवरेज लाइन एवं एसटीपी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही गंगा जलापूर्ति योजना के अंतर्गत शेष घरों तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने एवं सर्वेक्षण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने को कहा।

बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने विष्णुपद एवं बोधगया क्षेत्र में अंडरग्राउंड केबलिंग, घाटों के चौड़ीकरण तथा दोनों धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गया एवं बोधगया विश्वस्तरीय धार्मिक और पर्यटन केंद्र हैं, इसलिए यहां की आधारभूत सुविधाओं का विकास उच्च मानकों के अनुरूप होना चाहिए।

नगर निगम क्षेत्र के पार्कों के रखरखाव पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पार्कों के बेहतर संरक्षण एवं संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हो सकें। उन्होंने शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने, सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने तथा ग्रीन बिल्डिंग की अवधारणा को बढ़ावा देने की भी आवश्यकता बताई।

डॉ. प्रेम कुमार ने शहर में बढ़ती पार्किंग समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शहरीकरण एवं व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार के कारण पार्किंग की समुचित व्यवस्था विकसित करना समय की मांग है। उन्होंने आधुनिक पार्किंग सुविधाओं के विकास के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

बैठक में नगर निगम एवं विभागीय योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने पर भी विशेष चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विकास योजनाओं में सार्वजनिक धन का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा सामग्री की खरीद, वाहन संचालन एवं अन्य कार्यों की नियमित समीक्षा कर अनावश्यक व्यय पर रोक लगाई जाए। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने और प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बोधगया मास्टर प्लान, डेल्हा बस स्टैंड विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा पर्यटन अवसंरचना को मजबूत करने के संबंध में भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया एवं बोधगया के विकास के लिए राज्य सरकार और विभागीय एजेंसियां समन्वित रूप से कार्य करें ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

बैठक में नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नीतीश मिश्रा ने भी विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए एवं लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के समन्वित प्रयासों से गया शहर में आधारभूत सुविधाओं का और अधिक विस्तार होगा तथा नागरिकों को बेहतर शहरी सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## बिहार में मिथकों पर भारी पड़ा संवाद, लाखों बेटियों तक पहुंचा एचपीवी सुरक्षा कवच

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार में सर्वाइकल (कोख) कैंसर से बचाव के लिए चल रहा एचपीवी टीकाकरण अभियान भ्रांतियों को पीछे छोड़ जन आंदोलन बन चुका है। आशा कार्यकर्ताओं (जैसे पुनपुन प्रखंड की मधु देवी) और एएनएम के घर-घर संवाद की बदौलत बिहार ने 13 लाख 62 हजार किशोरियों के लक्ष्य में से 86 प्रतिशत (11,50,701 किशोरियां) को सुरक्षित कर देश में चौथा स्थान हासिल किया है। यह संख्या शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले गुजरात और मध्य प्रदेश की कुल लक्षित आबादी से भी दोगुनी है। बिहार में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारक है, जहाँ संक्रमण दर 14.1 प्रति लाख और मृत्यु दर 7.1 प्रति लाख है। पटना एम्स की डॉ. इंदिरा प्रसाद के अनुसार, टीकाकरण व स्क्रीनिंग ही सबसे प्रभावी रणनीति है। पटना के एक क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल में 96 नमूनों की जांच में 77% मामलों में एचपीवी-16 और 17% में एचपीवी-18 वेरिएंट मिले थे।

शुरूआत में अभियान के सामने प्रजनन क्षमता और दुष्प्रभावों से जुड़ी अफवाहें बड़ी चुनौती थीं। जनवरी 2025 में नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन द्वारा पटना के 801 छात्रों पर किए गए शोध से पता चला कि चिकित्सा पृष्ठभूमि के 84% के मुकाबले गैर-चिकित्सा क्षेत्र के केवल 16% छात्रों को ही एचपीवी की जानकारी थी।इस भ्रम को दूर करने के लिए बिहार सरकार ने व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने में कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के कुशल मार्गदर्शन और अनुश्रवण की अहम भूमिका रही।

कटिहार, औरंगाबाद, अरवल, सारण, गोपालगंज, वैशाली के जिला पदाधिकारी के मेहनत ने अभियान की सफलता सुनिश्चित की। अभियान के दौरान पंपलेट, पोस्टर्स, कूड़ा संग्रहण गाड़ियों और डॉ. मंजू गीता मिश्रा व डॉ. शांति राय जैसे विशेषज्ञों के वीडियो संदेशों के जरिए शंकाओं का समाधान किया गया। दो चरणों की विस्तृत माइक्रो-प्लानिंग के कारण यह अभियान सफल रहा है। अब शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए इसकी अवधि तीन महीने और बढ़ाई गई है।

# आरएसपीएल ग्रुप ने पूरे किए 50 गौरवशाली वर्ष

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। आरएसपीएल ग्रुप जिसने कानपुर की धरती से अपना सफर शुरू किया और आज भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में भारतीय गुणवत्ता, भरोसे और मूल्यों का प्रतीक बनकर उभरा है। भारत के अग्रणी एफएमसीजी समूहों में शामिल आरएसपीएल ग्रुप ने अपनी स्थापना के 50 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। आरएसपीएल के प्रमुख और लोकप्रिय ब्रांड घड़ी डिटर्जेंट ने भी अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं। पिछले 50 वर्षों में आरएसपीएल ने सदैव ह्लभारत में बना, भारतीयों के लिए बनाह्व के अपने मूल विचार को केंद्र में रखा है। देशभर में स्थापित 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों के माध्यम से समूह ने घरेलू उत्पादन को सशक्त बनाया और भारतीय उद्योग की सामर्थ्य को नई पहचान दिलाई है। इसकी शुरूआत उत्तर प्रदेश के कानपुर में मुरलीधर ज्ञानचंदानी और बिमल कुमार ज्ञानचंदानी ने एक साधारण लेकिन बड़े सपने के साथ की थी। आज घड़ी डिटर्जेंट देश के करोड़ों परिवारों का भरोसेमंद साथी बन चुका है और लगभग 32 प्रतिशत भारतीय घरों तक इसकी पहुंच है। साबुन और डिटर्जेंट से शुरू हुई यह यात्रा आज हाइजीन केयर, पर्सनल केयर, डेयरी एवं आइसक्रीम, केमिकल निर्माण, फैशन एवं लाइफस्टाइल तथा खाद्य एवं पेय पदार्थ जैसे विविध क्षेत्रों तक विस्तार पा चुकी है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश सहित अनेक राज्यों में स्थापित इसकी उत्पादन इकाइयों ने न केवल औद्योगिक विकास को गति दी है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और आधारभूत ढांचे को भी सशक्त बनाया है। 24,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ आरएसपीएल आज देश के प्रमुख रोजगार प्रदाताओं में शामिल है। आरएसपीएल ग्रुप के डायरेक्टर मनोज ज्ञानचंदानी ने कहा ह्ल50 वर्षों की इस प्रेरणादायक यात्रा में आरएसपीएल ने एक उत्पाद से शुरूआत कर एक बहुआयामी उपभोक्ता समूह के रूप में अपनी पहचान बनाई है। आरएसपीएल ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक राहुल ज्ञानचंदानी ने कहा, ह्लघड़ी डिटर्जेंट से शुरू होकर घरेलू और औद्योगिक क्षेत्रों में एक भरोसेमंद नाम बनने तक की आरएसपीएल की यात्रा हमारे भारत में बना, भारतीयों के लिए बना दर्शन की शक्ति।

## होटल मौर्या में बिहार के जैविक ग्रीष्मकालीन फलों के महोत्सव ग्रीष्मा 2026 का आयोजन

पटना। बिहार की समृद्ध फल जैव-विविधता, जैविक खेती और जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीष्मा 2026 - बिहार के जैविक ग्रीष्मकालीन फलों का महोत्सव का आयोजन होटल मौर्या, पटना के सहयोग से हुआ। 6 और 7 जून को आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में राज्य के विभिन्न जिलों से आए जैविक किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, शोधकताओं, खाद्य उद्यमियों तथा उपभोक्ताओं ने भाग लिया।महोत्सव में आम, लीची, जामुन, बेल, कटहल, फालसा, करोंदा समेत बिहार के विविध जैविक ग्रीष्मकालीन फलों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हुई। वहीं महुआ, कैथा, लसोड़ा, खिरनी, तेंदू और अन्य भूले-बिसरे व स्वजन्मा फलों को समर्पित विशेष जैव-विविधता मंडप आकर्षण का केंद्र रहा।कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से प्रभावित फल उत्पादक किसानों को मंच प्रदान करना, बिहार की फल विरासत को संरक्षित करना तथा उपभोक्ताओं को जैविक एवं स्थानीय खाद्य प्रणालियों के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान किसान बाजार, पारंपरिक फल व्यंजनों, ग्रीष्मकालीन पेय पदार्थों की प्रस्तुति तथा सांस्कृतिक एवं संवाद सत्रों का भी आयोजन हुआ।ग्रीष्मा 2026 ने बिहार की समृद्ध जैविक फल परंपरा, पोषण सुरक्षा और जलवायु अनुकूल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अपनी पहचान बनाई।

## एक ज्वेलरी दुकान का शटर काटकर चोर ने लाखों रूपए के सोने-चांदी लेकर हुए फरार

दानापुर। दियारा क्षेत्र के पतलापुर बाजार में शनिवार की देर रात चोरो एक ज्वेलरी दुकान का शटर तोड़कर करीब पांच लाख के सोने चांदी के जेवरात चुरा लिया। चोरी की घटना के बाद अन्य दुकानदारों में भय व्याप्त हो गया है। दुकानदारों ने बताया कि दियारा क्षेत्र में पतलापुर बाजार सबसे बड़ा बाजार है। लेकिन दिन और रात कभी भी पुलिस गश्त नहीं होती है।दीघवारा निवासी दुकानदार अंकित कुमार ने शाहपुर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए पांच लाख के सोने चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान चोरी होने की बात कही है। बताया कि पतलापुर बाजार में श्रीराम ज्वेलरी नाम से दुकान है।रोज की तरह दुकान बंद करके गए थे। सुबह में पास के अन्य दुकानदारों ने फोन कर बताया कि आपके दुकान के शटर व ताला टूटा हुआ है। खबर पाकर पहुंचे तो देखा कि दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। सोने-चांदी के जेवरात डिब्बे में से गायब है आलमीरा,शो केस वगैरह टूटा हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दीघवारा निवासी दुकानदार अंकित कुमार ने पांच लाख रूपए के जेवरात चोरी होने की शिकायत किया है। छानबीन की जा रही है।

## विदेशी शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

दानापुर खगौल रेल थाना पुलिस ने स्टेशन परिसर में कार्रवाई करते हुए 5.25 लीटर विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रेल थाना में पदस्थापित एसआई शिल्पा श्रीवास्तव शनिवार शाम प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर पुलिसकर्मियों अशोक कुमार और विशाल कुमार के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही थीं। इसी दौरान शाम करीब 6:10 बजे प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर पहुंची ट्रेन संख्या 12791 से उतरे दो युवक झोला लेकर तेजी से बाहर निकलते दिखे।संदेह होने पर पुलिस ने दोनों कोआरपीएफ पोस्ट के समीप रोककर पूछताछ की। तलाशी में खगौल निवासी रिंकी कुमार सिन्हा के झोले से 750 एमएल की तीन बोतल तथा अथमलगोला निवासी राजीव रंजन कुमार के झोले से 750 एमएल की चार बोतल रॉयल स्टैग विदेशी शराब बरामद हुई। कुल 5.25 लीटर शराब जब्त की गई पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर शराब जब्त कर ली है। दानापुर रेल थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# साक्षात्कार केवल अकादमिक ज्ञान का परिचायक नहीं बल्कि समग्र व्यक्तित्व का परीक्षण : ओम

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। ह्यअंतर्राष्ट्रीय साहित्य सारथी के सौजन्य से साक्षात्कार की प्रभावी तैयारी विषय पर रविवार को यशोदा भवन, पटना में आयोजित वर्चुअल परिसंवाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता-सह-करियर सलाहकार ओम नमः शिवाय सिंह ने कहा कि- संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उम्मीदवारों को शॉर्ट लिस्ट करने के लिए आयोग द्वारा बोर्ड की मदद से साक्षात्कार का आयोजन किया जाता है जिसमें अभ्यर्थियों को सफल होने के लिए एक अविस्मरणीय पहचान बनानी होती है। यह एक ऐसा निर्णायक क्षण होता है जिसमें न केवल सैद्धांतिक एवं अकादमिक ज्ञान की परीक्षा होती है, बल्कि बोर्ड अभ्यर्थियों के अंतरदर्शन अर्थात समग्र व्यक्तित्व परीक्षण के क्रम में यह जानना चाहती है कि इनमें सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, ईमानदारी, विनम्रता, सहिष्णुता, नेतृत्व एवं प्रशासनिक क्षमता, तर्क शक्ति, सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता, कठिन परिस्थितियों में समुचित प्रशासनिक निर्णय लेने की क्षमता, संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता तथा व्यवहारिक दृष्टिकोण है या नहीं।श्री सिंह ने यह भी कहा कि व्यक्तित्व का विकास चंद दिनों में कतई संभव नहीं क्योंकि इसका विकास जीवन जीने के क्रम में जैविक रूप से धीरे-धीरे होता है, किंतु पुनः-पुनः अभ्यास की समष्टि मात्र से व्यक्तित्व को निखारा जा सकता है। अतएव, हमें निरंतर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। श्री सिंह ने इस बात पर पुख्ता बल दिया कि साक्षात्कार के दौरान हमारा परिधान पूर्णतः औपचारिक, जूता साफ-सुथरा, बाल व्यवस्थित, टाई साधारण हो जिसमें हम सहज हों। तत्पश्चात हल्की दस्तक के साथ अनुमति मिलने पर मधुर मुस्कान के साथ साक्षात्कार कक्ष में प्रवेश करें तथा यथोचित अभिवादन के उपरांत अनुमति मिलने पर ही बैठें व शिष्टाचार का परिचय दें। बिल्कुल घबराएं नहीं और न ही अनावश्यक हाथ-पैर हिलाएं बल्कि, तनाव मुक्त रहें तथा बोर्ड द्वारा पूछे गए प्रश्नों को ध्यानपूर्वक सुने फिर थोड़ा संयत होकर आंखों में आंखें डालकर पूरी विनम्रता के साथ स्पष्ट, संक्षिप्त, संतुलित, सुसंगत एवं प्रभावशाली उत्तर दें। जिस प्रश्न का उत्तर ज्ञात न हो उसे शीघ्र स्वीकार कर लें न की गलत या भ्रामक जानकारी दें या फिर पैनल के सदस्यों के साथ बहस करें। दूसरी बात कि अप्रत्याशित, विवादास्पद या फिर धर्म, जाति, राजनीति आदि से जुड़े प्रश्नों पर तर्क एवं तथ्यों के आधार पर संतुलित एवं आदर्श रूप में अपनी बात रखें।

## भाजपा की मासिक बैठक, मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों और एक पेड़ मां के नाम अभियान पर हुआ मंथन

दनियावां। भाजपा संगठन की ओर से दनियावां प्रखंड मंडल में आयोजित मासिक बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों, संगठनात्मक कार्यक्रमों और सामाजिक अभियानों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार मोदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विकास, सुरक्षा और अंत्योदय के क्षेत्र में हुए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए ह्लएक पेड़ मां के नामह्व अभियान तथा आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश ने की। इस दौरान मंडल महामंत्री सियाराम शर्मा, जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील पासवान, वरिष्ठ नेता नवल प्रसाद सहित मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने और संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

## रेलवे ने की त्वरित कारवाई, सुधार के लिए उठाए गए कदम

पटना। विगत 6 जून 2026 को दिल्ली माता वैष्णो देवी स्पेशल ट्रेन के एक स्लीपर कोच में लुधियाना में क्रैक डेवलप होने के बाद तुरंत सुधारात्मक और कठोर कदम उठाए गए हैं। सभी क्ऌक्रकोचों के लिए सेफ्टी ड्राइव चलाया गया है जिसमें कोच के संवेदनशील एरिया में जंग / क्षरण पर विशेष बल दिया गया है. इसमें 1. सभी कोचों की अगले 1 सप्ताह के अंदर जांच की जाएगी.2. जिनमें अत्यधिक क्षरण है , उसे हटाया जाएगा
3. मुख्यालय, वर्कशॉप तथा मंडल के अधिकारी इनका सुपर - चेक करेंगे4. इससे संबंधित जानकारीयुक्त वीडियो क्षेत्रीय रेलवे द्वारा जारी किया

# अधिवक्ता उपेंद्र प्रसाद को मिला अधिवक्ता रत्न सम्मान

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। पटना के प्रतिष्ठित हिन्दी साहित्य सम्मेलन में अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के बैनर तले आयोजित समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता उपेंद्र प्रसाद को ह्यअधिवक्ता रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें विधि क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक, निष्पक्ष और समर्पित योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। यह अवसर न केवल उपेंद्र प्रसाद के लिए, बल्कि उनके परिवार, शुभचिंतकों और पूरे विधि समुदाय के लिए गौरव का क्षण था। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं, न्यायविदों, सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।उपेंद्र प्रसाद का मूल निवास सिमरी, बख्तियारपुर, जिला सहरसा में है। वर्तमान में वे पटना के कंकड़बाग स्थित लोहिया नगर हाउसिंग कॉलोनी में निवास करते हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले श्री प्रसाद ने अपने अथक परिश्रम, ईमानदारी और लगन के बल पर विधि क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की। उन्होंने वर्ष 1969 में पटना उच्च न्यायालय में वकालत की शुरूआत की। उस समय से लेकर आज तक उन्होंने न्याय व्यवस्था के प्रति अपनी निष्ठा और प्रतिबद्धता को सर्वोपरि रखा। लगभग छह दशकों तक लगातार सक्रिय रहकर उन्होंने यह सिद्ध किया कि समर्पण और सत्यनिष्ठा ही किसी भी पेशे की वास्तविक पूंजी होती है।अपने लंबे विधिक जीवन में श्री उपेंद्र प्रसाद ने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वर्ष 1983 से 1993 तक वे पटना उच्च न्यायालय में अपर लोक अभियोजक के पद पर रहे। इस दौरान उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण मामलों में सरकार का पक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद वर्ष 1993 से 1996 तक उन्होंने विशेष लोक अभियोजक (निगरानी) के रूप में अपनी सेवाएं दी। इस पद पर रहते हुए उन्होंने भ्रष्टाचार और अनियमितताओं से जुड़े मामलों में कानून के शासन को मजबूत करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। बाद में 16 अक्टूबर 2009 से दिसंबर 2012 तक वे पटना उच्च न्यायालय में केंद्र सरकार के अधिवक्ता के रूप में भी कार्यरत रहे। इस जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए उन्होंने विभिन्न केंद्रीय मामलों में सरकार का प्रतिनिधित्व किया और अपनी कानूनी दक्षता का परिचय दिया।

वकालत के क्षेत्र में अक्सर सफलता को मुकदमों की संख्या या प्रसिद्धि से मापा जाता है, लेकिन उपेंद्र प्रसाद की पहचान उनकी ईमानदारी, सादगी और निष्ठा से बनी। उन्होंने अपने पूरे पेशेवर जीवन में नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च स्थान दिया। सहकर्मियों और परिचितों के अनुसार, वे सदैव न्याय और सत्य के पक्षधर रहे। उन्होंने केवल कानूनी लड़ाइयाँ ही नहीं लड़ीं, बल्कि समाज में न्याय और जागरूकता का संदेश भी फैलाया। यही कारण है कि आज वे युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत माने जाते हैं।उपेंद्र प्रसाद का योगदान केवल न्यायालय की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने सामाजिक उत्थान और जनकल्याण के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। जरूरतमंद लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करने से लेकर सामाजिक मुद्दों पर मार्गदर्शन देने तक, उन्होंने हमेशा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

# सामाजिक एकता, समरसता एवं राजनीतिक सम्मान का आधार है संगठित समाज:डॉक्टर प्रेम कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार अखिल सिंदुरिया बनिया, कैथ बनिया एवं कैथल वैश्य महासभा के स्थापना दिवस समारोह सह राष्ट्रीय महासम्मेलन में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वैश्य समाज भारतीय संस्कृति, व्यापार, अर्थव्यवस्था और समाज सेवा की एक महत्वपूर्ण शक्ति रहा है। वैश्य समाज के लिए व्यापार केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं रहा, बल्कि समाज निर्माण, रोजगार सृजन और राष्ट्र की आर्थिक उन्नति का आधार रहा है। देश के विकास में वैश्य समाज का योगदान सदियों से महत्वपूर्ण रहा है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी सामाजिक शक्ति को और अधिक संगठित करें। समाज की प्रगति केवल आर्थिक समृद्धि से नहीं होती, बल्कि शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और संगठनात्मक एकता से होती है। जब समाज संगठित होता है तो उसकी आवाज भी प्रभावी होती है और उसका सम्मान भी बढ़ता है। सामाजिक समरसता भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। हमारा देश विविधताओं का देश है, जहाँ अनेक जातियाँ, भाषाएँ, परंपराएँ और संस्कृतियाँ मिलकर भारत की महान सभ्यता का निर्माण करती हैं। इसलिए हमें ऐसा समाज बनाना है जहाँ सभी वर्गों के बीच प्रेम, सहयोग और सम्मान का वातावरण हो। सामाजिक समरसता ही राष्ट्र को मजबूत बनाती है और विकास की गति को तेज करती है।

लोकतंत्र में प्रत्येक समाज की भागीदारी आवश्यक है। समाज जितना शिक्षित, जागरूक और संगठित होगा, उसकी राजनीतिक भागीदारी उतनी ही प्रभावशाली होगी। राजनीतिक सम्मान किसी के द्वारा प्रदान की जाने वाली वस्तु नहीं है, बल्कि यह समाज की एकता, जागरूकता और सकारात्मक योगदान से प्राप्त होता है। मैं विशेष रूप से युवाओं से कहना चाहता हूँ कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं। वर्तमान समय ज्ञान, तकनीक और नवाचार का युग है। जो समाज शिक्षा और तकनीकी दक्षता में आगे होगा, वही आने वाले समय का नेतृत्व करेगा। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रशासनिक सेवाओं, उद्योग, व्यापार, स्टार्टअप, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए। महासभा को भी युवाओं के मार्गदर्शन और कौशल विकास के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने चाहिए।महिलाओं की भागीदारी के बिना किसी समाज का विकास संभव नहीं है। हमारी मातृशक्ति परिवार और समाज की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग ने बिहार सरकार के सूचना मंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना।लोकतंत्र को यदि चार स्तंभों पर खड़ा माना जाता है, तो पत्रकारिता उसका एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। पत्रकार समाज और सरकार के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं। वे जनता की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने तथा सत्ता को जवाबदेह बनाने का कार्य करते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जो पत्रकार समाज के हित में निरंतर कार्य करते हैं, वे स्वयं अनेक समस्याओं और चुनौतियों का सामना करते हैं। ऐसे में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और सुविधाओं को सुनिश्चित करना समय की मांग है।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत राय के नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल बिहार सरकार के सूचना मंत्री श्रवण कुमार से मिलकर, अपनी मांगे रखी। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया है कि आयोग की मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय महासचिव डॉ. निशा सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीकांत पटेल और निशांत भारती शामिल थे।

वार्ता के क्रम में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में पत्रकारों पर हमले, धमकियां और उत्पीड़न की घटनाएं सामने आई है। कई बार भ्रष्टाचार, अपराध या सामाजिक कुरीतियों को उजागर करने वाले पत्रकारों को गंभीर खतरे का सामना करना पड़ता है। इसलिए पत्रकारों पर होने वाले हमलों को सामान्य अपराध न मानकर गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। सरकार को ऐसी प्रभावी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे पत्रकार निर्भय होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सके। पत्रकारों की सुरक्षा केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा का विषय नहीं है, बल्कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का भी प्रश्न है। जब पत्रकार सुरक्षित होंगे, तभी वे निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता कर सकेंगे।

पत्रकारों के लिए संचालित पेंशन योजनाएं सराहनीय पहल हैं, लेकिन इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए कई जटिल नियम और प्रक्रियाएं बाधा बन जाती हैं। अनेक वरिष्ठ पत्रकार वर्षों तक समाज और लोकतंत्र की सेवा करने के बावजूद पेंशन का लाभ नहीं प्राप्त कर पाते हैं। आवश्यक है कि पात्रता संबंधी नियमों को सरल बनाया जाए तथा आवेदन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाया जाए। इससे आर्थिक रूप से कमजोर और वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानजनक जीवन जीने में सहायता मिलेगी।प्रेस क्लब पत्रकारों के लिए संवाद, प्रशिक्षण और संगठनात्मक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। वर्तमान में कई जिलों में पत्रकारों के लिए पर्याप्त सुविधाओं वाले प्रेस क्लब उपलब्ध नहीं हैं। जिला स्तर पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रेस क्लबों की स्थापना पत्रकारों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रेस क्लब न केवल पत्रकारों को एक मंच प्रदान करेंगे, बल्कि उनके व्यावसायिक विकास, प्रशिक्षण और आपसी सहयोग को भी बढ़ावा देंगे। इससे पत्रकारिता की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग पत्रकारों के हितों की रक्षा और उनके सशक्तिकरण के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। आयोग का प्रमुख उद्देश्य पत्रकारों को एकजुट करना तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास करना है।

आयोग समाज के सभी वर्गों की समस्याओं को उजागर करने और उनके समाधान के लिए भी सक्रिय भूमिका निभाने का प्रयास करता है। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा को अपनी प्राथमिकता मानता है।

वर्तमान समय में पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। वेब पोर्टल, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया आधारित पत्रकारिता का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। हजारों पत्रकार डिजिटल माध्यमों से जनहित के मुद्दों को सामने ला रहे हैं।

# सभी खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन ने देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है : श्रवण

## भारतीय हॉकी टीम के शानदार प्रदर्शन पर मंत्री ने दी बधाई और शुभकामनाएं

- भारत ने 10 वर्षों के अन्तराल के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का खिताव जीत कर एशियाई हॉकी में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष, मंत्री ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग सह जनता दल यू के नेता प्रतिपक्ष श्रवण कुमार ने भारतीय खिलाड़ियों को अंडर -18 पुरुष एशिया कप हॉकी की जीत पर बधाई दी है। भारतीय टीम ने फाइनल में मेजवान जापान को 4-1 से पराजित कर शानदार खेल का प्रदर्शन, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया है, यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। मंत्री ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों के अन्तराल के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का खिताव जीत कर एशियाई हॉकी में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

यह टीम की कुल तीसरी एशिया कप विजय है, जो भारतीय हॉकी के उज्जवल भविष्य का संकेत देती है। मंत्री श्री कुमार ने कहा कि भारतीय टीम के कप्तान केतन कुशवाहा, अशीष तथा बिहार के खिलाड़ी सावन कुमार के साथ-साथ टीम के सभी खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन ने देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत देश के लाखों युवाओं को खेलों खासकर हॉकी के प्रति प्रेरित करेगी तथा भारतीय हॉकी में नई ऊर्जा प्रदान करेगी। मंत्री ने पूरी भारतीय टीम को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्जवल

# कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत, बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करेंगे : सरावगी

- संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की प्रदेश महामंत्रियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्यालय में रविवार को प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में नव नियुक्त प्रदेश महामंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दालसनिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन के विस्तार, मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, धनराज शर्मा, डॉ. प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक तथा राजेश झा उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नव नियुक्त महामंत्रियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है, जिसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सफलता का आधार है और आने वाले समय में प्रत्येक पदाधिकारी को कार्यकताओं के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संगठन की है। इसके लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना और कार्यकताओं को सक्रिय रखना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार, प्रशिक्षण गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के साथ समन्वय को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनावी सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करना है।

बैठक में महामंत्रियों को संभाग का दायित्व सौंपते हुए उन्हें संभाग प्रभारी बनाया गया। महामंत्री धनराज शर्मा को जहां मिथिला और तिरहुत संभाग के प्रभारी बनाया गया वहीं नितिन अभिषेक को मगध और शाहाबाद, सरोज रंजन पटेल को चंपारण और सारण, राजेश झा को भागलपुर, कोशी और सीमांचल का सम्भाग प्रभारी बनाया गया। महामंत्री प्रीति शेखर को पटना, मुंगेर, बेगूसराय और नालंदा संभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति दी जाएगी तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी समन्वित रूप से कार्य करेंगे। भाजपा नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन की एकजुटता और कार्यकताओं के समर्पण के बल पर पार्टी बिहार में और अधिक मजबूत होकर जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की 10वीं वर्षगांठ पर 9 जून को राज्यभर में विशेष शिविर

- सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पहली तिमाही की गर्भवतियों की होगी प्रसव पूर्व जांच
- 77 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं अब तक अभियान से हुईं लाभान्वित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार में 9 जून 2026 को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) की 10वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस वर्ष अभियान की थीम प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्षः सुरक्षित गर्भावस्था, स्वस्थ माँ, सशक्त भारत निर्धारित की गई है। इस अवसर पर राज्यभर में विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों, जिला अस्पतालों तथा सभी जिलों के सिविल सर्जनों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की समय पर पहचान, विशेषज्ञ परामर्श, उन्नत जांच सेवाओं तथा प्रभावी रेफरल व्यवस्था के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि अभियान के कारण गर्भावस्था के दौरान संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान संभव हो रही है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में सहायता मिली है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जून 2016 से अप्रैल 2026 तक राज्य में 77 लाख 05 हजार 820 गर्भवती महिलाएं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत लाभान्वित हो चुकी हैं। वर्तमान में राज्य के 1,277 स्वास्थ्य संस्थानों में यह कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।

**प्रसव पूर्व जांच में आई उल्लेखनीय तेजीः** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-6, 2023-24) के आंकड़े भी राज्य में प्रसव पूर्व जांच की स्थिति में आए सकारात्मक बदलाव को दशार्ते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार गर्भावस्था की पहली तिमाही में प्रसव पूर्व जांच कराने वाली महिलाओं का प्रतिशत एनएफएचएस-5 (2019-21) के 52.9 प्रतिशत से बढ़कर एनएफएचएस-6 में 63.9 प्रतिशत हो गया है। वहीं, चार या उससे अधिक प्रसव पूर्व जांच कराने वाली महिलाओं का प्रतिशत 25.2 से बढ़कर 37.6 हो गया है।

**राज्यभर में आयोजित होंगे विशेष शिविरः** वर्षगांठ के अवसर पर 9 जून को राज्य के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पहली तिमाही की गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां उनकी प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, दूसरी एवं तीसरी तिमाही की गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं आवश्यक जांच उपलब्ध कराने के लिए अनुमंडलीय अस्पतालों, जिला अस्पतालों तथा फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) में लाया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर प्रसव के बाद 45 दिनों तक उनकी विशेष निगरानी एवं ट्रैकिंग की जाएगी, ताकि माँ और नवजात दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रखा जा सके।

# विश्व साइकिल दिवस : फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के विशेष संस्करण का सफल आयोजन

- एक हजार से अधिक साइकिल चालकों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भारतीय खेल प्राधिकरण के खेल प्रशिक्षण केंद्र पटना द्वारा विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर बिहार सरकार एवं विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के विशेष संस्करण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिलिंग के माध्यम से फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर 1,000 से अधिक साइकिल चालकों, खिलाड़ियों, युवा स्वयंसेवकों, फिटनेस प्रेमियों, अधिकारियों, अर्द्धसैनिक बलों, सार्वजनिक उपक्रमों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट के तहत नागरिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने की दिशा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में डेकाथलॉन पटना, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, आरपीएफ, एनसीसी पटना, ईएसआईसी क्षेत्रीय कार्यालय पटना, बिहार ओलंपिक संघ, बिहार साइक्लिंग संघ, बिहार योगासन संघ, बिहार सेपक टकरॉ संघ, बिहार जिम्नास्टिक संघ, पीईएफआई बिहार चैप्टर, क्रीड़ा भारती, सीए एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पटना चैप्टर), पतंजलि वेलनेस सेंटर, टीम सीआईएसआरओ, माई भारत सहित कई संस्थाओं का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साइकिल रैली का शुभारंभ आयकर गोलंबर, पटना से हुआ।

रैली पटना जू तक पहुंची और पुनः आयकर गोलंबर लौटकर संपन्न हुई। लगभग 10 किलोमीटर की इस साइकिल यात्रा को सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ पूरा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना साहिब के विधायक रत्नेश कुशवाहा थे। इस अवसर पर बिहार ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार, ईएसआईसी पटना के क्षेत्रीय निदेशक निरंजन कुमार, बिहार साइक्लिंग संघ के सचिव कौशल कुमार, कर्नल प्रकाश सिंह (एनसीसी) एवं कर्नल राम (एनसीसी) सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में रत्नेश कुशवाहा ने नागरिकों से साइकिलिंग को नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सप्ताह में कम-से-कम एक दिन साइकिल चलाने के लिए अवश्य निकालना चाहिए।

## एलपीजी की कीमतें बढ़ाकर सरकार ने गरीबों को महंगाई की आग में झोंकने का काम किया है: एजाज

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने घरेलू गैस के दाम 29 रुपए बढ़ाए जाने पर कहा की हर दिन पेट्रोल- डीजल और एलपीजी की कीमतें बढ़ाई जा रही है। इससे पहले 7 मार्च 2026 को घरेलू एलपीजी की कीमत 60 रुपए बढ़ाया गया था और अब 29 रुपए बढ़ोतरी की गई है। आम लोगों और खास तौर से महिलाओं के आंखों में आंसू दिया जा रहा है। जहां छोटे गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर गरीब, मजदूर और छात्रों को महंगाई से परेशानी हो रही है, वहीं कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी करने से मध्यम वर्ग को और होटल -रेस्टोरेंट चलाने वाले को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एजाज ने आगे कहा कि जब पश्चिम बंगाल में चुनाव चल रहा था तो केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री कहते थे कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों और गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हुआ कीमतें किस्तों में कीमत बढ़ाई जा रही है यह दिशाहीन और जनता के हितों के खिलाफ सोच वाली सरकार है। इनके पास में न कोई विजन है न कोई योजना। नरेंद्र मोदी की सरकार की नीति है सिर्फ आम लोगों को परेशानियों में डालने वाली नीति अपनाई जा रही है। और पेट्रोलियम कंपनियों को फायदा के लिए नरेंद्र मोदी की सरकार हर दिन चिंता में रहती है जबकि आम जनों की कोई चिंता नहीं है। जबकि पेट्रोलियम कंपनियां भारी मुनाफा में है। एलपीजी की कीमतें क्यों बढ़ाई जा रही है बार-बार सरकार क्यों नहीं बताती है। कीमतों का बढ़ाया जाना कहीं ना कहीं आम जनो, किसानों, छात्रों और महिलाओं के साथ अन्याय है। केंद्र सरकार जन विरोधी नीतियां अपनाना बंद करे।

## केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी कर जनता के जेब पर डाका डाला है: अरुण यादव

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कहा कि केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में एक बार फिर 29 रुपए की बढ़ोतरी कर महंगाई से जूझ रही जनता के जेब पर सीधा डाका डाला है। जोकि घोर निंदनीय है। 7 मार्च 2026 को प्रति सिलेंडर 60 रुपए की बढ़ोतरी की गई। फिर प्रति सिलेंडर 29 रुपए की बढ़ोतरी की गई। उन्होंने कहा कि कमरतोड़ महंगाई से त्रस्त जनता को महंगाई से निजात दिलाने के बजाय सरकार ने तीन महीने के भीतर घरेलू रसोई गैस पर 89 रुपए की बढ़ोतरी कर महंगाई की आग में धकेल दिया। राजद प्रवक्ता ने कहा कि गरीबों, किसानों, मजदूरों, मध्यम वर्ग और गृहणियां महंगाई की मार झेलने में पूरी तरह असमर्थ हो चुके हैं। खाद्य पदार्थ, दवाइयां और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं की कीमतें लगातार आसमां छु रहा है। महंगाई के कारण आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को जनता की थोड़ी सी भी चिंता है तो सरकार तत्काल घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बढ़ोतरी वापस ले, गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत दे तथा महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए। राजद प्रवक्ता ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध सहित जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर राजद चुप बैठने वाला नहीं है। राजद ने पूरे राज्य में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का फैसला लिया है। दिनांक 9 जून 2026 को सभी प्रखंड मुख्यालयों पर विशाल धरना-प्रदर्शन तथा दिनांक 17 जून 2026 को सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राजद के कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी के निदेर्शानुसार पार्टी ने धरना-प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला प्रभारी की नियुक्ति किया है। राज्यभर में धरना-प्रदर्शन की तैयारी को लेकर पार्टी के नेता, कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुटे हुए हैं।

## एलपीजी की कीमत में बढोतरी जन विरोधी : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने घरेलू गैस (एलपीजी) की कीमत में की गई बढ़ोत्तरी का विरोध प्रकट करते हुए केन्द्र सरकार से बढ़ी कीमत वापस लेने की मांग की है। एलपीजी सिलेंडर के दाम में 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोत्तरी की गई, जो पिछले तीन महीनों में दूसरी बार घरेलू गैस में वृद्धि बताई गई है। अब बिहार के उपभोक्ताओं को कम से कम 1040 रुपये एक सिलेंडर गैस के लिए भुगतान करना पड़ेगा। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी, एक चुनौतीपूर्ण वैश्विक स्थिति में जनता के हितों की रक्षा करने में मोदी सरकार की विफलता को दशार्ती है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि आम जनता पर महंगाई का असहनीय बोझ बढ़ता जा रहा है। केन्द्र की मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि ने आम आदमी, किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार और मध्यम वर्ग का कमर तोड़ दी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मानती है कि पैट्रोल, डीजल, गैस की मूल्यवृद्धि कर-आधारित लूट और कॉरपोरेट पक्षधर नीति का नतीजा है। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी को जीएसटी के दायरे में लाकर अधिकतम 18 प्रतिशत कर लगाया जाए। केन्द्र सरकार पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क और राज्य सरकारें वैट तत्काल कम करें। रसोई गैस की कीमत 500 रुपये से अधिक न हो और गरीब परिवारों को सब्सिडी दी जाए। आवश्यक वस्तुओं पर मूल्य नियंत्रण लागू कर कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगे। भाकपा बाज्य सचिव ने गैस की बेतहाशा मूल्यवृद्धि की कड़ी निंदा की है और राज्य की जनता से इस लूट के विरुद्ध व्यापक रूप से गोलबंद होने की अपील की है। भाकपा ऐसे जन-विरोधी कदमों का कड़ा विरोध करती है, और सरकार द्वारा आम उपभोक्ताओं पर किए गए इस हमले को वापस लेने के लिए संघर्ष का आह्वान करती है।

## 32वीं जूनियर अंतर जिला बिहार बेसबॉल चैंपियनशिप 18 से 20 जून सोनपुर में

पटना। बेसबॉल संघ बिहार की रविवार को बैठक में ये निर्णय हुआ की बेसबॉल संघ बिहार के तत्वावधान में 32वीं जूनियर अंतर जिला बिहार बेसबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 18, 19 एवं 20 जून को सारण (सोनपुर) के डाक बंगला मैदान में किया जाएगा प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित होगी, जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों की जूनियर बेसबॉल टीमें हिस्सा लेंगी। बिहार बेसबॉल संघ के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन की जिम्मेदारी सहायक सचिव व राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रमोद कुमार एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रूपक कुमार को सौंपी है वहीं पूरे आयोजन के संयोजक मोनू कुमार मोबाइल नंबर-8579-850261एवं संजीत कुमार-95704 51210 होंगे। बिहार बेसबॉल संघ की सचिव मधु शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जा रही है।

# दीदी अधिकार केंद्र से बाल विवाह की दीवारें ढही

- सामुदायिक जागरूकता, प्रशासनिक सहयोग और सतर्कता से किशोरियों के भविष्य बचे
- बाल विवाह की जगह शिक्षा से जुड़े रहने की पहल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। समाज में किशोरियों के प्रति आज भी पुरानी सोच नजर आती है। बाल विवाह की कुरीति वर्षों बाद अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी जड़ें जमाए हुए है। इस कुरीति को खत्म करने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग जमीनी स्तर पर असरदार प्रयास कर रहा है, जिसमें जन प्रतिनिधियों, विभिन्न समूहों, केन्द्रों, प्रशासन की भी भरपूर मदद ली जा रही है। रोहतास जिले में 'दीदी अधिकार केंद्र' (डीएके) की सक्रिय भूमिका, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से यह कुरीति लगातार कम हो रही है। यह केंद्र सूचना पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए कानूनी सहायता, काउंसलिंग और सामुदायिक जागरूकता के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ एक मजबूत दीवार खड़ी कर रहा है। जिले में डीएके के हस्तक्षेप से पांच प्रमुख मामलों में बाल विवाह सफलतापूर्वक रोके गए, जिनमें किशोरियों की शिक्षा और भविष्य को नई दिशा मिली है।

**केस 1ः शिवसागर में सरपंच और डीएके की जिद-** शिवसागर गांव में 15 वर्षीय दुर्गा कुमारी की शादी सामाजिक दबाव और अशिक्षा के कारण जबरन हो रही थी। रस्में पूरी हो चुकी थीं, लेकिन सरपंच गीता देवी ने हार नहीं मानी। ऐन वक्त पर पहुंचकर उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि शादी भले हो गई हो, लेकिन लड़की की विदाई की कोशिश की तो सबको जेल भिजवा दूंगी। सरपंच के कड़े रुख और डीएके के सहयोग से मामला दर्ज कराया गया एवं कानूनी बांड बनवाया गया। आज दुर्गा अपने मायके में रहते हुए 10वीं कक्षा में पढ़ रही है।

**केस 2ः तिलौथू में ज्योति के हक की लड़ाई-** सासाराम जिले के तिलौथू प्रखंड के चन्दन गांव में 15 वर्षीय ज्योति कुमारी के पिता परिवार की जिम्मेदारी से बचने के लिए उसकी शादी कराने पर तुल गए। मुखिया विनोद राम, स्थानीय पंच और गांव वालों के साथ डीएके ने तुरंत कदम उठाया। चाइल्डलाइन (1098) पर कॉल कर बाल संरक्षण पदाधिकारी को सूचित किया गया। कानूनी सहयोग से बाल विवाह रोका गया। आज ज्योति किशोरी समूह की सक्रिय सदस्य बनकर अपनी जिंदगी संवार रही है।

**केस 3ः बाराडीह में दादा-दादी का बदलाव-**बाराडीह गांव में 14 वर्षीय संध्या कुमारी अपने बूढ़े दादा-दादी के साथ रहती थी। परवरिश के बोझ से घबराकर दादा-दादी उसकी शादी तय कर चुके थे। वार्ड कमिश्नर अहसान अंसारी के समझाने और डीएके, पंचायत प्रतिनिधि, सक्षमा दीदी एवं आंगनवाड़ी सेविकाओं के निरंतर प्रयास से दादा-दादी ने शादी का इरादा त्याग दिया। संध्या अब सुरक्षित माहौल में अपनी पढ़ाई जारी कर रही है।

**केस 4ः ताराचंडी में बीडीओ की मदद से बचा पूजा का भविष्य-**ताराचंडी में गरीबी के कारण 15 वर्षीय पूजा कुमारी की शादी तय हो गई थी। पंचायत प्रतिनिधि सोनू कुमार ने सजग नागरिक की भूमिका निभाते हुए 1098 और 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। डीएके के समन्वय में बीडीओ, सीडीपीओ, आंगनवाड़ी सेविका और विकास मित्र की पूरी टीम मौके पर पहुंची। परिवार को बाल विवाह के कानूनी परिणामों और लड़की की शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया, जिससे शादी रुक गई।

**केस 5ः राजपुर में बेबी के सपनों का कवच बना डीएके-** राजपुर प्रखंड के मगरवालिया पंचायत में 17 वर्षीय इंटर छात्रा बेबी कुमारी पर समाज और आर्थिक तंगी के दबाव में शादी का खतरा मंडरा रहा था। मुखिया इंद्रजीत कुमार, सरपंच मिथिलेश राय, वार्ड सदस्य नीलम देवी, पंच सीता देवी और डीएके समिति ने मिलकर अभियान चलाया। परिवार से बातचीत, बीडीओ से मुलाकात और ग्राम संगठन की सामाजिक कार्य समिति के प्रयास से बेबी की पढ़ाई बच गई। इन सभी ग्रामीण मामलों में डीएके जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि के प्रयास से बाल विवाह की घटनाएं होते-होते टल गई। लेकिन चुनौती अभी बाकी है। समाज को अशिक्षा, गरीबी और रूढ़िवादी सोच से ऊपर उठना होगा ताकि हर किशोरी का सपना पूरा हो सके।

## दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक विपक्षी एकता का एक खोखला नाराः मंगल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। दिल्ली में इंडिया गठबंधन की एक और बैठक होने जा रही है। बंगाल की पूर्व सीएम और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित दर्जनों विपक्षी दलों के नेता इस महामंथन में शामिल होंगे। एजेंडा वही घिसा-पिटा है - केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना। जनता पिछले एक दशक से यह तमाशा देख रही है। जब-जब चुनाव नजदीक आता हैं, विपक्षी दल एकता-एकता का राग अलापने लगते हैं। पर धरातल पर इस एकता का नतीजा क्या रहा? इंडिया ब्लॉक की बैठक से पहले सहयोगी दलों ने कांग्रेस पर साथ न देने का आरोप लगाया है। शनिवार को सीपीआई (एम) के महासचिव ने भी पत्र लिखकर नाराजगी जाहिर की। जेएमएम कांग्रेस द्वारा झारखंड में राज्यसभा उम्मीदवारों के नाम घोषित करने से नाराज है। वहीं डीएमके भी 8 जून को होने वाली बैठक में शामिल नहीं होगी। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में कांग्रेस, वामदल और राजद साथ हैं, पर केरल में कांग्रेस और वाम दल एक-दूसरे के खिलाफ लाठियां भांजते हैं। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस कार्यकताओं को पिटवाती है और दिल्ली में वही ममता दीदी संविधान बचाओ का भाषण देंगी। यूपी में सपा और कांग्रेस एक-दूसरे को धोखेबाज कहते हैं, पर दिल्ली की प्रेस कॉन्फ्रेंस में गले मिलेंगे। यही है इनकी एकता का सच। राहुल जी हर मंच से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं। मगर हकीकत यह है कि उनके गठबंधन की दुकान का शटर हमेशा आधा गिरा रहता है। पार्टी के अंदर ही गुटबाजी है। श्री पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पहले अपनी पार्टी को तो एकजुट कर लें फिर देश की एकता की बात करें। अखिलेश जी परिवारवाद को बढ़ावा देते हैं। वहीं ममता बनर्जी ने बंगाल में विरोधियों की आवाज दबाने का काम किया, अब लोकतंत्र की रक्षा का ठेका लेंगी। श्री खड़गे की कांग्रेस में चलती तब है जब राहुल इजाजत दें। यहां दर्जन दल दर्जन प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं। चुनाव के समय सीट बंटवारे की बात आते ही यह गठबंधन धराशायी हो जाता है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला।

# राज्य के बच्चों में सृजनशीलता विकसित करना बिहार संग्रहालय की प्राथमिकता : महानिदेशक

- बिहार संग्रहालय के महानिदेशक ने समर कैंप के समापन समारोह को किया संबोधित

प्रात : किरण संवाददाता




पटना। बिहार में बच्चों की आबादी देश के अन्य कई राज्यों की तुलना में अधिक है। ऐसे में बच्चों के प्रतिभा को निखारना और उनकी रचनात्मक सोच को विकसित करना बिहार संग्रहालय कि प्राथमिकता में शामिल है। ये बातें बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने रविवार को समर कैंप के समापन समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार के बच्चों में कल्पनाशीलता और रचनात्मकता विकसित करने के लिए बिहार संग्रहालय में बाल दीर्घा तैयार किया गया है, जहां बच्चे अपनी रूचि के अनुसार कलाकृतियों को देख एवं समझ सकते हैं। कार्यक्रम में बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि बिहार संग्रहालय की ओर से 2-7 जून तक समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों को टेराकोटा, कहानी लेखन एवं मास्क मेकिंग जैसी तीन प्रमुख विधाओं में प्रशिक्षण दिया गया। कैंप के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस कैंप में शामिल वर्ग 9 से 12 के बच्चों को बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। वर्ग 5 से 8 के बच्चों को पद्मश्री अशोक कुमार विश्वास, बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, डॉ. सुनील कुमार झा, डॉ. रणवीर सिंह राजपूत और कलाकार श्रीमती मनीषा झा ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पद्मश्री अशोक कुमार विश्वास ने कहा कि कला के प्रति बच्चों में रूचि पैदा कर बिहार संग्रहालय ने काफी सराहनीय कार्य किया है। समापन समारोह में कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कैंप में प्रशिक्षण के बाद लिए गए अपने अनुभव को साझा किया। कहानी लेखन में प्रशिक्षण लेने के अनुभव को साझा करते हुए नवनीति शर्मा ने कहा कि पहले दिन उन्हें बिहार संग्रहालय का भ्रमण करने को कहा गया। इसके बाद कैंप में लेखक के सोचने का नजरिया, एक विषय को कैसे अलग तरीके से लिख सकते हैं, आदि के बारे में बताया गया। इससे मुझे कहानी लेखन में काफी मदद मिली। मुख्य रूप से मैंने इतिहास, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी कहानियां लिखी। लेखन कार्यशाला में शामिल छात्र-छात्राओं में रिया साह, एणाक्षी मुखर्जी, श्रेया कुमारी, माहिका, समीक्षा सिंह ने बताया कि हमें कार्यशाला में बहुत कुछ सीखने को मिला। इसका फायदा हमें कहानी लेखन में भविष्य में भी होगा। समर कैंप के दौरान बच्चे टेराकोटा के आकर्षक दीये, मूर्तियां एवं जीव-जन्तु समेत अन्य कलात्मक वस्तुएं तैयार की। टेराकोटा कला का प्रशिक्षण राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित कलाकार श्री पिंटू प्रसाद ने दिया। समर कैंप के दौरान कहानी लेखन कार्यशाला में बच्चों का मार्गदर्शन कथाकार, डॉ. ध्रुव कुमार ने किया। उन्होंने बच्चों को सृजनात्मक लेखन, कहानी की संरचना और लघुकथा लेखन की बारिकियों से परिचित कराया। इस कार्य में मयूरी ने भी बच्चों का सहयोग किया। वहीं, पटना म्यूजियम में आयोजित मास्क मेकिंग कार्यशाला का प्रशिक्षण हेमंत कुमार ने दिया। कार्यशाला में बच्चे विभिन्न प्रकार के आकर्षक एवं रंग-बिरंगे मास्क तैयार किए। समर कैंप के समापन समारोह के दौरान बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक डॉ. सुनील कुमार झा, डॉ. रणवीर सिंह राजपूत और कलाकार मनीषा झा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी को लेकर थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के खदियाही वार्ड 8 निवासी संत विलास महतो ने घर चोरी को लेकर थाना में आवेदन दिया है। बताया है कि शनिवार को मेरे पड़ोसी के यहां घर से 50 मीटर की दूरी पर विवाह वर्षगांठ का आयोजन था। जिसमें मेरा पूरा परिवार व्यस्त था। घर का मुख्य द्वार समान्य रूप से बंद था। इसी बीच अज्ञात चोर दरवाजा खोलकर घर में प्रवेश कर गया एवं घर के कमरे में रखें अलमारी की चाबी लेकर सोना का टीका, सोना का नाथ, सोना का झुमका, सोना का चार नग अंगूठी, चांदी का पायल, बिछिया, सोना का 10 नग नाक वाला, चांदी का बाटी, एवं 20 हजार नगद लगभग 12 लाख रुपए की जेवरात चोरी कर फरार हो गया। रात्रि के 10:00 बजे मेरी बहू घर लौटी तो अलमारी खुली दिखी तुरंत पड़ोसियों की सूचना दी तत्पश्चात 112 को कॉल किया। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य हेतु फोटो खींच ली।

### बिहार पुलिस में नवचयनित को किया गया सम्मानित

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत नरहन स्थित एक निजी विद्यालय के प्रांगण में शेयर्ड सहित देवेंद्र स्मृति क्लब द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता निखिल कुमार एवं संचालन तरुण कुमार ने की। समारोह के माध्यम से बिहार पुलिस में नव चयनित रेखा कुमारी, मुनचुन, पूजा, खुशी, बबीता, तारा, गौरव कुमार, सचिन, गौरव, मिराज, निरंजन, मुकद्दर, मुकेश पांडव आदि को सम्मानित किया गया। वही छात्रों के बीच साप्ताहिक टेस्ट का भी आयोजन किया गया। मौके पर अजीत कुमार, राघवेंद्र कुमार, बीके शर्मा, सुनील पोद्दार आदि मौजूद थे।

### विश्व साइकिल दिवस 2026 पर पटना में आयोजित

भारतीय खेल प्राधिकरण (रअक) के खेल प्रशिक्षण केंद्र (STC), पटना द्वारा विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर बिहार सरकार एवं विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलह्व के विशेष संस्करण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिलिंग के माध्यम से फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर 1,000 से अधिक साइकिल चालकों, खिलाड़ियों, युवा स्वयंसेवकों, फिटनेस प्रेमियों, अधिकारियों, अर्द्धसैनिक बलों, सार्वजनिक उपक्रमों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम ह्लफिट इंडिया मूवमेंटह्व के तहत नागरिकों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने की दिशा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में डेकाथलॉन पटना, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, आरपीएफ, एनसीसी पटना, ईएसआईसी क्षेत्रीय कार्यालय पटना, बिहार ओलंपिक संघ, बिहार साइक्लिंग संघ, बिहार योगासन संघ, बिहार सेपक टकरॉ संघ, बिहार जिम्नास्टिक संघ, पीईएफआई बिहार चैप्टर, क्रीड़ा भारती, सीए एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पटना चैप्टर), पतंजलि वेलनेस सेंटर, टीम सीआईएसआरओ, माई भारत सहित कई संस्थाओं का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साइकिल रैली का शुभारंभ आयकर गोलंबर, पटना से हुआ। रैली पटना जू तक पहुंची और पुनः आयकर गोलंबर लौटकर संपन्न हुई। लगभग 10 किलोमीटर की इस साइकिल यात्रा को सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ पूरा किया।

### एनएसएस के सिलेबस को कुलाधिपति से मिली मंजूरी

दरभंगा। बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवा निवृत्त) सय्यद अता हसनैन की स्वीकृति के बाद एनएसएस का स्नातक स्तरीय नया सिलेबस ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा सहित राज्य के सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों में लागू होगी। कुलाधिपति की यह स्वीकृति सिलेबस निर्माण समिति की अनुशंसा पर विचारोपरान्त दी गई है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 की शैक्षणिक नीति के अनुसार बनाया गया है। चार वर्षीय सीबीसीएस स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे सेमेस्टर में एबिलिटी इन्हान्समेंट कोर्स (अएउ- 4) के अंतर्गत एनएसएस पाठ्यक्रम को रखा गया है जो कुल 100 अंकों का है। ज्ञातव्य है कि उक्त सिलेबस तैयार करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय सिलेबस निर्माण समिति का गठन किया गया था, जिसकी बैठक गत 13 अक्टूबर को क्षेत्रीय निदेशालय, एनएसएस, पटना में हुई थी। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के आदेश से उक्त बैठक में सिलेबस निर्माण समिति के सदस्य के रूप में कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया ने भाग लिया था।

# उपभोक्ता हितो की अभेद्य सुरक्षा में जिला प्रशासन सतर्क एलपीजी एवं पेट्रोलियम आपूर्ति व्यवस्था पूर्णतः सुदृढ़

## पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त भंडार, जमाखोरी एवं अनावश्यक भंडारण से बचने की प्रशासन की अपील

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। जिले में एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रित है। जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 07 जून को जिले में कुल 45,049 एलपीजी गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। विभिन्न तेल कंपनियों के माध्यम से नियमित आपूर्ति जारी है तथा जिले में संचालित 99 गैस एजेंसियो के जरिए उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाई जा रही है।प्रशासन ने बताया कि पूर्व में जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर चार गैस एजेंसियों को सील किया जा चुका है। अधिकारियो ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं के हितों से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आंकड़ों के अनुसार 02 मार्च से 06 जून 2026 तक जिले में 13.44 लाख से अधिक गैस बुकिंग दर्ज की गई है। वहीं 06 जून को एक दिन में 15,661 बुकिंग प्राप्त हुई, जबकि तेल कंपनियों से जिले को 21,659 सिलेंडर उपलब्ध कराए गए। जिला प्रशासन ने सभी गैस एजेंसियो को शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही उपभोक्ताओं से अतिरिक्त राशि वसूलने, अनावश्यक रूप से परेशान करने अथवा वितरण में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों के खिलाफ कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।प्रशासन ने आम लोगो से अनावश्यक गैस बुकिंग नहीं करने, घरेलू गैस का उपयोग केवल घरेलू कार्यों में करने तथा कालाबाजारी, जमाखोरी या अवैध भंडारण की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को देने की अपील की है। शिकायत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06276-222576 पर संपर्क किया जा सकता है।इधर जिले के सभी पेट्रोल पंपो पर भी पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। 07 जून को जिले में 9.81 लाख लीटर पेट्रोल तथा 12.06 लाख लीटर हाई स्पीड डीजल का स्टॉक उपलब्ध बताया गया है। जिला प्रशासन ने पेट्रोल- डीजल का अनावश्यक भंडारण नहीं करने की भी अपील की है।

# मुख्य आरोपी पति गिरफ्तार, अंजली देवी मौत कांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

प्रात: किरण संवाददाता



कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। तिलकेश्वर थाना क्षेत्र के महिसौत गांव में विवाहिता अंजली देवी की संदिग्ध मौत एवं शव को जलाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना के मुख्य आरोपी और मृतका के पति नंदन चौपाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राथमिकी दर्ज होने के मात्र तीन दिनों के भीतर हुई इस कार्रवाई को पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। इससे पूर्व इसी मामले में नामजद अभियुक्त शंभू चौपाल को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार, 2 जून की रात अंजली देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इसके बाद ससुराल पक्ष शव का अंतिम संस्कार करने का प्रयास कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चिता की आग बुझाकर शव को अपने कब्जे में लिया। एफएसएल टीम एवं दंडाधिकारी की मौजूदगी में शव को चिता से निकालकर पोस्टमार्टम और वैज्ञानिक जांच के लिए डीएमसीएच भेजा गया। मृतका के पिता सिकिन्द्र चौपाल के आवेदन पर 3 जून को तिलकेश्वर थाना में पति समेत नौ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। थानाध्यक्ष केशरी नन्द कुमार राम ने बताया कि मामले की जांच वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

# खरीफ महाअभियान 2026 को लेकर जिला स्तरीय कर्मशाला आज

● आधुनिक कृषि तकनीक योजनाओं और उत्पादन वृद्धि पर होगा विशेष प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। खरीफ मौसम की तैयारियो को सुदृढ़ बनाने तथा किसानों तक नवीन कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सोमवार 08 जून को जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 10:30 बजे नगर भवन, मधुबनी में आयोजित होगा। जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक,आत्मा , मधुबनी ने बताया कि कृषि विभाग , बिहार सरकार के निदेशानुसार शारदीय (खरीफ)महाअभियान-2026 के तहत इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खरीफ फसलो की उत्पादकता एवं उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करना तथा कृषि तंत्र को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाना है। कार्यशाला में जिले एवं प्रखंड स्तर के कृषि पदाधिकारी , कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार तथा अन्य संबंधित हितधारक भाग लेंगे। इस दौरान खरीफ मौसम की खेती से संबंधित उन्नत कृषि तकनीको , फसल प्रबंधन, बीज एवं उर्वरक उपयोग , जल संरक्षण , कृषि यंत्रीकरण तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निर्धारित लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।साथ ही कृषि क्षेत्र में बेहतर उपलब्धि हासिल करने के लिए अधिकारियो एवं कर्मियो को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा , ताकि किसानो तक तकनीकी जानकारी एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके।कृषि विभाग का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमो से कृषि कर्मियो की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी तथा किसानो को वैज्ञानिक खेती अपनाने में सहायता मिलेगी , जिससे खरीफ फसलो के उत्पादन और किसानों की आय में सकारात्मक वृद्धि संभव हो सकेगी।

# जयनगर में मंत्री का बड़ा ऐलान, कौशल विकास और रोजगार पर सरकार का विशेष फोकस

## हाईटेक होंगे 75 आईटीआई, रोजगार सृजन को मिलेगी नई गति: मंत्री अरुण शंकर प्रसाद

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी । जिले के जयनगर स्थित आईबी परिसर में बिहार सरकार के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने प्रेस वार्ता आयोजित कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, रोजगार सृजन एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर 5 जून से 21 जून तक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जनसंवाद और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान लोगों को सरकार की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बिहार के 152 आईटीआई संस्थानों में से 75 आईटीआई को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर अपग्रेड करने की योजना है, जिससे युवाओं को उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप बेहतर तकनीकी प्रशिक्षण मिल सकेगा। रोजगार सृजन के क्षेत्र में विभाग की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने बताया कि रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 10,882 लोगों को स्वास्थ्य विभाग में रोजगार मिला है। इसके अलावा लगभग 1,100 युवाओं को विदेशों तथा 2,000 लोगों को बिहार में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। अन्य अभ्यर्थियों को भी विभिन्न राज्यों में रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में जुलाई माह तक 20 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे पूरा करने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है।प्रेस वार्ता में भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिचन्द्र शर्मा, नगर अध्यक्ष सूरज गुप्ता, उत्तरी मंडल अध्यक्ष राम कुमार सिंह, प्रमिला पूर्वे, पंकज सिंह राठौड़, नीलेश सिंह, धीरेंद्र झा, मोतीलाल यादव, कामनी साह, अनिल महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# डीवाईएफआई का 13 वां अंचल सम्मेलन संपन्न




प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर /समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत शहीद भगत सिंह नगर प्राथमिक विद्यालय, पतेलिया (बदिया) में भारत की जनवादी नौजवान सभा का 13वां अंचल सम्मेलन झंडोत्तोलन और शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता बबलू कुमार और संचालन संजय कुमार ने किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश कुमार ने केंद्र सरकार पर संविधान बदलने, लोकतंत्र को खत्म करने और युवाओं को रोजगार देने के बजाय नफरत की राजनीति में धकेलने का आरोप लगाया। जिला मंत्री उमेश शर्मा और कोषाध्यक्ष भोला राय ने युवाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने और संगठन की क्रांतिकारी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अधिवेशन में ललन सुमन, संतोष कुमार और डॉ. दिनेश कुमार,छोटन सहनी, पप्पू राउत,अवनीश कुमार,विद्यानंद विद्यार्थी सहित कई वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

# विधायक ने 2 करोड़ 87 लाख की लागत से बनने वाली कमला नदी पर पुल का किया शिलान्यास

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा।दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में 2 करोड़ 87 लाख की लागत से बनने वाली पैकटोल-छुरिया कमला नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास स्थानीय दरभंगा ग्रामीण विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने फीता काटकर किया। शिलान्यास के दौरान विधायक श्री मंडल ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र की जनता द्वारा इस पुल की मांग की जा रही थी। पुल के निर्माण से पैकटोल, छुरिया एवं आसपास के अनेक गांवों के लोगों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी। बरसात के दिनों में आवागमन की कठिनाइयों के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इससे आसपास के कई गांवों के लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध एवं यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधि, एनडीए गठबंधन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा क्षेत्र की जनता ने पुल निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। इस अवसर पर मुखिया विजली पासवान, जय राम चौधरी, श्याम सहनी,मुरारी मोहन मिश्र,संतोष सिंह, मो कलाम, मो शिवली, राजीव मंडल, जटेश्वर चौधरी, पारितोष यादव, चंदन झा, शमीम अशरफ, सुल्तान अहमद, विद्यासागर यादव, राम सागर पंडित, बीरेंद्र सहनी, विजय पोद्दार, रमेश चौधरी, अरुण पाठक, कृष्ण कुमार पाठक, अब्दुर सत्तार मुन्ना, प्रकाश चन्द्र मिश्र पप्पू, हीरा लाल राय,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# ग्रीनफील्ड सैटेलाइट सिटी योजना किसानों की जमीन हड़पने की साजिश : राजीव चौधरी

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के सहायक जिला सचिव एवं किसान नेता राजीव कुमार चौधरी ने बिहार सरकार की प्रस्तावित ग्रीनफील्ड सैटेलाइट सिटी योजना का कड़ा विरोध करते हुए इसे किसानों की उपजाऊ जमीन हड़पने की सुनियोजित साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर गरीब किसानों, खेत मजदूरों और ग्रामीण आबादी के अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। राजीव चौधरी ने कहा कि दरभंगा सहित राज्य के 10 जिलों में 11 सैटेलाइट शहर बसाने की योजना के तहत हजारों एकड़ कृषि भूमि को शहरीकरण के नाम पर बड़े पूंजीपतियों और भू-कारोबारियों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की जमीन के उपयोग और स्वामित्व संबंधी अधिकारों को सीमित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि मिथिलांचल की पहचान उसकी उपजाऊ कृषि भूमि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था है। यदि दरभंगा में प्रस्तावित मिथिला सैटेलाइट सिटी के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई तो लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी। सीपीआई नेता ने मांग की कि योजना को सार्वजनिक बहस के लिए रखा जाए, उपजाऊ कृषि भूमि को अधिग्रहण से बाहर रखा जाए, ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य की जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों में जनसुनवाई आयोजित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों की सहमति के बिना योजना लागू करने का प्रयास हुआ तो सीपीआई व्यापक जनआंदोलन चलाएगी।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा दक्षिणी नगर मंडल की बैठक आयोजित



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।भारतीय जनता पार्टी लहेरियासराय दक्षिणी नगर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार महतो की अध्यक्षता में बंगाली टोला स्थित रंजीत झा के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित विभिन्न कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की सफलता को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी मुकुंद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बैठक में आगामी विशेष जनसंपर्क अभियान, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्व के नियमित श्रवण एवं प्रसारण कार्यक्रम सहित विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी विकास चौधरी ने सभी कार्यकताओं से बूथ स्तर तक पहुंचकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएं तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी के कार्यक्रमों से जोड़ने का कार्य करें। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी तथा कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी को सफल बनाने हेतु पूर्ण समर्पण एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में मंडल महामंत्री रमण महतो, मंडल उपाध्यक्ष सतीश साह, प्रदीप महतो, कृष्ण कुमार कन्हैया, अभिषेक सोनु, भावना पासवान, शंकर झा, राजेश सिंह,हरिओम झा सहित नगर मंडल के अन्य पदाधिकारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएमसीएच की बदहाल व्यवस्था व कर्मियों की मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) लहेरियासराय में चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था, कर्मचारियों एवं नर्सों की लंबित मांगों तथा प्रभारी उपाधीक्षक पर लगाए गए दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर कर्मचारी संघ ने आंदोलनात्मक कार्रवाई का निर्णय लिया है। रविवार को आयोजित संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए एक सप्ताह के भीतर समाधान नहीं होने पर आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी गई। संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया कि अस्पताल अधीक्षक डॉ. जगदीश चंद्र के कार्यकाल में डीएमसीएच की व्यवस्था लगातार खराब हुई है। उन्होंने कहा कि एक्स-रे एवं सिटी स्कैन फिल्म, पैथोलॉजिकल जांच के लिए आवश्यक रसायन, दवाओं की खरीद, मशीनों की मरम्मत तथा कर्मचारियों के एसीपी एवं एमएसीपी लाभ जैसे आवश्यक कार्य लंबित हैं, जिससे मरीजों के इलाज पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के मानदेय का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है। बैठक में प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार पर भी महिला कर्मी के साथ कथित अशोभनीय व्यवहार का आरोप लगाया गया। संघ ने इस मामले में निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष ने राज्य सरकार से अस्पताल अधीक्षक एवं उपाधीक्षक के पदों पर सक्षम अधिकारियों की नियुक्ति करने की मांग की। बैठक की शुरूआत संघ के मंत्री उदय शंकर सिंह के स्थानांतरण पर विदाई समारोह से हुई। उनके स्थान पर अजय कुमार साह को संघ का नया मंत्री बनाया गया। बैठक में शिखा राज के लंबित एसीपी-एमएसीपी, बीएससी नर्सिंग कॉलेज की समस्याओं के समाधान, ब्लड बैंक में कथित भ्रष्टाचार पर रोक तथा अन्य मांगों को एक सप्ताह के भीतर पूरा करने की मांग की गई। बैठक में मोहम्मद जमील ,मिथिलेश प्रसाद सिंह, लक्ष्मण झा ,अजय कुमार साह, अमरेंद्र कुमार सिंह, समरेन्द्र मिश्र, रामानंद पासवान, प्रकाश कुमार सहनी, सुरेश कुमार साह, श्री कुमारी , कंचन कुमारी, चंद्र नारायण,ज्योति कुमारी, जानकी कुमारी, जयंती कुमारी, सुनील कुमार,उदय शंकर सिंह,ललन शर्मा,संजय कुमार,सूर्यवंश यादव,विजय कुमार1 ए, बैजनाथ लाल देव, संगीता कुमारी -2 , राजन मसीह, मधु महतो , संतोष कुमार सहनी, रामबालक यादव सहित 94 कर्मियों ने विचार विमर्श में हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार सिन्हा ने की।

# दरभंगा के 21 केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई बीएड व शिक्षाशास्त्री संयुक्त प्रवेश परीक्षा



दरभंगा। बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में संचालित दो वर्षीय बीएड एवं कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को दरभंगा शहर के 21 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा निर्धारित समय पर आयोजित की गई। डीएम कौशल कुमार के मार्गदर्शन तथा एडीएम मनोज कुमार के निर्देशन में सभी केंद्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से संचालित हुई। सुबह आठ बजे से गोपनीय सामग्री केंद्रों तक पहुंचाई गई। अभ्यर्थियों को सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े दस बजे तक प्रवेश दिया गया। परीक्षा 11 बजे से एक बजे तक चली, जबकि दिव्यांग अभ्यर्थियों को 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सौंपी गई थी। लोकभवन, पटना के विशेष ऑब्जर्वर अजय कुमार सिन्हा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। वहीं राज्य नोडल पर्यवेक्षक प्रो. नागेंद्र झा सहित अन्य अधिकारियों ने भी परीक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उड़नदस्ता दल और पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जो परीक्षा के दौरान केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार दरभंगा में कुल 12,849 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें 11,766 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 1,083 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न होने पर प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया।

# सैंकड़ों हिंदुत्वनिष्ठों की उपस्थिति में गोरखपुर हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता

पटना/गोरखपुर। हिन्दू संगठनों में समन्वय स्थापित करके उन्हे एकजुट कर हिन्दू ईकोसिस्टम निर्माण करने के उद्देश से यहां के रुस्तमपुर स्थित मधुर शहनाई सभागृह में हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। अधिवेशन आयोजन समिति गोरखपुर एवं हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित इस अधिवेशन में जिले के 155 से अधिक हिन्दुत्वनिष्ठ संगठनों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता एवं प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख व्यक्तित्व सहभागी हुए । होली हो या बकरी ईद, आज हिन्दूओ पर होनेवाले आक्रमणों की संख्या दिनह्न प्रतिदिन बढ़ रही है` इसलिए हिन्दू समाज को स्वरक्षा के लिए आत्मनिर्भर होना होगा` इस लिए ह्यहर घर योद्धाह्व अभियान का आयोजन करके निःशुल्क स्वरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का भी निश्चित हुआ` हिन्दू राष्ट्र संपर्क अभियान करके नए हिन्दू संगठनों को संपर्क करना, मंदिरों को संगठित करने हेतु मंदिर न्यासियों से संपर्क अभियान करना एवं स्थानीय हिन्दू संगठन मजबूत करने का तय हुआ भारत के संविधान से सेक्युलर शब्द हटाया जाए, केंद्र सरकार संपूर्ण देश में ह्यगोवंश हत्या प्रतिबंधकह्व और ह्यधर्मांतर प्रतिबंधकह्व कानून पारित करें, भारत के सभी मंदिरों का सरकारीकरण निरस्त कर मंदिर भक्तों को सौंपे जाए आदि हिन्दू हित में अनेक प्रस्ताव अधिवेशन में पारित किए गए` अधिवेशन में हिन्दू राष्ट्र की आवश्यकता, कॉर्पोरेट एवं लव जिहाद का प्रतिकार, हिन्दू विरोधी नरेटिव का प्रतिवाद, संविधान में सेक्युलरिज्म का दुरुपयोग एवं सुधार, मंदिरों को सरकारीकरण से मुक्त करने का अभियान, अधिवक्ता संगठन, उपासना का बल कैसे बढाएं इत्यादि विषयों पर विचारमंथन किया गया। भारतविरोधी विचारधारा के लोगों की इकोसिस्टम का प्रतिकार करने के लिए हिन्दूवादी एवं राष्ट्रभक्त अधिवक्ताओं का संगठन आवश्यक है । इसलिए गोरखपुर में अधिवक्ता सम्मेलन, संगोष्ठियों का आयोजन निश्चित हुआ । हिन्दू संगठनों के लिए आवश्यक कानूनी प्रशिक्षण देकर उन्हे धर्मकार्य के लिए सक्षम करने का भी निश्चित हुआ प्रदर्शनी और संगठनात्मक सहभाग : अधिवेशन में धर्मशिक्षा से संबंधित फलक प्रदर्शनियों, धर्म, अध्यात्म, आयुर्वेद एवं राष्ट्ररक्षा विषयक ग्रंथों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला। अधिवेशन के सफल आयोजन में अधिवक्ता शेषनारायण पांडे, अधिवक्ता लक्ष्मी शंकर शुक्ला, अधिवक्ता शैलेन्द्र बहादुर सिंह, अधिवक्ता आशुतोष पांडे सहित अनेक कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा।

# प्रसाद हॉस्पिटल मामले में आईएमए की आपात बैठक, एक सप्ताह में मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन की चेतावनी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांड और उसके बाद हुई प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मुजफ्फरपुर की एक आपातकालीन बैठक का आयोजन आईएमए हॉल, मुजफ्फरपुर में किया गया। बैठक में 150 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लिया और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक की शुरुआत प्रसाद हॉस्पिटल हादसे में जान गंवाने वाले तथा घायल हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए की गई। उपस्थित चिकित्सकों ने पीड़ित परिवारों के प्रति शोक प्रकट किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सभा में डॉ. पंकज की गिरफ्तारी को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। चिकित्सकों ने इस कार्रवाई पर आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे अनुचित बताया तथा घटना के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही डॉ. पंकज के विरुद्ध चल रही दंडात्मक कार्रवाई को तत्काल बंद करने की मांग भी की गई। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव के तहत सिविल सर्जन द्वारा बिना स्पष्टीकरण मांगे प्रसाद हॉस्पिटल का निबंधन रद्द किए जाने को असंवैधानिक बताया गया। आईएमए ने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की है। चिकित्सकों ने यह भी कहा कि अस्पताल के आईसीयू को छोड़कर अन्य विभागों में चिकित्सा सेवाएं शुरू करने की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि आम जनता को इलाज के लिए हो रही परेशानियों से राहत मिल सके। सभा में पारित प्रस्तावों के अनुसार यदि एक सप्ताह के भीतर इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो आईएमए मुजफ्फरपुर अपनी राज्य इकाई के साथ मिलकर संघर्ष और आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। बैठक के अंत में चिकित्सकों ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं को प्रभावित करने वाले निर्णयों पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए तथा न्यायसंगत और संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए मामले का समाधान निकाला जाना चाहिए।

# सामाजिक समरसता से ही मजबूत होगा हिन्दू समाज : देवव्रत

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महानगर इकाई के तत्वावधान में रविवार को आमगोला स्थित जलसा विवाह भवन में सामाजिक समरसता विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रज्ञा प्रवाह के क्षेत्र संयोजक देवव्रत प्रसाद ने कहा कि सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव ही हिन्दू समाज की एकजुटता का आधार है। समाज जितना संगठित और समरस होगा, वह उतना ही सबल और मजबूत बनेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में देवव्रत प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज का ही अंग है और समाज को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रारंभिक दौर में जाति व्यवस्था कर्म आधारित थी, जिससे देश की आर्थिक व्यवस्था सुदृढ़ बनी रही। बाद में यह व्यवस्था जन्म आधारित स्वरूप में परिवर्तित हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अंग्रेजों ने भारतीय समाज की एकता को कमजोर करने के लिए जातीय संरचना को प्रभावित करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि देश और समाज की मजबूती के लिए सामाजिक समरसता को व्यवहार में उतारना होगा। सभी वर्गों और समुदायों के लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनें, तभी वास्तविक सामाजिक एकता स्थापित हो सकेगी। संवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जाति एवं समुदायों के प्रतिनिधियों से उनके समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली गई। प्रतिभागियों ने सामूहिक विवाह, शिक्षा के प्रति जागरूकता, खेलकूद गतिविधियों के संचालन तथा सामाजिक सहयोग जैसे प्रयासों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के महानगर सह संघचालक भानु शंकर श्रीवास्तव ने की, जबकि मंच संचालन महानगर प्रचार प्रमुख अजय कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक रविशंकर सिंह विसेन, विभाग संघचालक चंद्रमोहन खन्ना, दीपक पोद्दार, कार्यक्रम संयोजक परिमल, वनवासी कल्याण आश्रम के सचिव राकेश सम्राट, पंकज प्रकाश, अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, संजीव सिंह, वेद प्रकाश सहित शहर के सैकड़ों प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् से हुई तथा समापन जन गण मन के सामूहिक गायन के साथ किया गया।

# हर्ष फायरिंग मामले में साहेबगंज विधायक राजू कुमार सिंह दोषी करार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. राजू कुमार सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 2018 के चर्चित हर्ष फायरिंग मामले में दोषी करार दिया है। अदालत ने उन्हें गैर-इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत दोषी मानते हुए हिरासत में लेने का आदेश दिया है। मामले में सजा के बिंदु पर सुनवाई बाद में होगी यह मामला 31 दिसंबर 2018 की रात का है, जब दिल्ली के वसंत कुंज स्थित एक फार्महाउस में न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया गया था। आरोप है कि पार्टी के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में डॉ. अर्चना गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उपचार के दौरान तीन दिन बाद उनकी मौत हो गई थी अदालत ने मामले में सह-आरोपी बनाई गई विधायक की पत्नी रेणु सिंह, राणा राजेश सिंह और रमेंद्र सिंह को साक्ष्यों के अभाव में सभी आरोपों से बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इनके खिलाफ आरोप प्रमाणित नहीं हो सके। राउज एवेन्यू कोर्ट ने डॉ. राजू कुमार सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (भाग-2) के तहत दोषी ठहराया है। इसके अलावा आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत भी उन्हें दोषी पाया गया। अदालत ने उन्हें हिरासत में लेने का आदेश जारी करते हुए सजा निर्धारण के लिए अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। मामले में सजा के बिंदु पर अगली सुनवाई 9 जून को होगी। इसी दौरान अदालत यह तय करेगी कि दोषी विधायक को कितनी सजा दी जाएगी। अदालती फैसले के बाद बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। डॉ. राजू कुमार सिंह लंबे समय से प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे हैं और विभिन्न दलों का प्रतिनिधित्व करते हुए साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक चुने जा चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2005 के बाद अलग-अलग चुनावों में लोक जनशक्ति पार्टी, जनता दल (यू), वीआईपी और बाद में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की है। वे बिहार सरकार में पर्यटन मंत्री का दायित्व भी संभाल चुके हैं। कानूनी और राजनीतिक असर की चर्चा सूत्रों के अनुसार, विधायक के खिलाफ पूर्व से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनका उल्लेख उनके चुनावी हलफनामों में किया गया है। ऐसे में अदालत के इस फैसले का उनकी राजनीतिक और कानूनी स्थिति पर व्यापक प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। अब सभी की नजरें 9 जून को होने वाली सजा संबंधी सुनवाई पर टिकी हैं।

# इंस्टाग्राम दोस्ती बनी मुसीबत, शादी के बाद युवक ने भेजे आपत्तिजनक मैसेज ,थाने में मामला दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सोशल मीडिया पर एक अंजान युवक से हुई दोस्ती तिलकमैदान की एक युवती के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई। इंस्टाग्राम पर शुरू हुई बातचीत और आईडी का पासवर्ड साझा करने के बाद युवती को मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। मामला इतना बढ़ गया कि उसकी शादीशुदा जिंदगी भी संकट में पड़ गई है। पीड़िता ने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व उसे इंस्टाग्राम पर साकिब खान नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली थी। उसने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली, जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई। आरोप है कि युवक लगातार मैसेज और कॉल करता रहा। इस बीच युवती की शादी उसके एक रिश्तेदार से हो गई। शादी के बाद भी आरोपी युवक ने उसे कॉल और मैसेज करना बंद नहीं किया। आरोप है कि उसने युवती के पति और ससुराल पक्ष के लोगों को भी मैसेज भेजने शुरू कर दिए। इससे पति को पत्नी के किसी अन्य युवक से संबंध होने का संदेह हो गया। जानकारी के अनुसार, इस विवाद के बाद नाराज पति ने शादी के महज पांच माह बाद ही युवती को ससुराल से मायके भेज दिया। वर्तमान में दांपत्य संबंध टूटने की कगार पर पहुंच गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसे आरोपी की सही पहचान और पता नहीं मालूम है। उसने आशंका जताई है कि साकिब खान पटना या समस्तीपुर का रहने वाला हो सकता है। युवती की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की पहचान और लोकेशन का पता लगाने के लिए सोशल मीडिया अकाउंट एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है।

# शाही लीची की हुई विदाई, अब आम का राज मुजफ्फरपुर की मंडियों में बढ़ी रौनक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शाही लीची के सीजन के अंतिम दौर में पहुंचते ही अब मुजफ्फरपुर के फल बाजारों में ह्यफलों के राजाह्न आम का दबदबा बढ़ गया है। उत्तर बिहार के सबसे बड़े फल केंद्रों में शुमार मुजफ्फरपुर की मंडियों में इन दिनों आम की भारी आवक हो रही है, जिससे बाजारों में फिर से चहल-पहल लौट आई है। शहर के प्रमुख फल बाजारों और व्यावसायिक केंद्रों जैसे जीरोमाइल, सरैयागंज टावर, कल्याणी चौक, सिकंदरपुर तथा बाजार समिति की मंडियों में आम की विभिन्न किस्मों से दुकानें सजी हुई हैं। लगातार बढ़ रही आवक के कारण आम की कीमतों में भी गिरावट आई है और यह अब आम उपभोक्ताओं की पहुंच में आ गया है। खुदरा बाजार में बेहतरीन गुणवत्ता वाला आम 100 रुपये में डेढ़ किलो तक बिक रहा है। यानी ग्राहकों को लगभग 65 से 67 रुपये प्रति किलो की दर से आम मिल रहा है, जिससे खरीदारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। फल आढ़तियों और थोक व्यापारियों के अनुसार, सीजन की शुरूआत में आम के दाम काफी अधिक थे, लेकिन अब पश्चिम बंगाल के मालदा क्षेत्र, दक्षिण भारत और स्थानीय बागानों से लगातार आम की खेप पहुंचने के कारण आपूर्ति बढ़ गई है। इसी वजह से कीमतों में नरमी आई है। व्यापारियों का कहना है कि अगले एक-दो सप्ताह में स्थानीय मालदह और जदालू आम की आवक अपने चरम पर पहुंचने के बाद कीमतों में और कमी आ सकती है। हालांकि बाजार में दशहरी, जर्दा, बंबई, गुलाब खास और बैंगनपल्ली जैसी कई लोकप्रिय किस्में उपलब्ध हैं, लेकिन मुजफ्फरपुर के लोगों की पहली पसंद अब भी स्थानीय मालदह आम बना हुआ है। खासकर कांटी और मीनापुर क्षेत्र से आने वाले मालदह आम की मांग सबसे अधिक है। वहीं, भागलपुर का प्रसिद्ध और जीआई टैग प्राप्त जदालू आम भी अपनी खास खुशबू और स्वाद के कारण ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। पिछले महीने तक मुजफ्फरपुर और वैशाली की विश्वप्रसिद्ध शाही लीची ने फल बाजार पर अपना वर्चस्व बनाए रखा था। अब लीची का सीजन समाप्ति की ओर है और फल बाजार में पूरी तरह आम का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। शाम होते ही शहर के प्रमुख बाजारों में आम की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। इससे पिछले कुछ समय से मंदी की मार झेल रहे फल विक्रेताओं के कारोबार को भी नई रफ्तार मिल गई है। आम की बढ़ती मांग और सस्ती कीमतों ने बाजार की रौनक को और बढ़ा दिया है।

# गोविंद शर्मा हत्याकांडः मुख्य शूटर राजा सिंह की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। चर्चित गोविंद शर्मा हत्याकांड में मुख्य शूटर राजा सिंह अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। घटना के एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम लगातार विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुख्य शूटर राजा सिंह के नेपाल भाग जाने की आशंका जताई जा रही है। इसके मद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्रों में भी उसकी तलाश तेज कर दी गई है। वहीं, पुलिस शूटरों को शरण देने के आरोप में पुरानी बाजार निवासी मनीष कुमार की भी तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, राजा सिंह मूल रूप से साहेबगंज क्षेत्र का रहने वाला है और घटना से पहले वह झारखंड के रांची में रह रहा था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह पहले भी कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है।

सदर थाना क्षेत्र के रेवा रोड स्थित एक रेस्तरां पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना में भी उसका नाम सामने आ चुका है। इधर, पुलिस मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि गोविंद शर्मा हत्याकांड में शामिल शूटरों एवं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और जल्द ही फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गोविंद शर्मा की हत्या के बाद से शहर में इस मामले को लेकर काफी चर्चा है। पुलिस अब इस हत्याकांड से जुड़े सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे षड्यंत्र का खुलासा करने में जुटी हुई है।

# राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र की बड़ी उपलब्धि: बढ़ी लीची की शेल्फ लाइफ

● नई किस्मों और उत्पादों से किसानों को मिलेगा लाभ

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। लीची उत्पादन के क्षेत्र में देश के प्रमुख संस्थान राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर ने बीते 26 वर्षों में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र ने जहां लीची की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है, वहीं किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से नई लेट वैरायटी और लीची आधारित कई मूल्यवर्धित उत्पाद भी विकसित किए हैं। हालांकि, दूसरी ओर लीची स्टिंक बग नामक कीट अब नई चुनौती बनकर सामने आया है, जिससे मीनापुर क्षेत्र के करीब 700 एकड़ लीची बाग प्रभावित हुए हैं। वर्ष 2001 में स्थापित राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र लगातार लीची उत्पादन, संरक्षण और प्रसंस्करण के क्षेत्र में शोध कर रहा है। संस्थान के वैज्ञानिकों ने लीची का स्वाद पूरे वर्ष उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई अभिनव उत्पाद विकसित किए हैं। इनमें लीची शहद, लीची रसगुल्ला (लीचीगुल्ला) और हाल ही में विकसित ह्यलीचीमिशह्न प्रमुख हैं। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. अंकित कुमार और उनकी टीम द्वारा विकसित लीचीमिश में लीची की प्राकृतिक मिठास और पौष्टिकता को संरक्षित रखा गया है। इसे लीची के पल्प, चीनी और साइट्रिक एसिड के मिश्रण से तैयार किया जाता है। पल्प को बीज से अलग कर विशेष प्रक्रिया के तहत चीनी के घोल में सुखाया जाता है और बाद में ओवन में ड्राई कर किशमिश जैसे रूप में तैयार किया जाता है। इसकी शेल्फ लाइफ लगभग एक वर्ष तक बताई गई है। राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र ने मॉडिफाइड एटमॉस्फियर पैकेजिंग तकनीक का सफल परीक्षण किया है। इस तकनीक के माध्यम से बिना कोल्ड चेन या रेफ्रिजरेटेड वाहन के सामान्य तापमान पर लीची को सड़क मार्ग से दिल्ली तक सुरक्षित पहुंचाया गया। केंद्र के निदेशक डॉ. बिकास दास ने बताया कि पिछले दो वर्षों से इस तकनीक पर लगातार परीक्षण चल रहा था और इस बार इसे पूर्ण सफलता मिली है। अब इस तकनीक का प्रचार-प्रसार किसानों और व्यापारियों के बीच किया जा रहा है ताकि वे इसका व्यावसायिक लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से लीची की शेल्फ लाइफ दो दिन से बढ़कर पांच दिन तक हो गई है। भारत में 95 प्रतिशत से अधिक लीची का परिवहन सामान्य वाहनों और सामान्य तापमान पर होता है, ऐसे में यह तकनीक किसानों और व्यापारियों के लिए काफी लाभकारी साबित होगी। किसानों को मिलेंगी तीन नई लेट वैरायटी डॉ. दास ने बताया कि वर्तमान में शाही लीची का सीजन लगभग 15 दिनों और चाइना लीची का सीजन करीब 10 दिनों तक सीमित रहता है। इससे किसानों को सीमित समय में ही अपनी उपज बेचनी पड़ती है। इस समस्या के समाधान के लिए संस्थान ने तीन नई लेट वैरायटी विकसित की हैं– गंडकी संपदा, गंडकी योगिता और गंडकी लालिमा। ये किस्में जुलाई के मध्य तक बाजार में उपलब्ध रहेंगी, जिससे किसानों को लंबे समय तक उत्पादन और बिक्री का अवसर मिलेगा तथा उनकी आय में बढ़ोतरी होगी ।राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के अनुसार देश में लीची की खेती का क्षेत्रफल पिछले वर्षों में तेजी से बढ़ा है। जहां पहले लगभग 55 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में लीची की खेती होती थी, वहीं अब यह बढ़कर करीब 99 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गई है। इसी अवधि में उत्पादन भी 2.5 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर लगभग 7 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

# हत्या की आशंका जताते हुए पिता ने थाने में दिया आवेदन

मुजफ्फरपुर। जिले हत्था थाना क्षेत्र के गगराहा गांव निवासी एवं मध्य विद्यालय कोल्हुआरा, बंदरा के प्रधानाध्यापक नरेश राय के इकलौते पुत्र तथा मेडिकल छात्र गुड्डू राजा (22) की पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार गुड्डू राजा पटना में रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहा था। उसका नामांकन वर्ष 2025-27 सत्र में पीएमसीएच के नेत्र विभाग में हुआ था। हाल ही में वह अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए घर आया था और 4 जून को वापस पटना लौटा था। मृतक के पिता नरेश राय ने पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना में आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि 5 जून को शाम करीब चार बजे रूम ओनर का फोन आया कि गुड्डू राजा का कमरा अंदर से बंद है और वह दरवाजा नहीं खोल रहा है। सूचना मिलने पर जब परिवार के लोग पटना पहुंचे तो कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। उनका आरोप है कि गुड्डू राजा का मुंह गमछे से बंधा हुआ था और उसका शव पंखे से लटका मिला। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि मौके से मिले कथित सुसाइड नोट पर 5 जून 2026 की रात 9:15 बजे का समय अंकित है। पिता का आरोप है कि परिस्थितियां संदेहास्पद हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि उनके पुत्र की हत्या कर उसे पंखे से लटका दिया गया। उन्होंने आशंका जताई है कि इस घटना में रूम ऑनर सहित अन्य लोगों की भी संलिप्तता हो सकती है। पीड़ित पिता ने पुलिस प्रशासन से मामले की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच, पटना भेजा गया है ।बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांडः राष्ट्रपति से जांच और कार्रवाई की मांग, अस्पताल की बढ़ीं मुश्किलें

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर के चर्चित प्रसाद हॉस्पिटल में हुए भीषण अग्निकांड के बाद अस्पताल की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। लोक चेतना दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार झा ने मामले की गहन जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को पत्र भेजा है। लोक चेतना दल के राष्ट्रीय महासचिव शकिन्द्र कुमार यादव ने बताया कि प्रसाद हॉस्पिटल में हाल ही में हुए अग्निकांड को अत्यंत दुखद बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई है। साथ ही घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र में पांच प्रमुख बिंदुओं पर जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। इसमें सबसे पहले पूरे अग्निकांड की जांच किसी विशेष एजेंसी से कराने की मांग की गई है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों और जिम्मेदार लोगों का पता चल सके। इसके अलावा अस्पताल में भर्ती आईसीयू एवं सामान्य वार्ड के मरीजों में घायल और मृत मरीजों के संबंध में परिजनों को समय पर सूचना दिए जाने तथा उनकी पहचान और संपुष्टि की प्रक्रिया की भी जांच कराने की मांग उठाई गई है। पत्र में अस्पताल भवन के निर्माण को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं। मांग की गई है कि स्वीकृत नक्शे के अनुरूप निर्माण हुआ या नहीं, इसकी जांच कर नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई की जाए। लोक चेतना दल ने यह भी मांग की है कि यदि अस्पताल निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता था, तो उसे अग्निशमन विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र जारी करने और वार्षिक ऑडिट में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही अस्पताल की नियमित जांच और निगरानी में कथित लापरवाही बरतने वाले सिविल सर्जन, मुजफ्फरपुर तथा पीएचसी प्रभारी मुशहरी की भूमिका की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग भी पत्र में की गई है। दल के नेताओं का कहना है कि इस दर्दनाक हादसे की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई से ही पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सकेगा तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी।

# बेनीबाद थाना के पास ताड़ के पेड़ से युवक का शव बरामद, इलाके में सनसनी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र से रविवार को एक दुखद एवं सनसनीखेज मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार के समीप स्थित एक ताड़ के पेड़ से 21 वर्षीय युवक का शव लटकता हुआ बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान गोलू कुमार (21 वर्ष) के रूप में हुई है, जो महेशी मांझी का पुत्र बताया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह जब लोग बाजार की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर पेड़ से लटके शव पर पड़ी। इसके बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना स्थल बेनीबाद थाना के बिल्कुल समीप होने के कारण पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस आत्महत्या और अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। वहीं, घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना को लेकर पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# मदारीपुर कर्ण पंचायत की खराब सोलर लाइटों की मरम्मत का आदेश

मुजफ्फरपुर। ग्राम पंचायत राज मदारीपुर कर्ण में लंबे समय से खराब पड़ी मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइटों को लेकर ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। प्रखंड पंचायत राज कार्यालय, मीनापुर द्वारा संबंधित एजेंसी को अविलंब मरम्मत कार्य कराने का निर्देश जारी किया गया है। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी राम अयोध्या प्रसाद ने पत्रांक-206, दिनांक 04 जून 2026 के माध्यम से संबंधित कंपनी को पंचायत क्षेत्र में खराब पड़ी सोलर लाइटों की मरम्मत कर शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई आरटीआई कार्यकर्ता अमरेन्द्र कुमार द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट मरम्मती योजना के तहत की गई शिकायत के बाद की गई है। शिकायत में बताया गया था कि मदारीपुर कर्ण पंचायत के विभिन्न वार्डों में स्थापित कई सोलर स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। वहीं कुछ लाइटें सार्वजनिक स्थलों के बजाय निजी दरवाजों पर लगाए जाने का भी आरोप लगाया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय अंधेरा बना रहता है और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी ने संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया है कि बंद पड़ी सोलर लाइटों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा कार्य पूर्ण होने के बाद साक्ष्य सहित प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर मामले की सूचना वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना का उद्देश्य गांवों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराना था, लेकिन बड़ी संख्या में लाइटों के खराब रहने से योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद अब लोगों को उम्मीद है कि पंचायत में जल्द ही प्रकाश व्यवस्था बहाल होगी। इस कार्रवाई से यह संकेत मिला है कि जन शिकायतों पर प्रशासन गंभीरता से ध्यान दे रहा है और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। अब पंचायतवासियों की नजरें संबंधित एजेंसी की कार्रवाई पर टिकी हैं, ताकि जल्द से जल्द गांव की सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर रोशनी लौट सके।

# बाइक सवार महिला की मौत ,पति व पुत्र जख्मी

मुजफ्फरपुर।एनएच-27 पर बोचहां थाना क्षेत्र के भोला चौक के समीप शनिवार को तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। हादसे में उसका पति और 11 वर्षीय बेटा जख्मी हो गया । मृतका की पहचान गायघाट प्रखंड के लोहबंदरा गांव निवासी विकास कुमार की 28 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, पुष्पा देवी के पिता को लकवा मार गया था ।इसकी सूचना मिलने पर विकास कुमार अपनी पत्नी और बेटे आयुष के साथ बाइक से पारू प्रखंड स्थित ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान भोला चौक के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर लगते ही पुष्पा देवी सड़क पर गिर गईं और कंटेनर की चपेट में आ गईं। उनके सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सीएचसी बोचहां ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। हालांकि इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कंटेनर लेकर फरार हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया।

# जूट की बोरियों से 108 बोतल विदेशी शराब बरामद

मुजफ्फरपुर। कांटी थाना क्षेत्र के दरभंगा मोड़ के समीप डीआरआई की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय यात्री बस से 108 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। मामले में पूर्वी चंपारण जिले के कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी प्रेम जायसवाल को गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब और गिरफ्तार आरोपित को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीआरआई की मुजफ्फरपुर इकाई को गुप्त सूचना मिली थी कि असम के गुवाहाटी से आने वाली एक यात्री बस के जरिए बिहार में शराब की खेप पहुंचाई जा रही है।

# वर्दी में रील बनाना थानाध्यक्ष को पड़ा महंगा, एसएसपी ने मांगा स्पष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक रील ने मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थानाध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वर्दी में बनाई गई उनकी रील सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में भी चर्चा का विषय बन गई है मामले को गंभीरता से लेते हुए मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने गायघाट थानाध्यक्ष से जवाब-तलब किया है। एसएसपी ने वायरल वीडियो को लेकर उनसे स्पष्टीकरण मांगा है और पूरे मामले की जानकारी देने का निर्देश दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वर्दी में सोशल मीडिया कंटेंट तैयार करने और उसके वायरल होने के बाद विभागीय नियमों के उल्लंघन की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। फिलहाल थानाध्यक्ष से प्राप्त होने वाले स्पष्टीकरण का इंतजार किया जा रहा है। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि स्पष्टीकरण मिलने के बाद मामले की समीक्षा की जाएगी और तथ्यों के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई तय की जाएगी। वायरल वीडियो को लेकर जिले में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं, वहीं पुलिस विभाग इस मामले को अनुशासन और आचरण नियमों के दायरे में जांच रहा है। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।

# घर में घुसकर लाखों की चोरी, जेवर और नकदी लेकर फरार हुए चोर

मुजफ्फरपुर। शहर के भगवानपुर स्थित सुभाष नगर वार्ड-1 में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब 7 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी एवं अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित वीरेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ छोटन ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। दर्ज शिकायत के अनुसार, घटना 4 जून की रात करीब एक बजे से चार बजे के बीच की है। उस समय परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। बताया गया है कि अज्ञात चोर घर के पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद उन्होंने गोदरेज अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण, नकद राशि तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का ताला टूटा हुआ मिला। इसके बाद चोरी की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सदर थाना पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरों की पहचान के लिए संभावित सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, सोमवार, 08 जून 2026

सम्पादकीय

## कंगाली में आटा गीला का सामना करती ममता बनर्जी

(लेखक - मनोज कुमार अग्रवाल)

आपने एक पुरानी कहावत तो जरूर सुनी होगी कंगाली में आटा गीला। यह ममता बनर्जी के साथ बिल्कुल खरी साबित हो रही है एक ओर वह सत्ता से बाहर हो गयीं हैं दूसरे ओर उनके अपने ही उनके खिलाफ मुखर हो गएं हैं।

आपको बता दें पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राजनीतिक और कानूनी परेशानियां मई 2026 में हुए विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद से लगातार बढ़ रही हैं। पार्टी के भीतर बड़ी बगावत और कानूनी मुकदमों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

ममता बनर्जी की बढ़ती परेशानियों की वजह ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस अपने 28 साल के इतिहास के सबसे बड़े आंतरिक संकट से जूझ रही है। पार्टी के 58 विधायकों ने बागी रुख अपनाते हुए निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुन लिया है, जिसे विधानसभा स्पीकर ने मंजूरी भी दे दी है। इसके साथ ही, लगभग 20 से अधिक टीएमसी सांसदों के भी भाजपा के संपर्क में होने की खबरें सामने आ रही हैं।

पार्टी पर पकड़ ढीली होने का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि संकट के बीच ममता बनर्जी द्वारा बुलाई गई हाई-लेवल बैठक में 80 में से केवल 8 विधायक और 41 में से सिर्फ 6 सांसद ही शामिल हुए। ज्यादातर निर्वाचित प्रतिनिधियों ने इस बैठक से दूरी बना ली, जो उनके नेतृत्व को एक सीधा चैलेंज माना जा रहा है।

राजनीतिक मोर्चे के साथ-साथ ममता बनर्जी अब कानूनी पचड़े में भी फंस गई हैं। चुनाव के दौरान दिए गए उनके बयानों और बांग्लादेश में हुई राजनीतिक हत्या के मामले को केंद्र सरकार से जोड़ने को लेकर उनके खिलाफ सिलीगुड़ी और कोलकाता में राजद्रोह और हेट स्पीच की शिकायतें व पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। याचिकाकताओं ने इसे देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है।

सत्ता हाथ से जाने के बाद जमीनी स्तर पर भी भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण भगदड़ मची हुई है। उनके बेहद करीबी माने जाने वाले कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और बिधाननगर की मेयर कृष्णा चक्रवर्ती ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इसके अलावा राज्यभर में 100 से ज्यादा टीएमसी पार्षदों और स्थानीय नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है।

ममता बनर्जी को अपने ही गढ़ भवानीपुर सीट से भाजपा के सुवेंदु अधिकारी के हाथों 15,105 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। राज्य में 15 साल पुराने टीएमसी शासन का अंत हो गया है और सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा की नई सरकार का गठन हो चुका है।

ममता बनर्जी इन सभी विपरीत हालातों के खिलाफ सड़कों से लेकर हाइकोर्ट तक कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ रही हैं।

आपको पता है कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के परिणाम एक माह पूर्व 4 मई को सामने आए थे। इनमें ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को निराशा का मुंह देखना पड़ा था। 294 सीटों वाली इस विधानसभा में उसे 80 सीटें ही मिली थीं। इस तरह 15 वर्ष तक प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं ममता का शासन खत्म हो गया था। ममता ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत कांग्रेस से की थी। लम्बी अवधि तक वह इसके साथ जुड़ी रहीं, परन्तु 28 वर्ष पूर्व 1998 में उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) का गठन किया था और कम्युनिस्ट पार्टियों के तीन दशकों से भी अधिक प्रदेश में चले आ रहे लम्बे शासन को खत्म करने के लिए बड़ी दिलेरी और दृढ़ता से उसका मुकाबला किया था। इस समय लोकसभा में इनके 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं, परन्तु विगत लम्बी अवधि से इस पार्टी के भीतर ममता की तानाशाही और टकराव वाली नीतियों के कारण असंतोष और असहमति चल रही थी, परन्तु उनकी प्रशासन पर सख्त पकड़ और कठोर फैसलों से यह बगावत अंदर-अंदर ही सुलगती रही थी।

ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपने साथ राजनीति में लाकर उसे अधिक शक्तियां दे दी थीं। बनर्जी के काम करने के ढंग-तरीके से भी पार्टी गलियारों में असंतोष था, जिसके संबंध में ममता को लगातार उनकी पार्टी के नेताओं द्वारा अवगत करवाया जाता रहा था परन्तु ममता ने इस बात की ओर ध्यान नहीं दिया। अपनी ताकत के दम पर उन्होंने बड़ी राष्ट्रीय नेता होने का भ्रम भी पाल लिया था, जिस कारण राष्ट्रीय स्तर पर दर्जनों ही पार्टियों द्वारा बनाए गए इंडिया गठबंधन की वह सदस्य जरूर बनी रही थीं, परन्तु इसमें शामिल अलग-अलग पार्टियों के सभी नेताओं से ऊंचा कद होने का भ्रम उन्होंने पाल रखा था।

## आज शान्ति और संयम से काम लेने की जरुरत

(लेखक - संजय गोस्वामी)

श्री राम की मयार्दा उनके कर्म ही आपको मानवता का संदेश देती है भगवान राम राजा बनने वाले थे और 14 साल का वनवास मिल गया आज थोड़ा सा दुःख हुआ नहीं की सिस्टम और सरकार का दोष, यह लोकतान्त्रिक देश 140 करोड़ लोगों का भारत है जब ठीक नहीं लग रहा बाद में चुनाव में हरा देना बहुत ज्यादा बुराई लिखने कॉकरोच पार्टी बनाने से दूसरे देश में ऐ खबर मजाक बन जाती है इसलिए कठिन परिस्थिति में संयम और शान्ति से काम लें राम ने भगवान शिव का त्रिपुरासुर धनुष उठाया था। यहाँ तक कि देवताओं, राक्षसों और नागों की पूरी सभा भी उसे नहीं उठा पाई थी। राम ने विष्णु का शारंग धनुष भी उठाया और तीनों लोकों (ब्रह्मांड) को हिला दिया। उन्होंने धुंधुभी नाम के एक राक्षस के शव को, जो कैलाश पर्वत से भी ऊँचा था, बस एक झटके में 10 योजन दूर फेंक दिया। राम ने एक ही बाण से पृथ्वी की सात परतों को भेद दिया। एक ही साधारण बाण से पूरे समुद्र को सुखा दिया। राम ने रावण पर अचूक ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया, जिसका वजन मेरु और मंदार पर्वतों जितना था। राम कितने शक्तिशाली हैं? वे समस्त शक्ति के स्रोत हैं! वे नारायण का ही एक रूप हैं! उनकी शक्तियों की कोई सीमा नहीं है। [वाल्मीकि रामायण 5-51-45] में कहा गया है कि जिसे राम मारने का निश्चय कर लें, उसे ब्रह्मा और शिव भी नहीं बचा सकते। चाहे चार मुख वाले स्वयंभू देवता ब्रह्मा हों, या तीन आँखों वाले रुद्र (जिन्होंने त्रिपुरा–माया द्वारा राक्षसों के लिए आकाश, वायु और पृथ्वी में सोने, चाँदी और लोहे से बनाए गए नगर–को जलाया था), या फिर वातावरण और आकाश के देवता तथा देवताओं के स्वामी महेंद्र हों; इनमें से कोई भी उस व्यक्ति को नहीं बचा सकता, जिसे राम युद्ध में मारने का निश्चय कर लें। वाल्मीकि रामायण 117 में कहा गया है कि वे स्वयं ही सत्य हैं और ऐसा कोई नहीं है जो उनकी बराबरी कर सके। शौर्य में राम विष्णु के समान हैं, और अपनी सुंदरता में वे चंद्रमा की तरह आकर्षक हैं; क्षमाशीलता में वे पृथ्वी के तुल्य हैं, लेकिन अपने क्रोध में वे प्रलयकारी अग्नि के समान हैं... और उदारता में वे धन के देवता कुबेर के समान हैं, तथा अपनी सत्यनिष्ठा में वे साक्षात धर्म के समान हैं–सत्य का ही मूर्त रूप–जिनका कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं है। वाल्मीकि रामायण के अरण्य कांड में कहा गया है कि यदि समस्त देवता और तीनों लोकों की समस्त सेनाएँ भी एक साथ आ जाएँ, तो भी वे श्री राम की शक्ति के सामने कुछ भी नहीं हैं। हे वैदेही! तुम्हारे पति को सर्प, असुर, गंधर्व, देवता, पिशाच या राक्षस–कोई भी पराजित नहीं कर सकता; इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। हे शुभलक्षणा! देवताओं, मनुष्यों, गंधर्वों, पक्षियों, राक्षसों, किन्नरों, पशुओं, अथवा हे देवी, यहाँ तक कि अत्यंत भयानक राक्षसों में भी ऐसा कोई योद्धा नहीं है जो युद्ध में राम का सामना कर सके; क्योंकि किसी भी युद्ध में राम की शक्ति इंद्र के तुल्य होती है। इस प्रकार की बातें करना तुम्हारे लिए अनुचित है, क्योंकि युद्ध में राम को पराजित करना असंभव है; और जहाँ तक मेरी बात है, मैं राघव (राम) की अनुपस्थिति में तुम्हें इस घने वन में अकेला छोड़ने का साहस कदापि नहीं कर सकता। चाहे समस्त शक्तिशाली सम्राट अपनी संपूर्ण सेनाओं के साथ आ जाएँ, अथवा समस्त देवता अपने प्रमुखों के साथ एकत्रित हो जाएँ–अरे, उनकी तो बात ही क्या–यदि तीनों लोक भी एक साथ मिलकर, चाहे सामूहिक रूप से या अलग-अलग, विद्रोह करते हुए आ जाएँ, तो भी राम के पराक्रम को कोई रोक नहीं सकता। वाल्मीकि रामायण (1165) में कहा गया है कि उन्होंने राक्षस दुंदुभि के मृत शरीर को अपने पैर के अंगूठे से मात्र स्पर्श करके ही दस योजन दूर तक उछाल दिया था! (एक योजन लगभग 13 किलोमीटर के बराबर होता है, अतः दस योजन का अर्थ हुआ 1300 किलोमीटर!) विशाल भुजाओं वाले और अत्यंत शक्तिशाली राम ने जब दुंदुभि की अस्थियों को देखा।

# अन्नामलाई की नई पार्टी इधु नम्मा इयक्कम के राजनीतिक मायने

तमिलनाडु की राजनीति एक बार फिर बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। तमिलनाडु इस समय बडे ऊहापोह की स्थिति से गुजर रहा है। भाजपा के प्रदेश पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने भाजपा से इस्तीफा देकर एक नए राजनीतिक आंदोलन की शुरुआत की है, जिसे विभिन्न रिपोर्टों में वी द लीडर्स तथा तमिल पहचान आधारित नए जनआंदोलन के रूप में प्रस्तुत किया





**सौरभ वार्ष्णेय**
**लेखक**

भाजपा प्रदेश पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने भाजपा से इस्तीफा देकर एक नए राजनीतिक आंदोलन की शुरूआत की है यानी अपनी नई पार्टी का शुरूआज कर दी है जिसका नाम उन्होंने इधु नम्मा इयक्कम रखा है जिसका शाब्दिक अर्थ है यह हमारा आंदोलन है या यह हमारा जन-आंदोलन है । तमिलनाडु की राजनीति एक बार फिर बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है।

तमिलनाडु इस समय बडे ऊहापोह की स्थिति से गुजर रहा है। भाजपा के प्रदेश पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने भाजपा से इस्तीफा देकर एक नए राजनीतिक आंदोलन की शुरूआत की है, जिसे विभिन्न रिपोर्टों में वी द लीडर्स तथा तमिल पहचान आधारित नए जनआंदोलन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। अन्नामलाई ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि यह आंदोलन आगे चलकर एक पूर्ण राजनीतिक दल का रूप ले सकता है और भविष्य के विधानसभा चुनावों में भागीदारी करेगा।

अन्नामलाई पिछले कुछ वर्षों में तमिलनाडु में भाजपा का सबसे चर्चित चेहरा बनकर उभरे थे। पूर्व आईपीएस अधिकारी होने के कारण उनकी छवि एक ईमानदार, आक्रामक और जमीनी नेता की रही है। भाजपा छोड़कर अलग राजनीतिक राह चुनना केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति में एक नए विकल्प की तलाश का संकेत माना जा रहा है। उनका दावा है कि तमिलनाडु को वंशवाद, व्यक्तिपूजा और पारंपरिक राजनीतिक ध्रुवीकरण से बाहर निकालने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से उन्होंने नए आंदोलन की शुरूआत की है।

के अन्नामलाई के इस्तीफे के बाद तमिलनाडु भाजपा में कई नेताओं के त्यागपत्र सामने आए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि उनके पास व्यक्तिगत समर्थन का एक मजबूत आधार मौजूद है। यदि यह समर्थन संगठित राजनीतिक शक्ति में बदलता है, तो भाजपा को राज्य में अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ सकते हैं।हालांकि भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत संगठन है, फिर भी तमिलनाडु जैसे राज्य में करिश्माई क्षेत्रीय नेतृत्व का अलग महत्व होता है। अन्नामलाई का बाहर जाना पार्टी के लिए राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक दोनों दृष्टि से चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है।

तमिलनाडु की राजनीति लंबे समय से द्रविड़ मुनेत्र कडगम और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कडगम के इर्द-गिर्द घूमती रही है। हाल के वर्षों में अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम ने भी नई राजनीतिक संभावनाओं को जन्म दिया है। ऐसे में अन्नामलाई का नया मंच राज्य में तीसरे या चौथे विकल्प के रूप में उभरने की कोशिश करेगा। लेकिन केवल लोकप्रियता से राजनीतिक सफलता नहीं मिलती। मजबूत संगठन, वित्तीय संसाधन, स्थानीय नेतृत्व और स्पष्ट वैचारिक दिशा किसी भी नई पार्टी की सफलता के लिए आवश्यक हैं। अन्नामलाई को इन सभी मोर्चों पर स्वयं को साबित करना होगा।

के अन्नामलाई के सामने सबसे बाड़ा अवसर युवाओं, पेशेवरों और पारंपरिक राजनीति से निराश मतदाताओं को जोड[illegible] का है। यदि वे अपने आंदोलन को केवल व्यक्तित्व-आधारित मंच न बनाकर वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति में बदल पाते हैं, तो तमिलनाडु की राजनीति में नया समीकरण बन सकता है।दूसरी ओर चुनौती यह है कि तमिलनाडु में क्षेत्रीय दलों की जड़ें बेहद मजबूत हैं। नए राजनीतिक दलों को अक्सर शुरूआती उत्साह तो मिलता है, लेकिन उसे वोटों और सीटों में बदलना कठिन साबित होता है।

के अन्नामलाई का नया आंदोलन केवल एक नेता के दल-बदल की घटना नहीं है, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति में नए प्रयोग का प्रयास है। यदि यह आंदोलन जनता की आकांक्षाओं, सुशासन और क्षेत्रीय स्वाभिमान को प्रभावी ढंग से जोड़ पाता है, तो आने वाले वर्षों में राज्य की राजनीति का महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन सकता है। फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह पहल सत्ता परिवर्तन का माध्यम बनेगी या नहीं, लेकिन इतना निश्चित है कि अन्नामलाई ने तमिलनाडु की राजनीति में नई बहस और नई संभावनाओं का द्वार खोल दिया है।

के अन्नामलाई ने पिछले कुछ वर्षों में तमिल राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है। एक पूर्व आईपीएस अधिकारी के रूप में राजनीति में आने के बाद उन्होंने खुद को पारंपरिक द्रविड़ राजनीति के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया। तमिल राजनीति में उनके प्रमुख योगदान हैं जिन्हें ऐसे समझ सकते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा लंबे समय तक सीमित प्रभाव वाली पार्टी रही, लेकिन अन्नामलाई के नेतृत्व में पार्टी की दृश्यता और

# कॉकरोच का जंतर मंतर में प्रदर्शन अरुण जेटली और सीजेआई संयोग?

कुछ समय पहले मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत जी ने बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच की पहचान से नवाजा था। इसके विरोध में सारे युवा एकजुट हो रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार शिक्षा, रोजगार, नौकरी और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दे पा रही है। स्नातक और पर परास्नातक की डिग्री लेने के बाद भी युवा बेरोजगार होकर यहां से वहां घूम रहे हैं



**सनत जैन**
**लेखक**






संसद में जब विपक्षी दल सरकार पर नोटबंदी को लेकर विरोध जता रहे थे उस समय पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने कहा था जनता को यदि परेशानी होती तो वह सड़कों पर होती। जनता को नोटबंदी से कोई परेशानी नहीं है, विपक्षियों को नुकसान हुआ है इसलिए वह विरोध जता रहे हैं। कुछ समय पहले मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत जी ने बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच की पहचान से नवाजा था। इसके विरोध में सारे युवा एकजुट हो रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार शिक्षा, रोजगार, नौकरी और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दे पा रही है। स्नातक और पर परास्नातक की डिग्री लेने के बाद भी युवा बेरोजगार होकर यहां से वहां घूम रहे हैं। नीट जैसी परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। हर परीक्षा में धांधली हो रही है। ऐसी स्थिति में युवाओं के बारे में जो टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने की उसने युवा कॉकरोच को सड़कों पर लाकर खड़ा कर दिया है। रही सही कसर नीट परीक्षा का पेपर लीक होना तथा सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में जिस तरह की गड़बड़ी हुई है उसमें जो भ्रष्टाचार हुआ है उसको लेकर लाखों छात्र और उनके परिवारजन सड़कों पर आने के लिए विवश हुए हैं। 6 जून काकरोचों के लिए एक ऐतिहासिक दिन साबित होने जा रहा है। जब अमेरिका से आकर दीपक अभीजीते के नेतृत्व में हजारों लोगों की भीड़ जंतर मंतर पर पहुंच गई। यह भीड़ अपनी लड़ाई अब स्वंय लड़ने के लिए देश भर में इकट्ठी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से सरकार असंवेदनशील होती चली जा रही है। जन आंदोलनो को सख्ती के साथ दबाया जा रहा है। किसान आंदोलन से लेकर अभी तक जितने भी आंदोलन हुए हैं, सरकार ने आंदोलनो को दबाने के लिए पुलिस का सहारा समय-समय पर लिया है। लाठी चार्ज, वाटर कैनिंग, आंसू गैस के गोले इत्यादि का प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ दिया जाता है, लेकिन उनके द्वारा जिन समस्याओं को लेकर आंदोलन किए जा रहे थे उन पर केंद्र एवं राज्य सरकारें कोई निर्णय नहीं लेती हैं।

अब पानी सर के ऊपर से गुजर चुका है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बाजारवाद, कर्ज ऐसे मामले हो गए हैं जिनसे सबसे ज्यादा परेशान युवा वर्ग है। पढ़ाई करने के बाद भी उसे कोई रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है। जो प्रतियोगी अथवा चयन के लिए परीक्षाएं हो रही हैं उन सब में पेपर लीक हो रहे हैं। पिछले दरवाजे से नौकरियां दी जा रही हैं। सारी व्यवस्था सत्ता में बैठे हुए लोगों के हाथ में केंद्रित हो गई है। करोड़ों युवा यहां से वहाँ भाग रहे हैं। ना तो उन्हें कोई काम मिल रहा है ना सरकारी नौकरी मिल रही है और ना ही संविदा नौकरी ही मिल रही है, उल्टे हर परीक्षा के नाम पर बेरोजगारों को लूटा जा रहा है। इससे अब युवा वर्ग नाराज होकर सड़कों पर आ गया है। शासन-प्रशासन और न्यायालय से वह पूरी तरह से निराश हो चुका है। शासन-प्रशासन और न्यायालय, सरकार और पूंजीपतियों के दबाव में काम कर रही हैं, जिसके कारण युवा वर्ग इस समय आक्रोशित है। रही सही कसर चुनाव आयोग ने पूरी कर दी। एसआईआर को लेकर जिस तरह से युवा मतदाताओं को परेशान और प्रताड़ित किया जा रहा है, उन्हें अब यह भी शक होने लगा है कि वह भारत के नागरिक हैं या नहीं। ऐसी स्थिति में अब उसका सड़कों पर उतरना तथा अपने जीवन की आर-पार की लड़ाई लड़ने का जैसे उसे एक लक्ष्य मिल गया है। युवा जिस तरह से आक्रोशित हैं उनका आक्रोश जायज है। जब वह परिवार में जाते हैं तो मां-बाप और परिवारजन उनकी बेरोजगारी को लेकर ताना कसते हैं। 30-35 साल की उम्र हो जाने के बाद भी उनकी शादी नहीं हो पा रही है। शादी नहीं होने का कारण बेरोजगारी है। सरकारी पद करोड़ों की संख्या में खाली पड़े हुए हैं। लोग सेवानिवृत होते जा रहे हैं। सरकारी पदों पर लगातार कटौती की जा रही है। कानून बदल दिए गए हैं। अब ठेके पर संविदा नौकरी दी जा रही है उसमें अधिकतम 12000 से [illegible]20000 तक मिल रहे हैं। यह नौकरी कभी भी छूट जाती है, जिसके कारण लड़के और लड़कियां शादी के बंधन में बंधना नहीं चाहते हैं। जब इतनी सारी समस्या हो तब केंद्र सरकार, राज्य सरकार और सुप्रीम कोर्ट जैसे सबसे ऊंचे पद पर बैठे हुए लोग युवाओं की अनदेखी करें ऐसी स्थिति में युवाओं को सड़कों पर उतरने के अलावा कोई चारा भी नहीं है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना होगा। ऐसा क्यों हो रहा है, भारत सबसे बड़ा युवा आबादी वाला देश है।

चीन जैसा देश जो कभी आबादी में सबसे बड़ा होता था उसने पिछले 30 वर्षों में जो विकास किया है उसने सारी दुनिया को चौंका दिया है। आज चीन निर्माण, रिसर्च और तकनीकी के क्षेत्र में सबसे आगे है और वह एक महाशक्ति बनने की कगार पर आकर खड़ा हो गया है। जिस तरह से चीन अमेरिका और रूस के मुकाबले आर्थिक और सामरिक संसाधनों से युक्त होते हुए उनके सामने खड़ा है। यह चीन की बड़ी सफलता है, लेकिन

# बिहार के उदभव और विकास का गौरवशाली इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत : एक विवेचन

## डा0 सच्चिदानंद ने बिहार को क्या दिया और क्या पाया ?



**रवीन्द्र कुमार रतन**

सोने की अंगूठी में जड़े हीरे के नग की भाँति बिहार, भारत का एक अनमोल राज्य है। भारत की सांस्कृतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक पहचान में बिहार की भूमिका के बिना भारतीय इतिहास अधूरा प्रतीत होता है।

वर्तमान बिहार, 22 मार्च 1912 को अस्तित्व में आया। इसके निर्माण में महान राष्ट्रवादी नेता सच्चिदानन्द सिन्हा के त्याग, संघर्ष और दूरदृष्टि का अत्यंत महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। इसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को बिहार दिवस मनाया जाता है। यह पर्व केवल एक राज्य के गठन का नहीं, बल्कि बिहारियों के आत्मसम्मान, अस्मिता और गौरव का उत्सव है।बिहार दिवस का उत्सव सारे बिहारियों को मनाना चाहिए,

गौरवशाली बिहार का चतुर्दिक ज्ञान सबको होना चाहिए।

यह वही बिहार है, जहाँ की भूमि ने भारत ही नहीं, सम्पूर्ण विश्व को नई दिशा दी है। भारत की सभ्यता- यात्रा में जिस भू-भाग ने बार-बार मानवता को मार्ग दिखाया, वह है बिहार।यह केवल एक राज्य नहीं, बल्कि ज्ञान, करुणा, लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक सहिष्णुता की सुदीर्घ परंपरा का प्रतीक है।बिहार की ऐतिहासिक पहचान का केंद्र प्राचीन मगध रहा है, जिसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी।यही नगर आगे चलकर भारत के सर्वाधिक शक्तिशाली साम्राज्यों की आधार भूमि बना। मगध की भूमि ने प्रशासन, राजनीति और संगठन की ऐसी परंपरा विकसित की, जिसने सम्पूर्ण भारत को एकता के सूत्र में बाँधने का मार्ग प्रशस्त किया।चंद्रगुप्त मौर्य ने यहीं से एक सशक्त और संगठित साम्राज्य की नींव रखी। उनके गुरु और मार्गदर्शक चाणक्य जैसे अद्वितीय विद्वान ने राजनीति, और कूटनीति को सुदृढ़ वैचारिक आधार प्रदान किया।

इसी परंपरा में विश्वविख्यात महान सम्राट अशोक का उदय हुआ।

कलिंग युद्ध के पश्चात उन्होंने हिंसा का मार्ग त्यागकर धम्म, करुणा और मानवता का मार्ग अपनाया। उनके शिलालेख आजभी नैतिकता, सह-अस्तित्व और मानव-कल्याण का संदेश देते हैं।बिहार ने मानवता और नैतिकता का संदेश विश्व के कोने-कोने तक पहुँचाया।यही भूमि जैन और बौद्ध परंपराओं की जन्मस्थली बनी।

गया के निकट बोधगया में बोधिवृक्ष के नीचे गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया और संसार को दुःख से मुक्ति का मार्ग दिखाया। उनका संदेश केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, करुणा, विवेक और मध्यम मार्ग पर आधारित था।इसी प्रकार वैशाली क्षेत्र से जुड़े महान तपस्वी महावीर स्वामी ने अहिंसा, सत्य, संयम और अपरिग्रह का उपदेश दिया। इस प्रकार बिहार जैन-बौद्ध परंपराओं का वैश्विक केंद्र बन गया।लोकतांत्रिक चेतना के क्षेत्र में भी बिहार का स्थान अत्यंत गौरवपूर्ण है। प्राचीन काल में वैशाली को विश्व के प्रारंभिक गणराज्यों में गिना जाता है, जहाँ सामूहिक निर्णय प्रणाली और जन भागीदारी की परंपरा विकसित हुई।

ज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में बिहार की कीर्ति सम्पूर्ण एशिया में फैली हुई थी। प्राचीन विश्व-प्रसिद्ध शिक्षण केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय उस युग का अंतर राष्ट्रीय ज्ञान-केंद्र था। यहाँ चीन, तिब्बत, कोरिया, जापान, श्रीलंका तथा मध्य एशिया से विद्यार्थी अध्ययन करने आते थे।

दर्शन, तर्कशास्त्र, चिकित्सा, गणित, व्याकरण और खगोल विज्ञान जैसे विषयों में यहाँ उच्चस्तरीय अध्ययन होता था।इसी परंपरा को आगे बढ़ाने वाला महान शिक्षण संस्थान विक्रमशिला विश्वविद्यालय भी बिहार की ही भूमि पर स्थापित हुआ। इन विश्वविद्यालयों ने बिहार को प्राचीन विश्व की बौद्धिक राजधानी के रूप में प्रतिष्ठित किया।गणित और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में महान विद्वान आर्यभट का योगदान मानव सभ्यता के लिए अमूल्य है।मध्यकाल में भी बिहार की ऐतिहासिक भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही। प्रशासनिक सुधारों और सुशासन के लिए प्रसिद्ध शेर शाह सूरी ने सड़क निर्माण, डाक व्यवस्था, भूमिराजस्व प्रणाली तथा न्याय व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया।सिख परंपरा में भी बिहार का विशेष स्थान है। पटना स्थित पवित्र तीर्थ तख्त श्री पटना साहिब दसवें सिख गुरु गुरु गोबिंद सिंह की जन्मस्थली है।बिहार की सांस्कृतिक विरासत उसके लोकजीवन में सजीव रूप से विद्यमान है। भोजपुरी, मैथिली, मगही और बज्जिका जैसी भाषाएँ लोकगीतों, लोककथाओं और सामाजिक संस्कारों को जीवंत बनाए रखती हैं।छठ महापर्व प्रकृति, सूर्य, जल और जीवन के प्रति कृतज्ञता का अद्भुत उदाहरण है।बिहार की कला-परंपरा भी अत्यंत समृद्ध है। मधुबनी चित्रकला जैसी लोककलाएँ आज विश्व-पटल पर बिहार की पहचान बन चुकी हैं।स्वतंत्रता संग्राम और आधुनिक भारत के निर्माण में भी बिहार की भूमिका अत्यंत गौरवपूर्ण रही है।

# डीएम का सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल में औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश

■ **एमएनसीयू को 247 चालू करने, स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने और मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर**

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने शनिवार देर संध्या अनुमंडलीय अस्पताल, सोनपुर का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, संसाधनों, स्वच्छता व्यवस्था तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में स्थित सार्वजनिक शुलभ शौचालय बंद पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल उसे चालू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई को भी असंतोषजनक बताते हुए नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जीविका समूह अथवा नगर परिषद के माध्यम से स्थायी व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया। साथ ही चिकित्सकों के लिए अलग शौचालय तथा अस्पताल भवन की रंगाई-पुताई कराने को कहा। मदर एंड न्यूबॉर्न केयर यूनिट के निरीक्षण में यह सामने आया कि पर्याप्त संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद जीएनएम एवं नर्सिंग स्टाफ की कमी के कारण यूनिट पूरी तरह संचालित नहीं हो पा रही है। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन और जिला कार्यक्रम प्रबंधक को योग्य नर्सिंग कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित कर एमएनसीयू को 247 चालू करने का निर्देश दिया। साथ ही उपलब्ध तीन शिशु रोग विशेषज्ञों की रोस्टर आधारित ड्यूटी लगाकर इकाई को प्रभावी रूप से संचालित करने को कहा। मातृ शिशु सदन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एनेस्थीसिया विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पर्याप्त सुरक्षा गार्ड तैनात करने, खराब एयर कंडीशनरों की मरम्मत कराने तथा पेयजल व्यवस्था मजबूत करने हेतु नए वाटर टैंक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रसव के समय विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ को अस्पताल में उपलब्ध सभी चिकित्सा एवं गैर-चिकित्सा उपकरणों का फंक्शनैलिटी ऑडिट कराने का निर्देश दिया, ताकि संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके। ओपीडी में मरीजों की सुविधा के लिए एयर कंडीशनर लगाने तथा आवश्यक संसाधनों की सूची तैयार कर बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड को भेजने का भी निर्देश दिया गया। दवाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आवश्यक दवाएं हर हाल में मरीजों को उपलब्ध होनी चाहिए। यदि किसी दवा की आपूर्ति बाधित हो तो नियमानुसार बाजार से खरीद कर मरीजों को उपलब्ध कराया जाए।

अल्ट्रासाउंड सेवा की समीक्षा में कम मरीजों द्वारा लाभ उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षित चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर अधिकाधिक मरीजों को सुविधा देने का निर्देश दिया। वहीं अस्पताल में पदस्थापित 17 चिकित्सकों के कार्य विभाजन की समीक्षा करते हुए उन्होंने नई रोस्टर व्यवस्था लागू करने को कहा, ताकि प्रत्येक शिफ्ट में पर्याप्त चिकित्सकों की उपस्थिति बनी रहे। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान दिए गए सभी निर्देशों का प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित कर शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए।

# विश्व साइकिलिंग दिवस पर भव्य साइकिल रैली का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा (सारण)। विश्व साइकिलिंग दिवस के अवसर पर स्थानीय राजेंद्र स्टेडियम से एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन जिला प्रशासन एवं साइकिलिंग एसोसिएशन, सारण के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा युवाओं को खेल एवं फिटनेस के प्रति प्रेरित करना था। रैली का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी मोहम्मद शमीम अंसारी, साइकिलिंग एसोसिएशन सारण के उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, संयुक्त सचिव अभिषेक कुमार, कोषाध्यक्ष ऋषिकेश कुमार एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा स्वयं साइकिल चलाकर किया गया। इस अवसर पर शहर के युवाओं और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

कार्यक्रम के दौरान साइकिलिंग एसोसिएशन सारण द्वारा जिले में आगामी साइकिलिंग प्रतियोगिता के आयोजन की भी आधिकारिक घोषणा की गई। अपने संबोधन में साइकिलिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि साइकिलिंग फिटनेस का एक प्रभावी और सुलभ माध्यम है तथा जिले में इस खेल को व्यापक स्तर पर विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

अभिषेक कुमार (संयुक्त सचिव, साइकिलिंग एसोसिएशन) ने कहा, ह्लसाइकिलिंग केवल एक खेल नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली की ओर बढ़ने का एक सशक्त माध्यम है। विश्व साइकिलिंग दिवस जैसे आयोजन युवाओं में खेल भावना विकसित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देते हैं। आने वाले दिनों में जिले में साइकिलिंग गतिविधियों को और गति दी जाएगी। जिला खेल पदाधिकारी मोहम्मद शमीम अंसारी ने कहा कि साइकिलिंग एक ऐसा खेल है जो स्वास्थ्य, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण तीनों को एक साथ बढ़ावा देता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए साइकिलिंग एसोसिएशन सारण एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं, सैनिक ज्ञान स्थली के निदेशक एवं भूतपूर्व सैनिक शैलेंद्र पूरी ने बच्चों एवं युवाओं से अपने दैनिक जीवन में साइकिलिंग को शामिल करने तथा खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमित साइकिलिंग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।शहर के जाने-माने एवम चर्चित व्यक्ति आनंद वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि साइकिलिंग स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी सवारी है साइकिल से स्वास्थ्य तो ठीक होता ही है साथ में पैसों की भी बचत होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित कुमार, नेहा कुमारी, ऋषिकेश कुमार, अरविंद सिंह, विकास सर, रंजन जी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। साइकिलिंग एसोसिएशन सारण के अध्यक्ष डॉ. देव कुमार सिंह का इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष मार्गदर्शन, सहयोग एवं प्रेरणा प्राप्त हुई। आयोजन समिति ने उनके प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। यह साइकिल रैली जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा स्वस्थ एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली के प्रति जनजागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे ट्रैक पर फंसा ईंट लदा ट्रैक्टर, आधे घंटे तक रेल परिचालन प्रभावित

रिविलगंज। पूर्वोत्तर रेलवे के छपराझबलिया रेलखंड स्थित गौतम स्थान रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे फाटक संख्या 60-सी पर रविवार को एक ईंट लदा ट्रैक्टर रेलवे ट्रैक पर फंस गया। ट्रैक्टर का धुरा टूट जाने से अप और डाउन दोनों रेल लाइनें बाधित हो गईं, जिससे लगभग आधे घंटे तक रेल परिचालन प्रभावित रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ईंट लदा ट्रैक्टर रेलवे फाटक पार कर रहा था। इसी दौरान उसका धुरा अचानक टूट गया और ट्रैक्टर रेलवे ट्रैक पर ही फंस गया। इसके कारण दोनों दिशाओं की रेल आवाजाही रुक गई। घटना के चलते छपरा से आने वाली पाटलिपुत्र एक्सप्रेस तथा डाउन दिशा की एक पैसेंजर ट्रेन लगभग आधे घंटे तक प्रभावित रहीं। घटना की सूचना केबिनमैन द्वारा तत्काल स्टेशन मास्टर को दी गई। सूचना मिलते ही रेलवे कर्मी और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद जेसीबी और लोडर की मदद से खराब ट्रैक्टर को ट्रैक से हटाया गया।

### बाजार गई युवती हुई गायब, जांच में जुटी पुलिस

दरियापुर। डेरनी थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी को उसकी के पड़ोस के युवक द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने का समाचार प्राप्त हुआ है।इस संबंध में किशोरी की मां ने डेरनी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में उसने कहा है कि उसकी पुत्री पिरारी बाजार सामान खरीदने गई थी।जब शाम तक अपने घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। लेकिन कोई पता नहीं चल सका।इसके बाद पुलिस को सूचना दी।किशोरी की मां ने कहा है कि उसकी पुत्री के साथ उक्त युवक अनहोनी की घटना कर सकता है।उसने पुलिस से पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

### अमनौर के शहादी गांव में युवक की संदिग्ध मौत

अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के अमनौर कल्याण पंचायत स्थित शहादी गांव निवासी 35 वर्षीय सुदामा राम की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक सुदर्शन राम के पुत्र थे। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार सुदामा राम शनिवार देर शाम नरसिभानपुर नहर के समीप अचेत अवस्था में पड़े मिले। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया।

# नए डिग्री कॉलेजों में उर्दू की अनदेखी पर उर्दू समाज में रोष

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। बिहार सरकार द्वारा राज्य के विभिन्न प्रखंडों में हाल ही में स्थापित 208 डिग्री कॉलेजों में उर्दू विषय को शामिल नहीं किए जाने पर उर्दू भाषी समाज, शिक्षाविदों एवं बुद्धिजीवियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस मुद्दे को लेकर सर्किट हाउस में उर्दू भाषा से जुड़े विद्वानों, शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष नजमुल होदा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए नजमुल होदा ने कहा कि बिहार में उर्दू को दूसरी राजभाषा का संवैधानिक दर्जा प्राप्त है, इसके बावजूद नए डिग्री कॉलेजों में शिक्षण के लिए स्वीकृत 16 विषयों में उर्दू को शामिल नहीं किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और उर्दू भाषी समाज के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि उर्दू केवल एक भाषा नहीं, बल्कि बिहार की साझा संस्कृति, तहजीब और शैक्षणिक विरासत की पहचान है। ऐसे में उर्दू की उपेक्षा लाखों विद्यार्थियों एवं उर्दू प्रेमियों की भावनाओं को आहत करने वाली है।

उन्होंने कहा कि राज्य के हजारों छात्र-छात्राएं उर्दू विषय से उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, लेकिन सरकार के इस निर्णय से उनके शैक्षणिक भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बिहार सरकार से तत्काल इस फैसले पर पुनर्विचार करने और उर्दू को भी शिक्षण विषयों की सूची में शामिल करने की मांग की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा फिलहाल 16 विषयों में पढ़ाई की अनुमति दी गई है, लेकिन उर्दू जैसे महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक विषय को बाहर रखना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। वक्ताओं ने कहा कि उर्दू को 17वें विषय के रूप में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि भाषाई समानता और सामाजिक न्याय की भावना मजबूत हो सके।प्रोग्राम को संबोधित करते हुए सैयद मोहम्मद समीउज जमा ने कहा कि इस मुद्दे पर एक विस्तृत ज्ञापन तैयार किया गया है, जिसे बिहार सरकार एवं राज्यपाल को भेजा जाएगा। ज्ञापन में मांग की जाएगी कि उर्दू को नए डिग्री कॉलेजों के पाठ्यक्रम में शामिल कर उर्दू भाषी छात्रों के हितों की रक्षा की जाए। बैठक में डॉ. एसएम मुश्ताक, डॉ. एहतेशाम अहमद, मतीन आलम सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उर्दू विषय की अनदेखी पर गहरी चिंता जताई। वक्ताओं ने कहा कि उर्दू को शिक्षा व्यवस्था से दूर रखना न केवल भाषा के विकास को प्रभावित करेगा, बल्कि यह सामाजिक समावेशिता की भावना के भी विपरीत है। इस अवसर पर वसीम अकरम, इरफान अहमद, फैजान आलम, इकराम खान, एमएम हसन, मुहम्मद अजहर, अशरफ अली सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं उर्दू प्रेमी उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से सरकार से उर्दू को मान्यता देने और नए कॉलेजों में इसकी पढ़ाई शुरू कराने की मांग की गई।

# एसडीएस फीडर में 06 घंटे बिजली गुल, उपभोक्ता परेशान

■ **विद्युत विभाग बोला- 33 रुपए में खरीदकर 3 रुपए में दे रहे बिजली**

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। भारी गर्मी के बीच एसडीएस फीडर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को शनिवार-रविवार की रात करीब 6 घंटे बिजली कटौती झेलनी पड़ी। रात 8 बजे से सुबह 8 बजे से पहले तक आशिक आपूर्ति रही। सबसे ज्यादा समस्या रात 10:30 बजे से रात्रि 2 बजे तक हुई, जब हर आधे घंटे पर ट्रिपिंग की शिकायतें आती रहीं। शुक्रवार को ही तेलपा स्थित विद्युत कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में क्षेत्र के उपभोक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मिला था। प्रतिनिधिमंडल में विश्वनाथ सिंह, जयशंकर प्रसाद और स्थानीय पार्षद संतोष कुमार उर्फ मंटू जी शामिल थे। मौके पर उपस्थित सहायक विद्युत अभियंता के साथ कार्यपालक अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि बिहार में उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने के लिए बिजली कंपनी 33 रुपए प्रति यूनिट तक की उच्च दर पर बिजली खरीद रही है। इसके बाद भी उपभोक्ताओं को करीब 3 रुपए की अनुदानित दर पर बिजली मुहैया कराई जा रही है। फ्यूज कॉल सेंटर के 24 घंटे काम न करने और फोन न उठने के सवाल पर अभियंताओं ने स्वीकार किया कि कर्मचारियों की कमी है, फिर भी व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। लेकिन अभियंताओं के आश्वासन के अगले ही दिन शाम में बूंदाबांदी के बाद बिजली आपूर्ति फिर चरमरा गई। लगातार ट्रिपिंग और लंबी कटौती से गर्मी में उपभोक्ता काफी परेशान नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही कटौती और फ्यूज कॉल की लचर व्यवस्था से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं ने फिर से विद्युत विभाग से फीडर की नियमित आपूर्ति बहाल करने की मांग की है

# नगरपालिका चुनाव के लिए सारण पहुंची अत्याधुनिक मल्टीपोस्ट ईवीएम

■ **एक ही कंट्रोल यूनिट से होंगे कई पदों के चुनाव, समय और खर्च दोनों में होगी बचत**

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। बिहार नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की तैयारियों के तहत राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अत्याधुनिक र3 मल्टीपोस्ट ईवीएम शनिवार देर रात सारण जिला पहुंची। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इन ईवीएम को छपरा सदर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर के वेयरहाउस में सुरक्षित भंडारित किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक विनित कुमार ने वेयरहाउस पहुंचकर सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को सभी मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी आवश्यक दस्तावेजों के संधारण के बाद ईवीएम वेयरहाउस को सीलबंद कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सारण जिले को ईसीआईएल द्वारा निर्मित 500 कंट्रोल यूनिट एवं 1500 बैलेट यूनिट उपलब्ध कराए गए हैं। इन ईवीएम को दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की निगरानी में छपरा लाया गया। जिलाधिकारी ने ईवीएम सुरक्षा व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आयोग को समय पर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने तैनात सुरक्षा कर्मियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने को कहा।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि आगामी उत्क्रमित नगर परिषद सोनपुर के तीनों पदों के चुनाव तथा नगर पंचायतों के छह पदों के चुनाव इसी मल्टीपोस्ट ईवीएम से कराए जाएंगे। इस नई तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि एक ही कंट्रोल यूनिट से कई पदों के लिए मतदान कराया जा सकेगा। यह ईवीएम अधिकतम आठ पदों के चुनाव एक साथ संपन्न कराने में सक्षम है।

एस 3 मॉडल की ईवीएम में सिक्योर्ड मेमोरी मॉड्यूल की सुविधा दी गई है, जिसमें सभी प्रत्याशियों का डेटा सुरक्षित रहेगा। इसके अलावा टोटलाइजर सिस्टम के माध्यम से मतगणना के दौरान आंकड़ों को त्रुटिरहित ढंग से प्रदर्शित किया जा सकेगा। अधिकारियों के अनुसार इस नई व्यवस्था से मतदान और मतगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज एवं सरल होगी। साथ ही वाहन, मानव बल और समय की भी बड़ी बचत होगी।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था प्रमोद कुमार पांडेय, सदर अनुमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल, जिला पंचायत राज पदाधिकारी शशि कुमार, एडीपीआरओ सुशेंद्र पाल सिंह, सदर बीडीओ विनोद आनंद सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चिरान्द में 29 जून को गूंजेगी गंगा आरती की अलौकिक ध्वनि, तैयारियां तेज

■ **काशी के 11 बटुक करेंगे महाआरती, नामी कलाकारों की प्रस्तुति से सजेगा भव्य सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम**

प्रात: किरण संवाददाता



डोरीगंज (सारण)। धार्मिक नगरी चिरान्द के बंगाली बाबा घाट पर 29 जून को आयोजित होने वाली 19वीं गंगा महाआरती एवं गंगा बचाओ संकल्प समारोह की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजित बैठक में परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष काशी से आने वाले 11 बटुक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा की भव्य महाआरती करेंगे। इसके साथ ही देश के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए रामदयाल शर्मा ने कहा कि गंगा की अविरलता और निर्मलता भारतीय संस्कृति, पर्यावरण और जनजीवन की आधारशिला है। उन्होंने गंगा संरक्षण के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आने का आह्वान किया। गंगासमग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेश नाथ दीक्षित ने कहा कि ह्लकार्यक्रम द्वारा ही कार्यकर्ता का निर्माणह्व संगठन की मूल भावना है। उन्होंने कहा कि चिरान्द की गंगा महाआरती की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है और ऐसे आयोजन समाज में जागरूक एवं समर्पित कार्यकताओं के निर्माण का माध्यम बनते हैं। वहीं सुरक्षा पर डोरीगंज थानाध्यक्ष राजशेखर ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा किथानाध्यक्ष इस बात पर जोर देते हैं कि अपराध मुक्त समाज के लिए पुलिस और जनता का तालमेल जरूरी है। वे सदस्यों को संबोधित करते हुए बोले कि कार्यक्रम स्थल परवे अपनी आँखें और कान खुले रखें, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि (या संदिग्ध व्यक्ति) की सूचना तुरंत पुलिस को दें,उन्होने कार्यक्रम स्थल, पार्किंग व्यवस्था,प्रमुख लोगों को आन जाने के लिए विशेष पास आदि पर चर्चा किए। परिषद के सचिव श्रीराम तिवारी ने कहा कि संपूर्ण जल स्त्रोतों की रक्षा किए बिना गंगा की अविरलता और निर्मलता की कल्पना नहीं की जा सकती। गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र की जीवनरेखा है। बैठक में हरिद्वार सिंह, श्रीकांत पाण्डेय, डॉ. कुमारी किरण सिंह, रंजीत कुमार, मोहन पासवान, अभिजीत कुमार, राशेश्वर सिंह, शत्रुघ्न पाण्डेय,हरिमोहन कुमार, राजेश कुमार तिवारी,जनक साह,राजकिशोर प्रसाद, हरेन्द्र भगत, अमृत सागर, बिनोद सिंह, जयदिनेश पाण्डेय, शुशील कुमार पाण्डेय, हेमंत कुमार सिंह, बीपीन बिहारी रमन, अतुल कुमार, लोकेश कुमार, सोनू कुमार सिंह, जी बिजय उमेश, ललन भक्त, बिजय राय, जजन प्रसाद यादव, चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

# 43 वीं जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ समापन

प्रात: किरण संवाददाता



परसा। ग्रामीण क्षेत्र में जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराना एक सराहनीय कार्य है. इससे स्थानीय युवाओं को प्रेरणा मिलती है. वहीं उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और निखारने का उचित मंच मिलता है. उक्त बातें पूर्व मंत्री सह विधायक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह ने सारण जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में हाई स्कुल स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 43 वीं एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहीं. उन्होंने कहा कि हर हीरा एक पत्थर होता है. उसे तराशना पड़ता है. उसी प्रकार एथलेटिक्स संघ बच्चों की प्रतिभा को तराश कर हीरे की तरह चमकाने का कार्य कर रहा है. कोई बच्चा या बच्ची सफल होता है तो वह देश का राज्य का और जिले का बेटा बेटी हो जाता है. मुझे विश्वास है कि गांव के मैदान में पसीना बहाने वाले बच्चों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर पहचान बनेगी. उन्होंने कहा कि परसा स्टेडियम के उन्नयन का प्रयास किया जाएगा. मंटु सिंह ने प्रस्तावित एकलव्य गर्ल्स हॉस्टल के एनओसी के लिए जेपी युनिवर्सिटी के कुलपति से वार्ता कर एथलेटिक्स संघ के प्रतिनिधि को सोमवार को मुलाकात करने का निदेश दिया.अमनौर बना ओवर ऑल चैम्पियनः दो दिनों तक चले विभिन्न प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर बेस्ट पुरुष खिलाड़ी का खिताब मकेर क्लब के रोहित कुमार को और बेस्ट महिला खिलाड़ी का खिताब स्टूडेंट क्लब अमनौर की रुखसार खातून को प्रदान किया गया. सबसे अधिक पॉइंट अर्जित करने के आधार पर अंडर 14 के गर्ल्स कोटि में साथी क्लब छपरा को चैंपियन घोषित किया गया।

### लंबे समय से फरार अभियुक्त के घर कुर्की जब्ती हुई कार्रवाई

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के महुली गांव में लंबे समय से फरार चल रहे एक अभियुक्त के घर रविवार को न्यायालय के आदेश पर सीओ सतीश कुमार सिंह की उपस्थिति में विधिसम्मत कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव ने बताया कि थाना कांड संख्या 65/19 के अभियुक्त रोहित कुमार उर्फ बाबा, पिता गणेश तिवारी, निवासी महुली, काफी समय से फरार चल रहा था। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने उसके घर पहुंचकर कुर्की जब्ती की प्रक्रिया पूरी की।

# वीर कुंवर सिंह सेतु क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन सख्त

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। सारण जिले में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने रविवार को वीर कुंवर सिंह सेतु (आरा पुल) क्षेत्र का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बिसुनपुरा से झंगा चौक होते हुए सेतु के दक्षिणी छोर तक यातायात संचालन, सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में सेतु के उत्तरी छोर स्थित झंगा चौक चेक पोस्ट का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने वहां प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस, खनन, परिवहन एवं यातायात विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की संयुक्त प्रतिनियुक्ति कर प्रभावी निगरानी व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया। इसके बाद अधिकारियों ने वीर कुंवर सिंह सेतु के दक्षिणी छोर पर निमार्णाधीन खनन जांच चौकी का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि चेक पोस्ट का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अधिकारियों ने यहां समुचित प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, कर्मियों के बैठने की सुविधा तथा अन्य आधारभूत संसाधन शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस, खनन, परिवहन एवं यातायात विभाग की संयुक्त टीम के माध्यम से वाहनों की नियमित जांच एवं यातायात नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे राइट ऑफ वे क्षेत्र में अवैध वाहन पार्किंग की समस्या पर जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने गंभीर चिंता व्यक्त की। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ नियमित अभियान चलाकर जुमार्ना लगाया जाए।

उन्होंने कहा कि अवैध पार्किंग के कारण न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। अधिकारियों ने वीर कुंवर सिंह सेतु पर किसी भी परिस्थिति में जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी वाहनों का परिचालन निर्धारित लेन में ही सुनिश्चित कराया जाए तथा लेन अनुशासन का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। यदि किसी कारणवश पुल पर यातायात दबाव बढ़ता है या जाम की स्थिति बनती है, तो पुल के दोनों ओर से यातायात को तत्काल नियंत्रित कर स्थिति सामान्य कराई जाए। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वीर कुंवर सिंह सेतु सारण एवं भोजपुर जिलों के बीच अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इस मार्ग पर सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, यातायात पुलिस उपाधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनिज विकास पदाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# हवन एवं भंडारे के साथ शिवमहापुराण कथा का हुआ संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता



डोरीगंज। जिले के गरखा प्रखंड के कोठियां-नरांव क्षेत्र के धनौरा गांव में गरीबनाथ मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा का समापन आज हवन एवं भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया ' कथा समाप्ति के पूर्व गरीबनाथ मंदिर स्थित महादेव का महाआरती एवं छप्पन भोग का आयोजन कमिटी की ओर से किया गया' ग्रामीणों एवं शिव भक्तों ने दीप एवं छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाकर भगवान को प्रसन्न करने का प्रयास किया। भंडारे के दौरान महादेव मानस मंडली के संयोजक अभिमन्यु पांडेयजी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें हजारों लोगों ने सामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। गरीबनाथ मंदिर समिति की ओर से सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा में सामिल कथावाचक भानुशंकरजी महाराज, यज्ञाचार्य कौशल झा जी महाराज एवं उनके मंडली को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए विदाई किया। इसके साथ ही कमिटी की ओर से प्रवचन, महाआरती, छप्पन भोग, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं व्यवस्था में भाग लेने वाले सभी भक्तों को धन्यवाद दिया जिन्होंने अपने ओर से सेवा प्रदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### यूजीसी-नेट 22 जून से, 30 जून तक होगी परीक्षा

आरा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने यूजीसी-नेट जून 2026 परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 22 जून से 30 जून के बीच कंप्यूटर आधारित टेस्ट (ऊइळ) मोड में आयोजित होगी। देशभर के 10 लाख से अधिक अभ्यर्थी जूनियर रिसर्च फेलोशिप (खफ़ह), असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी प्रवेश के लिए परीक्षा देंगे। परीक्षा प्रतिदिन दो शिफ्टों में होगी–पहली शिफ्ट सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक। परीक्षा शहर की जानकारी परीक्षा तिथि से 10 दिन पहले जारी की जाएगी, जबकि एडमिट कार्ड बाद में उपलब्ध कराया जाएगा। एनटीए ने अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड में परीक्षा केंद्र, विषय कोड, तिथि और शिफ्ट की जानकारी ध्यानपूर्वक जांचने की सलाह दी है।

### भीषण बिजली संकट से जूझ रहे उपभोक्ता, आक्रोश

गुलजार पुर/सहार। सहार प्रखंड के गुलजारपुर बिजली ग्रिड से जुड़े चारों फीडरों में पिछले एक दिन से बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित है। स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार की संध्या आई तेज आंधी बारिश के बाद से ही अधिकांश समय बिजली गुल रही है। और जब बिजली मिल भी रही है तो मात्र आधे-आधे घंटे के रोटेशन पर दी जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पूरे 24 घंटे में मुश्किल से तीन से चार घंटे ही बिजली आपूर्ति हो सकी है।जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।बिजली संकट के कारण लोगों को पेयजल, मोबाइल चार्जिंग, घरेलू कार्यों तथा व्यवसायिक गतिविधियों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।यहां तक कि बिजली नहीं रहने के कारण गुलजारपुर पेट्रोल पंप भी बंद पड़ा है जिस से उपभोक्ताओं में काफी नाराजगी है। इस संबंध में कनीय अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि जगदीशपुर ग्रिड में तकनीकी समस्या उत्पन्न होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तहत रोटेशन पर बिजली आपूर्ति की जा रही है। विभाग के अनुसार पहले जगदीशपुर, उसके बाद गड़हनी, फिर अगिआंव और सबसे अंत में सहार क्षेत्र को बिजली आपूर्ति दी जा रही है। इसी कारण सहार क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### जन वितरण विक्रेता के जिला सम्मेलन के तैयारी में जुटे दुकानदार

पटना जिला दुल्हिनबाजार जनवितरण दुकानदारो की एक दिवसीय सम्मेलन बिहार फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले दुल्हिन बाजार में सोमवार को आयोजित की जा रहीं हैं। जिसकी तैयारी के लिए अनुमंडल स्तरीय दुकानदारों ने बैठक रविवार शाम दुल्हिन बाजार अतिथिशाला में की गई। संघ के प्रदेश महामंत्री वरुण कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में दुकानदारों की समस्या, खाद्यान्न उठाव, समय से मार्जिन मनी भुक्तान, माप तौल रिन्यूअल सहित नौ सूत्री मांग सम्मेलन का मुख्य मुद्दा होगी। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय व जिला स्तरीय पदाधिकारी बैठक में शामिल होंगे। बैठक नंद कुमार वर्मा, उपेन्द्र कुमार शर्मा, राम आयोध्या प्रसाद, मणिकांत यादव, हरिकांत उपाध्या, पिंटू कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार, अभय कुमार सिंह, राजनंदन यादव सहित कई लोग थें।

### अस्पतालों और विभिन्न संस्थानों का लगातार हो रहा फायर ऑडिट

गयाजी। जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला अग्निशमन पदाधिकारी अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में लगातार फायर ऑडिट अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अस्पतालों समेत विभिन्न सार्वजनिक एवं व्यावसायिक संस्थानों की जांच की जा रही है। फायर ऑडिट के दौरान कई संस्थानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं में कमियां पाई गई हैं। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने संबंधित संस्थानों के संचालकों को निर्धारित समयावधि के भीतर सभी कमियों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों द्वारा अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए मुख्यालय पटना को रिपोर्ट भेजी जाएगी। प्रशासन की प्राथमिकता आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अग्निशमन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में यह अभियान लगातार जारी है तथा सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं।

# भारतमाला परियोजना में लगे ओवरलोड वाहनों पर उठे सवाल, कार्रवाई की मांग तेज

● पूर्व विधायक प्रत्याशी अमित पासवान ने PNC कंपनी और प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

● बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड ट्रकों के संचालन से आम लोगों की सुरक्षा पर खतरा



प्रात: किरण संवाददाता

रोहतास जिले के चेनारी क्षेत्र में भारतमाला एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य में लगी ढठउ कंपनी की कार्यशैली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। रोहतास जिले के चेनारी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं भीम आर्मी के वरिष्ठ नेता अमित पासवान ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में लगे मिट्टी लदे ओवरलोड और तेज रफ्तार ट्रक क्षेत्र की सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। अमित पासवान ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने स्वयं कई ट्रकों को देखा जिनमें कई वाहन ओवरलोड थे तथा कुछ ट्रक बिना नंबर प्लेट के संचालित हो रहे थे। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी रोहतास जिला परिवहन पदाधिकारी सासाराम, अनुमंडल पदाधिकारी तथा चेनारी थाना को दी गई। उनके अनुसार सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा भी लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार शिकायतों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में प्रशासन,परिवहन विभाग और खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। अमित पासवान ने हाल ही में हुई उस दुर्घटना का भी उल्लेख किया जिसमें कथित तौर पर ढठउ कंपनी की लापरवाही के कारण नेहाल आलम की मौत हो गई थी जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने दावा किया कि घटना के बाद भी पीड़ित परिवार को अब तक कंपनी की ओर से कोई आर्थिक सहायता नहीं दी गई है और घायलों के इलाज में भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। उन्होंने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि यदि आम जनता की सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो जनहित में व्यापक लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू किया जाएगा। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लोगों से जनता की सुरक्षा और अधिकारों की लड़ाई में सहयोग देने की अपील की।

# मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी एक कुशल संगठनकर्ता, लोकप्रिय जननेता एवं समर्पित जनसेवक हैं : राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।बिहार सरकार के खान एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी के पावन आगमन पर गया परिसदन में उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद सहित अनेक कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया है स्वागत करते हुए राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने मंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रमोद चंद्रवंशी एक कुशल संगठनकर्ता, लोकप्रिय जननेता एवं समर्पित जनसेवक हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में सदैव जनता की समस्याओं के समाधान तथा प्रदेश के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में खान एवं कला-संस्कृति विभाग निरंतर नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है तथा राज्य की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि आज गया की पावन धरती पर माननीय मंत्री जी का स्वागत करने का अवसर प्राप्त होना हम सभी के लिए गौरव एवं सौभाग्य का विषय है। उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संगठन को निरंतर मजबूती मिल रही है तथा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। माननीय मंत्री श्री प्रमोद चंद्रवंशी जी ने भी सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह और कार्यकर्ताओं का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा जनकल्याण के कार्यों को और अधिक गति देने के अपने संकल्प को दोहराया। राजेंद्र प्रसादने माननीय मंत्री जी के स्वस्थ, सफल एवं यशस्वी सार्वजनिक जीवन की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

# विश्वविद्यालय में एनसीसी एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण होगा अनिवार्य

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। राज्य सरकार के निर्देश के बाद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा तथा इसके अंगीभूत और संबद्ध महाविद्यालयों में अब एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार करना है। राज्यपाल-सह-कुलाधिपति के निर्देश पर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में एनसीसी तथा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इसके तहत छात्रों को आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रशिक्षण में खोज एवं बचाव अभियान, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन, बाढ़ और आग जैसी आपदाओं से निपटने की तकनीकों को शामिल किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, एनसीसी और एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) से जुड़े विद्यार्थियों को ह्लयुवा आपदा मित्रह्व के रूप में तैयार किया जाएगा। इन्हें आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में वे प्रथम प्रतिक्रिया दल (फर्स्ट रिस्पॉन्डर) के रूप में कार्य कर सकें।इस योजना के तहत विश्वविद्यालय एवं कॉलेज स्तर पर नियमित कार्यशालाओं, प्रशिक्षण शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रशिक्षित छात्र-छात्राएं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करेंगे तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगे।विश्वविद्यालय के शिक्षकों और अधिकारियों का मानना है कि यह पहल विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना और संकट प्रबंधन कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति में समाज को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए युवाओं की एक प्रशिक्षित टीम तैयार होगी। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में इस योजना के लागू होने से हजारों छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा और वे समाज तथा राष्ट्र की सेवा में अधिक प्रभावी योगदान दे सकेंगे।

# 1857 के महानायक बाबू निशान सिंह का वीरगति दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया

● डिहरी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जुटे मंत्री,विधायक और जनप्रतिनिधि,शहीद के बलिदान को किया नमन

● विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर बोले शिक्षा ही आज के दौर में संघर्ष का सबसे बड़ा हथियार

प्रात: किरण संवाददाता

रोहतास जिले के पुलिस मुख्यालय डिहरी के जक्की बिगहा स्थित इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में रविवार को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद बाबू निशान सिंह का वीरगति दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन वीर बाबू निशान सिंह सेवा समिति द्वारा कुँवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के विधि एवं उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि 1857 की क्रांति के इतिहास को जिस व्यापकता और निष्पक्षता के साथ लिखा जाना चाहिए था वैसा नहीं हो सका। कई वीर योद्धाओं को इतिहास में पर्याप्त स्थान नहीं मिला लेकिन जनता आज भी उनके योगदान को याद करती है। उन्होंने कहा कि बाबू कुंवर सिंह और बाबू निशान सिंह जैसे महान सेनानियों को किसी जातीय दायरे में नहीं बांधा जा सकता। क्योंकि उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा ही संघर्ष और विकास का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उन क्षेत्रों में महाविद्यालय स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है जहां उच्च शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। कार्यक्रम में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने राज्य सरकार से सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौक का नाम शहीद बाबू निशान सिंह के नाम पर रखने की मांग की। वहीं डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने बाबू निशान सिंह के अदम्य साहस,देशभक्ति और बलिदान को याद करते हुए युवाओं तक उनके संघर्ष की गाथा पहुंचाने का संकल्प दोहराया। सभा को पूर्व विधान पार्षद कृष्ण सिंह,औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह,विधान पार्षद निवेदिता सिंह, पूर्व टछउ संतोष सिंह,शहीद परिवार के प्रतिनिधि रामाशीष सिंह तथा बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के मृत्युंजय कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने बताया कि बाबू निशान सिंह ने 1857 की स्वतंत्रता क्रांति में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके अदम्य साहस से भयभीत अंग्रेजों ने वर्ष 1858 में 7 जून के दिन सासाराम में उन्हें तोप से उड़ाकर शहीद कर दिया था। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता,बुद्धिजीवी तथा शहीद परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित सिंह उर्फ.गोपाल जी, सचिव राजन राज, युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबुज सिंह, पंकज सिंह, संतोष सिंह, विशाल सिंह, सैंकड़ो सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सहार व्यापार मंडल अध्यक्ष चयन को लेकर विवाद

# अनियमितता के आरोपों के बीच वैधता पर भी जोर

सहार (भोजपुर)। सहार व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के चयन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। व्यापार मंडल के सदस्य प्रिंस कुमार ने जिला पदाधिकारी सहित सहकारिता विभाग के वरीय अधिकारियों को आवेदन देकर चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि अध्यक्ष चयन की बैठक की सूचना सभी कार्यकारिणी सदस्यों को समय पर नहीं दी गई, प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव रहा तथा कुछ सदस्यों के प्रतिनिधियों से निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी कराई गई। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर चयन प्रक्रिया को निरस्त करते हुए पुनः निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया संपन्न कराने की मांग की है।शिकायत के बाद व्यापार मंडल की कार्यकारिणी समिति की संरचना भी चर्चा का विषय बन गई है। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार कार्यकारिणी समिति में कुल 10 सदस्य शामिल हैं, जिनमें रामचंद्र सिंह, अखिलेश कुमार, अविनाश राय, गुप्तेश्वर राय, अशोक कुमार, मधुकर प्रसाद, कृष्ण भगवान सिंह, रमेश राय, प्रिंस कुमार राय एवं चंद्रावती देवी शामिल हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि समिति के सभी सदस्यों की सक्रिय एवं प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित किए बिना अध्यक्ष चयन किया गया, जिससे प्रक्रिया पर सवाल खड़े होते हैं।वहीं दूसरी ओर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अविनाश राय एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सुनील कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि व्यापार मंडल की उपविधि के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराने का कोई प्रावधान नहीं है। उपविधि के तहत कार्यकारिणी समिति के सदस्य एवं प्रबंधक मिलकर आवश्यक कोरम पूरा करते हैं तथा उनकी सहमति से अध्यक्ष का मनोनयन किया जाता है। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्धारित सात सदस्यों का कोरम विधिवत पूरा किया गया था और सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चयन किया गया।प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया चुनाव नहीं बल्कि मनोनयन की थी, जो पूरी तरह से उपविधि के अनुरूप संपन्न हुई है।

# स्नातक छात्रों के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य बिना इंटर्नशिप नहीं मिलेगी डिग्री

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बिहार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्यपाल सचिवालय ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक (यूजी) छात्रों के लिए इंटर्नशिप को अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिन्हें कुलाधिपति की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। नए नियमों के अनुसार अब किसी भी छात्र को निर्धारित इंटर्नशिप पूर्ण किए बिना स्नातक डिग्री प्रदान नहीं की जाएगी। जारी निर्देशों के अनुसार इंटर्नशिप को पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है और इसे क्रेडिट आधारित प्रणाली में शामिल किया गया है। प्रत्येक स्नातक छात्र को कुल 120 घंटे की इंटर्नशिप पूरी करनी होगी, जो 4 से 6 सप्ताह की अवधि में संपन्न की जाएगी। इसमें कम से कम 90 घंटे संबंधित संस्था में व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा शेष 30 घंटे रिपोर्ट लेखन एवं मूल्यांकन कार्य के लिए निर्धारित किए गए हैं। यह इंटर्नशिप 4 क्रेडिट की होगी, जिसे पांचवें सेमेस्टर में जोड़ा जाएगा। इंटर्नशिप के मूल्यांकन के लिए दो-स्तरीय व्यवस्था बनाई गई है। पहला भाग इंटर्नशिप रिपोर्ट का होगा, जिसके लिए 70 अंक निर्धारित किए गए हैं, जबकि दूसरा भाग प्रेजेंटेशन और वाइवा-वॉइस का होगा, जिसके लिए 30 अंक निर्धारित हैं। छात्रों को दोनों भागों में न्यूनतम 45-45 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यदि कोई छात्र किसी एक भाग में भी निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त नहीं कर पाता है, तो उसे इंटर्नशिप में अनुत्तीर्ण माना जाएगा। नियमों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक कॉलेज में इंटर्नशिप सेल का गठन किया जाएगा। प्राचार्य द्वारा एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जिसमें ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर (टीपीओ) को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। इंटर्नशिप पूरी होने के 10 दिनों के भीतर प्रमाण-पत्र प्राप्त करना और 20 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट विभागाध्यक्ष को जमा करना अनिवार्य होगा। मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सात दिनों के भीतर अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।राज्यपाल सचिवालय ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई छात्र निर्धारित समय सीमा में इंटर्नशिप पूरी नहीं करता है, तो उसे आगामी सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलेगी। दूसरे या चौथे सेमेस्टर के बाद एग्जिट लेने वाले छात्रों के लिए भी इंटर्नशिप अनिवार्य रहेगी।इंटर्नशिप के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (ढरव), स्थानीय निकायों, पंचायतों, सरकारी वित्तपोषित संस्थानों, सूचीबद्ध निजी कंपनियों, प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठनों (ठऋड), एमएसएमई तथा अन्य पंजीकृत संस्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार का मानना है कि इस नई व्यवस्था से छात्रों को व्यावहारिक अनुभव मिलेगा, उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी और उच्च शिक्षा को अधिक कौशल-आधारित तथा उद्योगोन्मुख बनाया जा सकेगा।

# लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं होने से तीन माह से रुकी पेंशन और वेतन, कर्मचारियों में आक्रोश

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को पिछले तीन महीनों से वेतन एवं पेंशन का भुगतान नहीं होने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।इस मुद्दे को लेकर शनिवार को पेंशनभोगियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताई गई तथा समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई। बैठक में बताया गया कि राजभवन के निर्देश तथा उच्च शिक्षा विभाग के आदेशों के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन अब तक लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) जमा नहीं कर सका है। इसी वजह से वेतन और पेंशन भुगतान की प्रक्रिया बाधित हो गई है। पेंशनभोगियों ने कहा कि लगातार तीन महीने से भुगतान नहीं होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है और दैनिक जरूरतों को पूरा करना कठिन हो गया है। बैठक की अध्यक्षता बिहार राज्य अतिथि प्राध्यापक संघ के संयोजक सदस्य डॉ. आदित्य कुमार आनन्द ने की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग की उदासीनता के कारण अतिथि प्राध्यापक, पेंशनभोगी और वेतनभोगी कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। पेंशनभोगी डॉ. बलराज ठाकुर ने कहा कि पेंशन नहीं मिलने से दवा, इलाज, बिजली बिल और घरेलू खर्च जैसी आवश्यक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा कर्मचारियों और पेंशनरों को क्यों भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने राज्य सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। बैठक में यह भी बताया गया कि बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने 27 मई को राजभवन सचिवालय के संदर्भ में विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी और कुलसचिव के साथ बैठक कर लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने का अनुरोध किया था। इसके बावजूद प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप संबंधित संचिका वित्त विभाग से वापस हो गई और वेतन-पेंशन भुगतान पर संकट और गहरा गया। पेंशनभोगियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में कई पेंशनर एवं कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मारपीट मामले में फरार दंपति गिरफ्तार, जेल भेजा गया

आरा। सुलतानगंज थाना क्षेत्र के नोनसर गांव में पिछले वर्ष हुई मारपीट की घटना के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे दंपति को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि मामले के आरोपी मुकेश मांझी और उनकी पत्नी पूजा देवी काफी दिनों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे। उनकी तलाश में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने नोनसर गांव में छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# जनसंपर्क और विकास कार्यों को मिलेगी गति, सांसद ने किए प्रतिनिधियों की नियुक्ति

शेरघाटी। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं गया (अजा.) संसदीय क्षेत्र के सांसद जीतन राम मांझी ने संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क व्यवस्था को मजबूत बनाने और विकास योजनाओं की निगरानी को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रखंडों के लिए सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में 4 जून 2026 को जारी पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन को भी अवगत कराया गया है। जारी सूची के अनुसार शेरघाटी अनुमंडल के लिए शेरघाटी नगर निवासी ओम प्रकाश उर्फ लाला सिंह को सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है, जबकि बोधगया प्रखंड के लिए सुधीर यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा संसदीय क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में भी प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है। सांसद कार्यालय के अनुसार, नियुक्त प्रतिनिधि क्षेत्र की जनसमस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाने, विकास योजनाओं की प्रगति पर नजर रखने तथा जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य करेंगे। इससे आम लोगों की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया और अधिक सुगम होने की उम्मीद जताई गई है। प्रतिनिधियों की नियुक्ति की खबर सामने आने के बाद संबंधित क्षेत्रों के समर्थकों और स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि इससे क्षेत्रीय स्तर पर जनसंपर्क मजबूत होगा और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा।

# एनडीए कार्यकताओं के सम्मान में एक भव्य कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। आगामी 10 जून को इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू के नेतृत्व में जगदीशपुर नगर में जनसंपर्क अभियान युद्धस्तर पर चल रहा है। श्री गुड्डू घर-घर जाकर आम जनता और कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित कर रहे हैं। वहीं, बीस सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष अनूप पटेल कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की कमान संभाले हुए हैं। अनूप पटेल ने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं के समर्पण का सम्मान करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। आयोजकों के अनुसार, इस समारोह में 30 हजार से अधिक लोगों के जुटने की संभावना है। इसे देखते हुए सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर 200 लाठी पार्टी के जवानों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। बदलते मौसम को देखते हुए एक विशाल वाटरप्रूफ पंडाल का निर्माण कराया जा रहा हैं।स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एम्बुलेंस और डॉक्टरों की एक विशेष टीम मौके पर मौजूद रहेगी। कार्यक्रम में आने वाले सभी आगंतुकों के लिए भोजन और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के बाद समारोह की भव्यता बढ़ाने के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा के सौजन्य से आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्र में एनडीए की एक जुटता का बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। शाहाबाद के कद्दावर नेता हैं मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा। बमंत्री भगवान सिंह कुशवाहा के सौजन्य से आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्र में एनडीए की एकजुटता का एक बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। भगवान सिंह कुशवाहा शाहाबाद के कद्दावर और सर्वमान्य नेता माने जाते हैं। उनकी राजनीतिक पहचान बहुत गहरी है और वे अपने उदार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे बिना किसी जातिगत भेदभाव के, समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की नीति में विश्वास रखते हैं। जमीनी स्तर से जुड़े होने के कारण जनता के बीच उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे हर वर्ग के लोगों के सुख-दुख में सदैव तत्पर रहते हैं। उनके नेतृत्व में होने वाला यह आयोजन क्षेत्र में एनडीए के जनाधार को और अधिक मजबूत करेगा।

# महेशी मारपीट मामले में दोनों पक्षों से दो गिरफ्तार, जेल भेजे गए

आरा। सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के महेशी गांव में शुक्रवार को हुई मारपीट की घटना के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से एक-एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पक्ष के गौरव पासवान और दूसरे पक्ष के अदनान शामिल हैं। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद भागलपुर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक पक्ष की महिला ने 11 नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, जबकि दूसरे पक्ष के एक पुरुष ने तीन नामजद एवं 15 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया है। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों के साथ बैठक कर स्थिति को शांत कराया था। बावजूद इसके महेशी चौक पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है तथा क्षेत्र की स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# पावर स्टार पवन सिंह वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण वीरता को किया याद



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। पटना से दिनारा जाने के क्रम में भोजपुरी के पावर स्टार एवं भाजपा से एमएलसी प्रत्याशी पवन सिंह आज रविवार संध्या में जगदीशपुर पहुंचे। जहां बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी वीरता को याद किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने उन्हें अंग वस्त्र फूल माला और बाबू वीर कुंवर सिंह की तस्वीर भेंट की। जैसे ही पवन सिंह की जगदीशपुर पहुंचने की सूचना लोगों तक पहुंची। हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ किला परिसर में एकत्रित हो गई। जैसे ही पवन सिंह ऐतिहासिक बाबू वीर कुंवर सिंह किला मैदान पहुंचे। उनकी एक झलक पाने के लिए लोग उनके गाड़ी के पीछे दौड़ पड़े। इस दौरान भीड़ को कंट्रोल करने में पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर पवन सिंह ने माल्यार्पण कर बाबू वीर कुंवर सिंह अमर रहे के नारे लगाए। और उनके साथ मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर में वीर कुंवर सिंह अमर रहे के गगन भेदी नारे लगने लगे। वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों का अभिनंदन भी करते नजर आए भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह।

## संक्षिप्त खबरें

### केशव लोकमंच की समीक्षा बैठक में आदित्य नगर का नाम परिवर्तन के प्रगति पर चर्चा

औरंगाबाद। सांस्कृतिक पहचान के लिए अपने जनपद का नाम आदित्य नगर हो जिसके लिए केशव लोकमंच ने स्थानीय निकाय से केंद्र तक सारी तकनीकी और संवैधानिक प्रक्रिया पूरा किया। जिसके लिए आज एक समीक्षा बैठक रखी गई और इसके बाद मानसून सत्र में विधानसभा में आवाज कैसे बुलंद हो इस रणनीति पर संवाद बनाया गया और पुनः एक बार केशव लोकमंच के कार्य समिति के सभी सदस्यों ने अपने दृढ़ संकल्प को पूरे धैर्य और साहस के साथ कायम रखने का संकल्प लिया।यह अभियान सांस्कृतिक गौरव को पुनर्स्थापित करने का अभियान है। यह अभियान केशव लोक मंच का नहीं वरन समस्त जिला के सांस्कृतिक पहचान की लड़ाई है। समीक्षा बैठक में कार्य समिति सदस्य प्रोफेसर संजीव रंजन ,अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह,भानु प्रताप सिंह, मुनिंद्र कुमार, इंजीनियर कमलेश कुमार सिंह एवं अवकाश प्राप्त प्रबंधक शिव प्रसाद जी एवं प्रबुद्ध शिक्षक श्री अजय कुमार उपस्थित रहे।

### ट्रक-पिकअप में टक्कर, ट्रक अनियंत्रित होकर तीन दुकानों में जा घुसा

औरंगाबाद। जिले के ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक के समीप एनएच-139 पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। दाउदनगर की ओर से आ रही एक पिकअप और औरंगाबाद की तरफ से जा रहे ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित तीन दुकानों में जा घुसा, जिससे लाखों का नुकसान हुआ। इस घटना में स्थानीय दुकानदारों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित दुकानदार श्रीराम विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी वेल्डिंग एवं मशीनरी से संबंधित दुकान पूरी तरह प्रभावित हुई है। दुर्घटना में ड्रिल मशीन, हैंड ग्राइंडर, वेल्डिंग मशीन, दो वेल्डिंग के बल और इलेक्ट्रॉनिक कांटा क्षतिग्रस्त हो गए। उनके अनुसार, इस हादसे में लगभग 5 से 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, मोहम्मद फिरोज की फर्नीचर दुकान में रखे तैयार फर्नीचर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे उन्हें भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा, सोनू टेंपू गैरेज को भी काफी क्षति पहुंची है। गैरेज में सर्विसिंग के लिए खड़े दो टेंपू और एक स्कूटी ट्रक की चपेट में आकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ओबरा थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देश पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने तथा यातायात व्यवस्था बहाल करने की कार्रवाई शुरू कर दी। इधर, लागातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों एवं व्यवसायियों ने कहा कि एनएच-139 पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सड़क की चौड़ाई पर्याप्त नहीं है।लोगों ने सरकार और संबंधित विभाग से सड़क को फोरलेन बनाने तथा भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता भोला मिश्रा के निधन पर जताया गया शोक

गया जी।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बोधगया निवासी भोला मिश्रा के निधन पर पुरे गया जिला में गहरा शोक की लहर ।डा मनीष पंकज मिश्रा अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय भोला मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित, कर्मठ एवं लोकप्रिय कार्यकर्ता थे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने एवं समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका निधन भाजपा परिवार एवं सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है।अनिल स्वामी ने कहा कि स्वर्गीय मिश्रा का सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, जनसेवा के प्रति समर्पण तथा संगठन के प्रति उनकी निष्ठा सदैव स्मरणीय रहेगी। उनके द्वारा किए गए सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे।सभी भाजपा वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों एवं समर्थकों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें।इस शौक व्यक्त करने वाले मे वरिष्ठ युवा नेता सागर कुमार, गया जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिटु, अनिल स्वामी, ललिता सिंह, संतोष सिंह पूर्व वार्ड पार्षद आदि थे।

# विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली निकाली गई साइकिल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाए: जिला प्रशासन

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन, स्वस्थ जीवनशैली एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति दिलाई गई सामूहिक शपथ, विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छ पर्यावरण एवं फिट भारत के संकल्प को साकार करने हेतु अरवल जिला प्रशासन द्वारा संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में इंडोर स्टेडियम अरवल से बालिका उच्च विद्यालय, अरवल तक भव्य साइकिल रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त अरवल शैलेश कुमार, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार एवं धर्मेन्द्र तिवारी अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार तथा निदेशक डीआरडीए रितेश कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। साइकिल रैली में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नियमित साइकिल चलाने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। रैली के दौरान शहरवासियों को साइकिल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि साइकिल न केवल एक पर्यावरण-अनुकूल परिवहन साधन है, बल्कि यह शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक प्रभावी माध्यम भी है। बढ़ते प्रदूषण, ईंधन की खपत तथा जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए साइकिल का उपयोग वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गया है। कार्यक्रम के दौरान संडे ऑन साइकिल अभियान के साथ-साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (रङ्क्ष्/िहं२३ी टंल्लींिल्ल३) के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने प्लास्टिक कचरे के उपयोग में कमी लाने, घरों एवं संस्थानों में कचरे का पृथक्करण करने, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का सामूहिक संकल्प लिया। जिला प्रशासन अरवल द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा दें, कचरे का पृथक्करण करें तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए स्वस्थ, स्वच्छ एवं हरित समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# अधिकारियों ने निकाली साइकिल दिवस के मौके पर जागरूकता रैली

■ रोजाना साइकिल चलाओ सभी बीमारियां का दूर भगाओ

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिले के प्रखंड ओबरा कार्यालय अंचल कार्यालय एव ओबरा थाना के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका नेतृत्व बीडीओ मोहम्मद युनुस सलीम ने किया। सबों ने प्रखंड कार्यालय से इक्कठा होकर रैली निकली जो राष्ट्रीय राज्य मार्ग 139 होते हुए बेल रोड से बाजार होते हुए अपने गंतव्य स्थान को रवाना हुआ। सभी अधिकारियों ने धुआं उगलो गाड़िया छोड़ो साइकिल से अपना नाता जोड़ो रोजाना साइकिल चलाओ सभी बीमारियां दूर भगाओ साइकिल अपनाओ प्रदूषण हटाओ के नारे से ओबरा गूंज उठा। बीडीओ मोहम्मद युनुस सलीम, थानाध्यक्ष नीतिश कुमार एवम सीओ हरिहरनाथ पाठक ने सभी उपस्थित लोगों को साइकिल दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभ कामना दी। कहा कि मानव जीवन का अस्तित्व एवम पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए साइकिल अपनाना जरूरी है। साइकिल चलाने से पर्यावरण शुद्ध एवम हम सभी निरोग रहेंगे। जहरीली धुआं से बचेंगे और प्रदूषण मुक्त रहेंगे। जिनके लिए साइकल चलाना अतिआवश्यक है। पर्यावरण को शुद्ध रखना और हम सबों को स्वस्थ रहने के लिए साइकिल जरूरी है। साइकिल चलाने से योगाभ्यास होता है और सभी प्रकार की बीमारियां दूर होता है। अधिकारियों ने चलाने और पर्यावरण मे स्वस्थ रहने की कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी। इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, अंकित कुमार, सुशील सिंह सभी थाना कर्मी अंचल कर्मी भारी संख्या मे भाग लिया।

# प्रभावित अस्पताल में विधानसभा अध्यक्ष ने सौ साल पेड़ के पूरे होने पर कैक काटकर पर्यावरण दिवस मनाया




प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक बरगद के पेड़ आज कै दिन लगाया गया था। जन्मदिन दसवां वर्षगांठ मानाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने इस बरगद के पेड़ को केक काटकर इसका जन्मदिन मनाए है।

बारगद का पेड़ 10 वर्ष का हुआ बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार कुमार ने मनाया उस बरगद के पेड़ का जन्मदिन एक नई शुरूआत पर्यावरण को बचाने के लिए जैसे अपने बच्चों का जन्मदिन मनाते हैं ।

इस तरह जो भी पेड़ लगाए उसका भी हर साल जन्मदिन मनाएं ताकि पेड़ का देख-रेख होते रहे संतोष कुमार छोटे द्वारा लागाया गया पेड़ का जन्मदिन मना प्रभावती अस्पताल में।।डा प्रेम कुमार ने कहा कि हमे प्रकृति और पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व का स्मरण कराने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कराती है।

वही क्रिडा.मंच के समाजसेवी संतोष कुमार छोटे ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन, स्वास्थ्य और भविष्य का आधार है।इस कार्यक्रम में काफी संख्या में बहुत लोग उपिस्थति थे।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, स्थानीय लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन





प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के गोह थाना क्षेत्र में एनएच 120 पर रविवार दोपहर एक ट्रैक्टर और कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के हिच्छन बिगहा निवासी उपेंद्र यादव की 45 वर्षीय पत्नी ममता कुमारी, उनकी 18 वर्षीय पुत्री चुलबुल कुमारी और उपहारा थाना क्षेत्र के डड़वा गांव निवासी विनोद यादव की 17 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी के रूप में हुई है। जो बुआ के साथ मोसराम मेला देखने गई थी। वहां से लौटते समय ट्रैक्टर ने पीछे से कार को टक्कर मार दी। जिसमें तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के समय कार में 7 लोग सवार थे। जिनमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गएं। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। वहीं, घटना के बाद कार चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।स्थानीय लोगों ने घंटों तक सड़क जाम करके विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें आवागमन बाधित हुई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची गोह थाना पुलिस ने लोगों को समझाकर रास्ता खाली कराया। घायलों में उपेंद्र यादव की 14 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी, उनके 12 वर्षीय पुत्र समर कुमार और स्वर्गीय विनोद यादव की 40 वर्षीय पत्नी संगीता देवी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल मुस्कान और समर को बेहतर इलाज के लिए गयाजी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, ये सभी लोग अरवल जिले के मोसरमा मेले से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है। पुलिस आवश्यक कानूनी और कागजी कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, जांच पड़ताल की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत सीयूएसबी परिसर में 620 पौधों का हुआ रोपण

प्रात: किरण संवाददाता




टेकारी।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) अपने 300 एकड़ के परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह को विशेष रूप से मना रहा है और इसके अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के तहत कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 620 पौधों का रोपण किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन एवं हरित परिसर के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में वृक्ष विविधता को बढ़ावा देना, हरित आवरण का विस्तार करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता उत्पन्न करना था। विश्व पर्यावरण दिवस की इस वर्ष की थीम के अनुरूप विश्वविद्यालय ने पर्यावरणीय संतुलन एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः प्रदर्शित किया। साथ ही प्रधानमंत्री के ‘एक पेड़ माँ के नाम’ अभियान के अंतर्गत देशभर में करोड़ों पौधे लगाने के राष्ट्रीय संकल्प में विश्वविद्यालय ने सक्रिय सहभागिता निभाई है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. के. एन. सिंह ने सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों के संरक्षण-संवर्धन का संकल्प दिलाया तथा कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने का सतत प्रयास है।

जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, विज्ञान भवन, केंद्रीय पुस्तकालय परिसर, मधुबन कैंटीन क्षेत्र, कृषि प्रक्षेत्र, छात्रावास परिसर, खेल मैदान, आवासीय क्षेत्र तथा उद्यान परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में महोगनी, मौलश्री, अमलतास, गुलमोहर, पाकड़, इमली, पीपल, आम, जामुन, अमरूद, चीकू (सपोटा), शहतूत, लीची, पाम एवं अन्य बहुवर्षीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया है।इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो नरेंद्र कुमार राणा, सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, अधिकारी, कर्मचारी तथा लगभग 40 विद्यार्थी (इग्नू अध्ययन केंद्र से संबद्ध) उपस्थित रहे। विभिन्न स्थलों पर पौधरोपण की जिम्मेदारी अलग-अलग इकाइयों को सौंपी गई थी। इंजीनियरिंग अनुभाग से श्री कल्याण साहा एवं उनकी टीम, विज्ञान संकाय से प्रो. गौतम कुमार, प्रो. प्रधान पार्थ सारथी, डॉ. अमृता श्रीवास्तव एवं डॉ. तारा, पुस्तकालय से डॉ. माथुर एवं पुस्तकालय कर्मियों, कृषि विभाग से प्रो. ए. पी. सिंह, प्रो. रविकांत एवं विभागीय शिक्षकों ने सक्रिय योगदान दिया। उद्यान परिसर में डॉ. पंकज एवं डॉ. अमित के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया।

# लोजपा रा से अशरफ अंसारी को प्रत्याशी बनाए जाने पर उत्सव सेठ ने दी बधाई

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जिला युवा के कार्यकारी अध्यक्ष उत्सव सेठ ने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को बिहार विधान परिषद (एमएलसी) द्विवार्षिक चुनाव-2026 के लिए पार्टी का प्रत्याशी बनाए जाने पर पटना में उनसे मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।इस मुलाकात के दौरान उत्सव सेठ ने कहा कि अशरफ अंसारी को पार्टी द्वारा एमएलसी चुनाव का उम्मीदवार बनाए जाना संगठन के कार्यकताओं के लिए गर्व और उत्साह का विषय है। उन्होंने कहा कि अंसारी लंबे समय से पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकताओं को जोड़ने तथा जनहित के मुद्दों को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता, संघर्षशीलता और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उत्सव सेठ ने कहा कि अशरफ अंसारी ने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा पार्टी की विचारधारा और राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया है।

यही कारण है कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है।

आगे विश्वास व्यक्त किया कि अशरफ अंसारी अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जनसंपर्क के बल पर चुनाव में शानदार सफलता प्राप्त करेंगे तथा विधान परिषद में पहुंचकर जनता, युवाओं, किसानों और समाज के सभी वर्गों की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे।

### बाबा कोटेश्वर नाथ धाम में चिकित्सकों का सम्मेलन 15 को

गया । जिला अंतर्गत बेलागंज प्रखंड स्थित ग्राम मेन के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के बाबा कोटेश्वर नाथ धाम मंदिर परिसर में अवस्थित बिहार सरकार द्वारा संचालित पर्यटन भवन के सेमिनार हॉल में दिनांक 15 जून 2026 को एक गरिमामय चिकित्सक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व अध्यक्ष, लोकायुक्त बिहार, न्यायमूर्ति श्याम किशोर शर्मा सर के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन इंडियन नेशनल मेडिकल एसोसिएशन वूमेन्स फोरम की महासचिव सह जिला चिकित्सा पदाधिकारी (ऊ्टड) डॉ. प्रेमलता मैडम के नेतृत्व में किया जा रहा है।इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों से आने वाले प्रतिष्ठित एवं सम्मानित चिकित्सकगण अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा, जनकल्याण, चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार तथा समाज के प्रति चिकित्सकों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# अधिकार और भागीदारी को लेकर होगा शक्ति प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। नाई समाज की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर आगामी 13 जून 2026 को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में नाई समाज के लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नाई (ठाकुर) समाज को एकजुट कर केंद्र एवं राज्य सरकार के समक्ष अपनी भागीदारी और सामाजिक शक्ति का प्रदर्शन करना है। आयोजकों ने बताया कि समाज लंबे समय से राष्ट्रीय केश कला बोर्ड तथा आयोग के गठन की मांग कर रहा है।

इसके लिए भारत सरकार से कानून बनाकर इस व्यवस्था को लागू करने की मांग उठाई जाएगी। आयोजकों का कहना है कि सम्मेलन में पारित प्रस्तावों और मांगों को बिहार सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा, ताकि समाज के हितों से जुड़े मुद्दों पर ठोस पहल हो सके। इसको लेकर आयोजित बैठक में कपूर्री विकास मंच एवं नाई समाज के अध्यक्ष रामप्रवेश ठाकुर ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर कपूर्री विकास मंच के कोषाध्यक्ष उदय ठाकुर, प्रीति शर्मा, विजय ठाकुर, मंटू ठाकुर, दयानंद ठाकुर, चंद्रदीप ठाकुर तथा नंदवंशी सेवा संगठन के अध्यक्ष चंदन भाई नंदवंशी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि समाज की एकता और संगठित प्रयासों से ही अधिकारों की लड़ाई को मजबूती मिलेगी ।

# आमस में पिकअप से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी।आमस थाना क्षेत्र अंतर्गत राज विगहा के समीप पुलिस ने अवैध विदेशी शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने झारखंड नंबर खल्-10इ-6823 पंजीकृत पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें अवैध विदेशी शराब लदी हुई थी। कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास कुमार (23 वर्ष), पिता जय कुमार सिंह, निवासी कुमीर्ला, थाना चारपोखरी, जिला भोजपुर (बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वाहन से कुल 1076.400 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है, जिसमें लगभग 2760 बोतलें शामिल हैं।

इस कार्रवाई को उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी टीम ने अंजाम दिया। टीम में सहायक अवर निरीक्षक बंटी यादव, दिलीप कुमार ऋषि, धर्मेंद्र बैठा, विजय कुमार सहित अन्य सुरक्षा बल के जवान शामिल थे।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है तथा अनुसंधान पूरा होने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा।

# बीआईआईटी जीएस की ओर एक भव्य सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

■ बीआईआईटी जीएस क्लासेस ने अपनी प्रामाणिक सफलता का डंका बजाया

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।बीआईआईटी जीएस की ओर से आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह के माध्यम से हरिदास समेनरी मे भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गया के बीआईआईटी जीएस क्लासेस ने न सिर्फ इस भंवरजाल को बेनकाब किया है, बल्कि अपनी वास्तविक और जमीनी सफलता से एक नई लाकीर खींच दी है।इस मोके पर शिक्षकों और कोचिंग घरानों के इस टकराव पर बेहद कड़ा रुख अपनाया गया है।

दुकानदारी नहीं, द्रोणाचार्य की भूमिका में आएं शिक्षकः बीआईआईटीबीआईआईटी संस्थान के डाइरेक्टर रवि कुमार शिक्षक नीतीश हलचल एवं अविनाश ने इस रार को कोचिंग इंडस्ट्री की विशुद्ध व्यावसायिक साजिश और छात्रों का ध्यान भटकाने का हथकंडा करार दिया है। इन शिक्षकों का मानना है कि एक शिक्षक वह होता है जो रास्ता जानता है, उस रास्ते पर चलता है और दूसरों को रास्ता दिखाता है। शिक्षकों के बीच वैचारिक और शैक्षणिक लड़ाइयां होनी चाहिए, जो नए ज्ञान का सृजन करें। लेकिन जब शिक्षक ही आपस में इस तरह लड़ेंगे, तो समाज और छात्रों के बीच गलत संदेश जाएगा। शिक्षकों को द्रोणाचार्य और गुरु संदीपनी की भूमिका में रहकर समाज को आगे बाढ़ाना चाहिए। न कि छात्रों को बारगलाकर व्यावसायिक हितों के लिए खींचतान करनी चाहिए।

दावों की हवा निकालती बीआईआईटी की वास्तविक सफलता एक तरफ हजारों की संख्या के हवाई दावों को लेकर विवाद है, वहीं दूसरी तरफ बीआईआईटी जीएस क्लासेस ने अपनी प्रामाणिक सफलता का डंका बजाया है। सालों के कड़े परिश्रम के बाद इस संस्थान ने गया की धरती पर एक नया इतिहास रचा है। संस्थान के 200 से अधिक छात्रों का चयन इस बार विभिन्न सरकारी व पुलिस सेवाओं में हुआ है।हजारों की भीड़ का दावा करने वालों को आईना दिखाते हुए संस्थान ने साफ कहा कि वे दूसरों की तरह हवा-हवाई आंकड़े पेश नहीं करते, बल्कि उनके 200+ छात्र पूरी तरह से प्रमाणित हैं और उनकी सूची सार्वजनिक है। वर्तमान में 100 से अधिक सफल छात्र इस सम्मान समारोह में मौजूद थे।

# लंबित कांडों के अनुसंधान की प्रगति व कांड दैनिकी लेखन गुणवत्ता की समीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। समाहरणालय सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक नौजोत सिमी के नेतृत्व में कांड दैनिकी लेखन की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में लंबित कांडों के अनुसंधान की प्रगति और कांड दैनिकी लेखन की गुणवत्ता की समीक्षा की गई।

एसडीपीओ ने अनुसंधान पदाधिकारियों को कांड दैनिकी समयबद्ध, तथ्यपरक और विधिसम्मत तरीके से लिखने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन, साक्ष्यों का समुचित संकलन और अनुसंधान में पारदर्शिता रखने पर जोर दिया गया।एसडीपीओ ने कांड दैनिकी लेखन में होने वाली आम त्रुटियों पर चर्चा कर सुधार के लिए जरूरी सुझाव दिए। सभी पुलिस पदाधिकारियों को एसपी द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरश पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक का समापन गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और प्रभावी कांड दैनिक लेखन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### दक्ष बीएसी नर्सिंग कॉलेज में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

सीवान/दारौंदा दक्ष बी.ए.सी. नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्पिटल, दारौंदा में अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा अग्नि सुरक्षा संबंधी जांच एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों, आपातकालीन निकास मार्गों तथा सुरक्षा मानकों का जायजा लिया गया। अग्निशमन पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने परिसर का निरीक्षण करते हुए अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान के कर्मियों को आग लगने की स्थिति में सतर्कता बरतने और उपलब्ध संसाधनों के उचित उपयोग के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के कर्मी पापूंजय कुमार भी मौजूद रहे। संस्थान प्रबंधन ने अग्निशमन विभाग की टीम का स्वागत करते हुए सुरक्षा मानकों के अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। निरीक्षण के दौरान कॉलेज एवं अस्पताल के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार,जेल

सिवान/दरौंदा थाना पुलिस ने भीखाबांध से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इनमें से एक आरोपी आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित था, जबकि दूसरा अपहरण के मामले में फरार चल रहा था. गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नीरज बास्फोर और मुन्ना हाशमी के रूप में हुई है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर दरौंदा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित की. टीम ने छपेमारी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा. उसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों को थाने ले आई, जहां उनसे आवश्यक पूछताछ की गई. कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद नीरज बास्फोर और मुन्ना हाशमी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. इस मामले में दरौंदा थाना अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है. यह कार्रवाई इसी अभियान का हिस्सा है. थाना अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और कानून से बचने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी. पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता माना जा रहा है.

### फरार अभियुक्त व वारंटी गिरफ्तार, दोनों को भेजा गया जेल

सीवान/दारौंदा। दारौंदा थाना पुलिस ने फरार अभियुक्तों एवं वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने करसौत गांव से मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि उसके विरुद्ध पूर्व से मारपीट का मामला दर्ज था और पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि फरार अभियुक्त करसौत गांव में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया और गांव में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने मीराचक गांव निवासी वारंटी हंसनाथ यादव को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हंसनाथ यादव के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था और वह काफी समय से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें दबोच लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों गिरफ्तार आरोपितों से आवश्यक पूछताछ एवं कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। पुलिस लगातार फरार अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चला रही है, ताकि अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# ग्रामीण चिकित्सकों ने मान्यता की उठाई मांग, वन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

■ जिले भर के ग्रामीण चिकित्सक हुए शामिल, संगठन मजबूत करने पर दिया गया जोर

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। जिले भर के ग्रामीण चिकित्सकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन वन सभागार में किया गया। कार्यशाला में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीण चिकित्सकों ने अपनी समस्याओं, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. एस. शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से स्वास्थ्य सेवाएं देने के बावजूद ग्रामीण चिकित्सकों को आज तक कोई स्थायी मान्यता नहीं मिल सकी है।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब स्वास्थ्य व्यवस्था पर दबाव था, तब ग्रामीण चिकित्सकों ने गांव-गांव जाकर लोगों की सेवा की और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि ग्रामीण चिकित्सकों को आरएमपी (रूरल मेडिकल प्रैक्टिशनर) की मान्यता दी जानी चाहिए। साथ ही इनके लिए विशेष प्रशिक्षण एवं कोर्स संचालित कर प्रमाणित डिग्री प्रदान की जाए, ताकि वे वैधानिक रूप से स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें और उन्हें सम्मानजनक पहचान मिल सके।

वहीं प्रशिद्ध डॉ गोपाल काजी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को संभालने के बावजूद कई बार ग्रामीण चिकित्सकों को झोला छाप डॉक्टर कहकर संबोधित किया जाता है, जिससे उनके सम्मान को ठेस पहुंचती है। उन्होंने कहा कि समाज और सरकार दोनों को उनके योगदान को स्वीकार करना चाहिए। डॉ. गोपाल काजी ने संगठन में बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कुछ व्यवस्थागत कमियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों को संगठित होकर अपने अधिकारों और मान्यता के लिए आवाज

# विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वाभिमान बटालियन में पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

■ जवानों, विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, स्वर्णचंपा, रुद्राक्ष और चंदन के पौधे लगाए गए

प्रात : किरण संवाददाता




बगहा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रगाश इकोलॉजिकल ग्रीनवे फाउंडेशन द्वारा स्वाभिमान बटालियन परिसर में पर्यावरण संरक्षण, जन-जागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वाभिमान बटालियन की कमांडेंट सुश्री निर्मला कुमारी के नेतृत्व में जवानों, महिला जवानों, संत जेवियर्स विद्यालय के बच्चों तथा फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के ज्ञात एवं अज्ञात वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित लोगों ने वीरों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

इसके बाद आयोजित पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला में फाउंडेशन के संस्थापक मनोज कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व, जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण, जैव विविधता संरक्षण, जल संकट तथा वृक्षों की घटती संख्या जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडेंट सुश्री निर्मला कुमारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सिंगल-यूज प्लास्टिक के बहिष्कार, कपड़े के झोले के उपयोग, जल एवं ऊर्जा संरक्षण तथा अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया।

# अक्षरा गुप्ता को फिर मिली बिहार अंडर-19 जोनल टीम की कप्तानी

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। रक्सौल निवासी एवं बिहार क्रिकेट की उभरती हुई खिलाड़ी, अक्षरा गुप्ता को एक बार फिर 2026 सत्र के लिए बिहार जोनल अंडर-19 महिला टीम की टी-20 और वनडे दोनों प्रारूपों की कप्तानी सौंपी गई है। रक्सौल की 15 वर्षीय क्रिकेटर अक्षरा गुप्ता ने वर्ष 2025 में लगातार चार मैच जीतकर अपनी टीम को जोनल चैंपियन बनाया था और बिहार क्रिकेट में अपनी अलग पहचान स्थापित की थी। दोबारा कप्तान बनाए जाने से उनकी नेतृत्व क्षमता और लगातार शानदार प्रदर्शन पर चयनकर्ताओं के भरोसे की झलक मिलती है। 2026 का जोनल टूर्नामेंट 8 जून से पटना में शुरू होने जा रहा है। महज 15 वर्ष की उम्र में अक्षरा गुप्ता बिहार क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बन चुकी हैं और राज्य के युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास के बल पर कम उम्र में भी बड़े मुकाम हासिल किए जा सकते हैं।

# नेपाल में भी हो रही भारत की 'कॉकरोच जनता पार्टी' की चर्चा

■ भारत में उभरे युवा आंदोलन पर नेपाल के सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों की नजर, बेरोजगारी और शिक्षा के मुद्दों को लेकर बढ़ी बहस

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। भारत में तेजी से चर्चा में आई ह्लकॉकरोच जनता पार्टीह्ल (सीजेपी) अब नेपाल में भी बहस का विषय बन गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर नेपाली युवाओं और राजनीतिक विश्लेषकों के बीच इस आंदोलन को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। कई नेपाली यूजर्स इसे युवाओं की आवाज और व्यवस्था के प्रति असंतोष की अभिव्यक्ति के रूप में देख रहे हैं। भारत में हाल ही में सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके के नेतृत्व में नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहला बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया गया। आंदोलन का मुख्य फोकस बेरोजगारी, परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाना रहा। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया, जिसके बाद यह आंदोलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा में आ गया। नेपाल के सोशल मीडिया मंचों पर कई यूजर्स ने भारत के इस आंदोलन की तुलना नेपाल में पिछले वर्षों के युवा-आधारित आंदोलनों से की है। कुछ लोगों का मानना है कि दक्षिण एशिया के देशों में युवाओं के सामने रोजगार, शिक्षा और अवसरों की चुनौतियां समान हैं, इसलिए ऐसे आंदोलनों को व्यापक समर्थन मिल रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि भले ही कॉकरोच जनता पार्टी अभी एक औपचारिक राजनीतिक दल नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को जोड़ने की इसकी क्षमता ने इसे चर्चा के केंद्र में ला दिया है। भारत में इसके लाखों समर्थक सोशल मीडिया से जुड़े हैं और आंदोलन

### नेपाल में चालू वित्तीय वर्ष में 292 किलोमीटर दो-लेन सड़क का निर्माण पूरा

बगहा। नेपाल सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2082/83 (2025-26) के दौरान सड़क अवसंरचना विकास में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, देशभर में 292 किलोमीटर दो-लेन सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में कई अन्य परियोजनाओं पर भी तेजी से काम जारी है। सरकार के अनुसार, सड़क संपर्क बढ़ाने और दूरदराज के क्षेत्रों को राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क से जोड़ने के उद्देश्य से यह कार्य किया गया है। सर्वेक्षण में बताया गया है कि देश के कुल सड़क नेटवर्क का दायरा लगातार बढ़ रहा है और संघीय स्तर पर कई सड़क परियोजनाएं पूर्णता की ओर हैं। नेपाल सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए भी सड़क क्षेत्र में बड़े निवेश की घोषणा की है। सरकार का लक्ष्य सड़कों के स्तरोन्नयन, कालीकरण और नए पुलों के निर्माण के माध्यम से यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाना है। विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क अवसंरचना में हो रहा यह विस्तार आर्थिक गतिविधियों, पर्यटन, व्यापार और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति प्रदान करेगा। सरकार ने आने वाले वर्षों में रणनीतिक राजमार्गों और प्रमुख सड़क गलियारों के विस्तार को प्राथमिकता देने की बात कही है।

लगातार विस्तार की ओर बढ़ रहा है। नेपाल में भी युवाओं के बीच इस आंदोलन को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है।

# खबर का हुआ असर: वीटीआर जंगल में संयुक्त छापेमारी, 35 लीटर देशी शराब बरामद

■ पुलिस, वन विभाग और एसएसबी की कार्रवाई में सैकड़ों लीटर कच्चा शराब सामग्री नष्ट, एक तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। वीटीआर के जंगल क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण को लेकर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला है। पुलिस प्रशासन, वन विभाग और एसएसबी की संयुक्त टीम ने सेमरी डीह के समीप जंगल क्षेत्र में छापेमारी कर 35 लीटर देशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जबकि शराब निर्माण में प्रयुक्त सैकड़ों लीटर कच्चे पदार्थ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान विनोद निषाद को गिरफ्तार किया गया है। मौके से 35 लीटर देशी शराब बरामद हुई। इसके अलावा 200-200 लीटर क्षमता के दो ड्रम, 50 लीटर का एक ड्रम तथा 25-25 लीटर के दो ड्रम में रखे कच्चे शराब निर्माण सामग्री को नष्ट कर दिया गया। टीम ने शराब बनाने में प्रयुक्त सात तसले भी बरामद किए हैं। एसएसबी सूत्रों के अनुसार 21वीं वाहिनी के कमांडेंट तापेश्वर संबित राउत के निर्देश पर संयुक्त टीम का गठन किया गया था।

टीम में एसएसबी के बनिया कुमार, वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार तथा नौरंगिया वन क्षेत्र के फॉरेस्टर सोनू कुमार सहित अन्य जवान और कर्मी शामिल थे।


गौरतलब है कि दो दिन पूर्व प्रातः किरण में वीटीआर जंगल में अवैध शराब का निर्माण शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी।

खबर में जंगल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बनाए जाने का मामला उजागर किया गया था। खबर का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों ने संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई और छापेमारी को अंजाम दिया।

# मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती, घंटों चले समझाने-बुझाने के बाद सुरक्षित उतारी गई

■ चौतरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव की घटना, प्रेम प्रसंग की चर्चा लेकिन पुलिस ने नहीं की पुष्टि

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा अनुमंडल अंतर्गत चौतरवा थाना क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। घटना लक्ष्मीपुर गांव के समीप स्थित एक मोबाइल टावर की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और किसी अनहोनी की आशंका से माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती टावर पर काफी ऊंचाई तक चढ़ गई थी। घटना की सूचना मिलते ही चौतरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू किए। करीब एक घंटे तक पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने उसे समझाने-बुझाने का प्रयास किया, जिसके बाद वह नीचे उतरने के लिए तैयार हो गई। बताया जाता है कि युवती की पहचान चौतरवा थाना क्षेत्र के मोजे गांव निवासी प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं होती रहीं। स्थानीय स्तर पर इसे प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।युवती के सुरक्षित नीचे उतरने के बाद पुलिस उसे अपने साथ थाना ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए थे। चौतरवा थाना पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही युवती के टावर पर चढ़ने के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल युवती सुरक्षित है और पुलिस मामले की सभी पहलुओं से पड़ताल कर रही है।

# थारू समाज ने पेश की मिसाल, श्रमदान और जनसहयोग से बनाई 1400 मीटर कच्ची सड़क

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। ( नसीम खान क्या )

बगहा-2 प्रखंड की देवरिया तरुअनवा पंचायत अंतर्गत पाड़काप गांव में थारू समाज के लोगों ने सामुदायिक एकता और जनसहयोग की अनूठी मिसाल पेश करते हुए 1400 मीटर लंबी कच्ची सड़क का निर्माण शुरू किया है। वर्षों से जर्जर पड़ी इस सड़क की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने किसी सरकारी सहायता की प्रतीक्षा किए बिना स्वयं आगे बढ़कर श्रमदान और आर्थिक सहयोग के माध्यम से कार्य शुरू किया है।ग्रामीणों ने बताया कि गांव से होकर बीटीआर जंगल क्षेत्र की ओर जाने वाली यह सड़क खेती-बाड़ी के लिए एकमात्र संपर्क मार्ग है। बरसात के दिनों में जंगल का पानी सड़क पर बहने से यह पूरी तरह कीचड़युक्त और दुर्गम हो जाती थी, जिससे किसानों को खेतों तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गुमास्ता रघुनाथ काजी एवं पारस काजी ने बताया कि ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से लगभग 80 हजार रुपये का चंदा एकत्र किया है। इस राशि से मिट्टी भराई कार्य के लिए 10 ट्रैक्टर लगाए गए हैं। आसपास उपयुक्त मिट्टी उपलब्ध नहीं होने के कारण करीब दो किलोमीटर दूर से मिट्टी लाकर सड़क पर डाली जा रही है। अब तक लगभग 500 ट्रेलर मिट्टी की भराई की जा चुकी है। सड़क निर्माण कार्य में गांव के करीब 300 महिला एवं पुरुष लगातार श्रमदान कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेती-किसानी उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है और खेतों तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सड़क का बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है। मानसून आने से पहले सड़क को उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सभी लोग एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं।

# रक्सौल में आबकारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 70 लीटर चुलाई शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। बिहार में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बेला नहर रोड के पास घेराबंदी कर 70 लीटर चुलाई (देशी) शराब के साथ एक तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। इस अचानक हुई कार्रवाई से स्थानीय शराब माफियाओं और अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

❍ गुप्त सूचना पर बिछाया गया जाल: आबकारी इंस्पेक्टर सोनू कुमार ने बताया कि विभाग को बेला नहर रोड के रास्ते शराब की एक बड़ी खेप ले जाए जाने की सटीक गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया और उक्त मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान (एंटी लिकर चेकिंग) शुरू कर दिया गया।

❍ बोरे में छिपाकर ले जा रहा था शराब: चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया, जिसके पास दो बड़े झोले थे। पुलिस टीम ने जब उसे रोककर तलाशी ली, तो दोनों झोलों के अंदर सात बड़े प्लास्टिक के थैलों में भरी हुई कुल 70 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत शराब और मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया और तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

❍ तस्कर की हुई पहचान, सिंडिकेट की जांच शुरू: पकड़े गए आरोपी की पहचान रामगढ़वा थाना क्षेत्र के मुरला गांव निवासी हीरालाल महतो के रूप में की गई है। आबकारी विभाग आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रहा है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शराब की यह खेप कहां तैयार की गई थी और इसे रक्सौल या इसके आसपास के किन इलाकों में सप्लाई किया जाना था।आबकारी इंस्पेक्टर सोनू कुमार ने सख्त लहजे में कहा कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। इस अवैध धंधे के पीछे जो भी मुख्य सरगना या सिंडिकेट शामिल है, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# उज्जैन टोला ईदगाह गली की पीसीसी सड़क व नाला निर्माण की 34.93 लाख वाली योजना पर 8 जून तक करें दावेदारी:गरिमा

■ नगर आयुक्त द्वारा जारी निविदा आमंत्रण अधिसूचना में शामिल महत्वपूर्ण योजना की महापौर ने साझा की विस्तार से जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि वार्ड संख्या-24 क्षेत्र में उज्जैन टोला ईदगाह गली की पीसीसी सड़क और आरसीसी नाला निर्माण की 34.93 लाख वाली योजना पर इच्छुक संवेदक सोमवार 8 जून तक अपनी दावेदारी विहित प्रक्रिया के तहत अपलोड कर सकते हैं। नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित के स्तर से जारी ई-टेंडर सूचना के अनुसार इस योजना की प्राक्कलित राशि 34 लाख 93 हजार 500 रुपये निर्धारित की गई है।निविदा में शामिल कार्य के अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित कविवर नेपाली चौक मस्जिद के बगल से इदगाह वाली गली के सुप्रिया शॉर्टकट रोड में मोहम्मद हसीम के घर से दयाशंकर प्रसाद के मकान तक पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कराया जाना नगर निगम बोर्ड से पारित किया गया है।

महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस योजना को नगर क्षेत्र की आधारभूत संरचना व्यवस्था को और मजबूत करने तथा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानते हुए नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित करते हुए प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि जारी विज्ञप्ति के अनुसार संवेदकों को अपनी निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से 8 जून को अपराह्न 3 बजे तक अपलोड करनी होगी। तकनीकी निविदा 9 जून को खोली जाएगी, जबकि वित्तीय निविदा तकनीकी प्रक्रिया में सफल प्रतिभागियों के लिए निर्धारित नियमों के अनुसार खोली जाएगी। निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने की निर्धारित समयसीमा कार्यादेश जारी होने की तिथि से तीन माह निर्धारित की गई है।

# दुरौंधा स्टेशन पर 26 लीटर देशी शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान/दुरौंधा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की सीपीडीएस टीम, आरपीएफ चौकी दारौंदा एवं उत्पाद विभाग सीवान की संयुक्त कार्रवाई में दुरौंधा रेलवे स्टेशन से एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 26 लीटर देशी शराब बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार, रविवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक सीवान सुभाष चंद्र यादव के पर्यवेक्षण में संयुक्त टीम द्वारा दुरौंधा रेलवे स्टेशन पर आपराधिक गतिविधियों की निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान दोपहर 12:15 बजे प्लेटफार्म संख्या-2 पर पहुंची 14006 आनंद विहार-सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस के एस-3 कोच के गेट के पास एक महिला संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। महिला सिपाही द्वारा उसके पिठू बैग एवं झोले की तलाशी लेने पर 200 एमएल की 130 बोतल बंटी बबली लाइम देशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कुल मात्रा 26 लीटर तथा अनुमानित कीमत 7,150 रुपये बताई गई है। गिरफ्तार महिला की पहचान चौहान किरण (36 वर्ष) पति हरेंद्र चौहान, निवासी खुरमाबाद, थाना मुफस्सिल, जिला सीवान के रूप में हुई है। बरामद शराब एवं अभियुक्ता को अग्रिम कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग सीवान को सौंप दिया गया। इस संबंध में उत्पाद विभाग द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 469/26 के तहत बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम की धारा 30(ए) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में सीपीडीएस टीम के उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, उत्पाद विभाग के उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय, आरपीएफ चौकी दुरौंधा के हेड कांस्टेबल संजय कुमार तिवारी, कांस्टेबल विजय कुमार यादव, बलवीर सिंह यादव, महिला कांस्टेबल संजीता कुमारी तथा कांस्टेबल कुंदन राय शामिल थे।

# सीएम विजय ने चलाया करप्शन पर चाबुक, पार्टी फंड के नाम पर चल रहे गोरखधंधे पर गाज

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सीएम बनने के बाद ऐक्टर विजय ने शुक्रवार को पहली कैबिनेट बैठक की। इस दौरान उन्होंने तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन में होने वाले भ्रष्टाचार, अनधिकृत संग्रह और पार्टी फंड जैसी प्रथाओं पर व्यापक कार्रवाई शुरू की। सीएम विजय ने अधिकारियों को आदेश दिया कि शराब बिक्री से मिला एक-एक पैसा राज्य के खजाने तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। जानकारी के मुताबिक सरकारी सूत्रों ने सीएम को बताया कि हर महीने करीब 102 करोड़ रुपए अनौपचारिक 'पार्टी फंड' के जरिए कॉरपोरेशन संचालन में जा रहे थे। अनुमान के मुताबिक पिछले पांच साल में राज्य सरकार के खजाने से करीब 1,600 करोड़ रुपए निकाले जा चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक अब डीएमके के कॉरपोरेशन के इस्तेमाल पर भी जांच केंद्रित हुई है।

**बंद करने का निर्देश:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल लंबे समय से चले आ रहे कॉरपोरेशन के थोक और



खुदरा नेटवर्क में चल रहे अनौपचारिक कैश कलेक्शन सिस्टम को बंद करने का निर्देश दिया। इसके करीब 4,048 रजिस्टर्ड आउटलेट हैं। इन सुधारों की निगरानी एक्साइज मिनिस्टर के विग्नेश कर रहे हैं, जो 37 साल के नए मंत्री हैं और एक साधारण बैकग्राउंड से आते हैं। रिपोर्टों के अनुसार, उनके माता-पिता ने चाय की दुकान चलाई थी। इससे पहले कि उन्होंने केबल वितरण व्यवसाय और बाद में राजनीति में कदम रखा। एनडीटीवी के मुताबिक मंत्री विग्नेश ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार को भ्रष्टाचार या लोगों को दर्द पहुंचाकर होने वाली कमाई की जरूरत नहीं है। सूत्रों के मुताबिक गलत ढंग से पैसे की वसूली, पिछले कुछ वक्त में कॉरपोरेशन में सिस्टम का हिस्सा बन चुके थे। अधिकारियों के मुताबिक तमिलनाडु में शराब बोतल के आकार के अनुसार मानकीकृत मामलों के माध्यम से सप्लाई की जाती है। यहां 180 एमएल की बॉटल 48 केस में पैक होती है। वहीं, 375 एमएल की 12 और बीयर केसेज में आमतौर पर 12 बॉटल्स होती हैं। आरोप है कि हर लिकर केस पर करीब 90 रुपए पार्टी फंड कलेक्शन के नाम पर जाते हैं। वहीं, बीयर में यह 40 रुपए पर केस और वाइन के मामले में 20 रुपए मंत्री या पॉलिटिकल फंड में जाते हैं। अधिकारियों का दावा है कि यह वसूली, वेयरहाउस, ट्रांसपोर्ट और रिटेल आउटलेट्स में होती है। इसके मुताबिक हर महीने करीब 88 लाख उपभोक्ता कॉरपोरेशन के जरिए शराब खरीदते हैं। अंदरूनी आंकड़े बताते हैं कि हर महीने तकरीबन 102 करोड़ रुपए अनाधिकारिक ढंग से जाते हैं।

**अभी तो यह झांकी है:** बताया जाता है कि कॉरपोरेशन के खिलाफ अभियान तो महज शुरुआत भर है। भ्रष्टाचार का दायरा बहुत बड़ा है और आने वाले वक्त में कई विभाग एंटी-करप्शन मिशन की चपेट में आने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री ने हर विभाग में भ्रष्टाचार को चिन्हित करने का आदेश दिया है। खासकर वह विभाग जो सरकारी रेवेन्यू के लिए जिम्मेदार हैं। इसमें भी कॉरपोरेशन को सबसे पहले निशाना इसलिए बनाया गया क्योंकि यहां पर अनाधिकारिक कलेक्शन काफी ज्यादा है। बताया जाता है कि अगला निशाना खनन विभाग पर हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जनगणना का काम सुस्त, प्राधिकरणों की लापरवाही से पिछड़ा जिला



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** जिले में जनगणना के तहत पहले चरण में हाउस लिस्टिंग का काम चल रहा है। इस कार्य में नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के लापरवाही के कारण जिला लक्ष्य के अनुपात में काम पूरा करने की दिशा में सबसे पिछले पायदान पर है। जनगणना 2027 का कार्य सरकार की प्राथमिकता में है। नोएडा में शनिवार तक महज 5 प्रतिशत ग्रेटर नोएडा में करीब 4 प्रतिशत ही हाउस लिस्टिंग का काम पूरा किया जा सका है। कार्य में धीमी गति को लेकर मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा की ओर से भी दोनों प्राधिकरणों के अधिकारियों को नोटिस जारी किया जा चुका है। जिले में अनुमानित 42 लाख की आबादी मान कर हाउस लिस्टिंग का काम कराया जा रहा है। जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी जनगणना के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हुए, जिससे उन्हें इस काम को पूरा करने में दिक्कतें आ रही है। वहीं जिले के नगर पालिका, तहसील व नगर पंचायत क्षेत्र में तकरीबन 80 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। वहीं नोएडा व ग्रेटर नोएडा का क्षेत्र पिछड़ रहा है। जिले की तीनों तहसीलों में जेवर तहसील में सबसे अधिक 75, गौतमबुद्ध नगर सदर तहसील 53.43, दादरी तहसील 48.04, यमुना विकास प्राधिकरण 42.64, नोएडा प्राधिकरण 4.9, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में चार प्रतिशत तक काम हुआ है। तीनों प्राधिकरणों में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में सबसे अधिक 42.64 प्रतिशत काम हो चुका है। जनगणना के काम को लेकर होने वाली बैठक में भी प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के शामिल न होने पर शासन स्तर से नाराजगी जताई गई है। जिला जनगणना अधिकारी अजीत कुमार सिंह का कहना है कि जनगणना के तहत हाउस लिस्टिंग का काम समय पर पूरा करने का प्रयास तेज कर दिया गया है। जहां कम काम हुए हैं वहां प्रशासन अभियान चलाकर कार्य को पूरा करेगा। इसकी लगातार मानिटरिंग शुरू कर दी गई है।

### सैर करने जाएं तो रहें सावधान! टाउन पार्क में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक

**फरीदाबाद, एजेंसी।** सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में एक के बाद बेहतर सुविधा प्रदान की जा रही है। इसलिए यहां हजारों लोग आते हैं। वीकेंड पर तो लोगों की संख्या कई गुणा बढ़ जाती है। एक तरह से यह पार्क पिकनिक स्पाट बन गया है। लेकिन लोग बंदर व आवारा कुत्तों से बेहद परेशान हैं। खासतौर पर सुबह-शाम सैर करने वाले लोग। बंदरों का झुंड इन पर हमला कर देता है। उधर कुत्ते भी अचानक हमला कर रहे हैं। जिन लोगों के हाथ में खाने-पीने की चीज होती है तो बंदर उनके पीछे लग जाते हैं। जब तक उस चीज को नहीं ले लेते, तब तक बंदर पीछा नहीं छोड़ते। इस मामले की शिकायत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से की है। दरअसल टाउन पार्क में कुछ पशु प्रेमी भी आते हैं जो रोज कुत्ते व बंदरों को केले बिस्कुट व अन्य खाने की चीजें डालते हैं जिसकी वजह से इनका जमावड़ा पार्क में ही रहता है। जब इन को खाने की वस्तु नहीं मिलती तो स्थानीय निवासी जो पार्क में घूमने आते हैं, तो उन पर यह कुत्ते व बंदर हमला कर देते है। इसलिए सबसे पहले एक पशु प्रेमियों को जागरूक होना होगा। या फिर प्रशासन कार्रवाई करे ताकि अन्य लोगों को परेशानी न हो। तीन दिन पहले बंदरों के एक झुंड ने सैर करते समय सुबह मेरे ऊपर हमला बोल दिया था।जैसे-तैसे स्वयं को बंदरों के काटने से बचाया।

# गुरुग्राम में अब प्रॉपर्टी टैक्स के साथ ही देना होगा सफाई शुल्क, एमसीजी के फैसले से लोगों में नाराजगी

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम के निवासियों को अब अपने संपत्ति कर के साथ ही कूड़ा शुल्क भी देना होगा। संपत्ति कर के साथ अब नगर निगम ने कूड़ा शुल्क भी वसूलना शुरू कर दिया है। हालांकि बीते दो साल से कूड़ा शुल्क निगम की तरफ से वसूल नहीं किया जा रहा था, लेकिन अब निगम ने इसे वसूलना शुरू कर दिया है। निगम के इस कूड़ा शुल्क का लोगों ने विरोध भी जताया है। शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) विभाग ने नए वित्त वर्ष से गुरुग्राम में भी इस शुल्क की वसूली को अनिवार्य कर दिया है। सरकार की इस नई व्यवस्था के तहत अब संपत्ति कर के बिलों में ही घरों से कूड़ा उठाने के साथ-साथ सड़कों की सफाई का शुल्क भी शामिल किया गया है। हालांकि, शहर में घर-घर से कूड़ा उठाने की कोई स्थायी और पुख्ता व्यवस्था न होने के बावजूद टैक्स बिलों में इस नए चार्ज को जोड़ने पर शहरवासियों ने रोष व्यक्त किया है। हालांकि निगम अधिकारियों ने बताया कि संपत्ति कर के साथ मुख्यालय की तरफ से कूड़ा शुल्क लगाकर भेजा गया है। यह कूड़ा संग्रहण शुल्क अकेला नहीं है, इसमें सड़कों की सफाई, गलियों में जो झाड़ू लगती है, इसमें उसका शुल्क भी शामिल है। जमीनी हकीकत यह है कि नगर निगम गुरुग्राम के पास वर्तमान में घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा करने, उसे अलग करने और उसके वैज्ञानिक निस्तारण की कोई स्थायी या सुचारू व्यवस्था नहीं है। नगर




निकाय फिलहाल विभिन्न छोटे ठेकेदारों के माध्यम से अस्थायी उपायों के भरोसे ही पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को खींच रहा है। इस लचर व्यवस्था के कारण शहर की दर्जनों सोसाइटियों और रिहायशी सेक्टरों में लोग निजी स्तर पर कचरा प्रबंधन करने को मजबूर हैं, जहां निजी कचरा उठाने वाले कर्मचारी प्रति घर 50 रुपये से लेकर 150 रुपये तक मासिक शुल्क अलग से वसूलते हैं। ऐसे में लोगों का आरोप है कि उन्हें एक ही काम के लिए दोहरा भुगतान करना पड़ रहा है। शहर की विभिन्न आरडब्ल्यूए और सामाजिक संगठनों ने निगम और सरकार के इस फैसले को पूरी तरह से जनविरोधी बताया है। नागरिकों का कहना है कि जब नगर निगम के वाहन उनके घरों तक कूड़ा लेने आते ही नहीं हैं और वे निजी रेहड़ी-पटरी वालों को अलग से भुगतान कर रहे हैं, तो निगम किस बात का टैक्स वसूल रहा है। निगम केवल अस्थाई एजेंसियों के सहारे काम चला रहा है। शहर में घर-घर से कूड़ा उठाने की कोई स्थायी और पुख्ता व्यवस्था न होने के बावजूद टैक्स बिलों में इस नए चार्ज को जोड़ने पर शहरवासियों ने रोष व्यक्त किया है।

## शादी रचाने और दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला टीचर से ठगी, धर्मांतरण कराने का प्रयास

**संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में शादी रचाने और दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला टीचर से नकदी और सोना ठगने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने यह भी प्रयास किया कि पीड़िता धर्म परिवर्तन करके इस्लाम धर्म अपना ले। सीनियर अधिकारी ने बताया कि 43 वर्षीय पीड़िता नक्षत्रवाड़ी स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। उसकी मुलाकात जून 2024 में उसी स्कूल में शिक्षक के रूप में नियुक्त हुए 45 वर्षीय हुसैन अबू सोयदान से हुई थी। अधिकारी के अनुसार, दोनों के बीच दोस्ती हुई। इसके बाद आरोपी ने पढ़ाई पूरी होने पर विदेश में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। उसने कथित तौर पर शादी और दुबई में नौकरी दिलाने का वादा कर पीड़िता के साथ संबंध बनाए। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने यह भी कहा था कि विदेश जाने के लिए उसे इस्लाम धर्म स्वीकार करना होगा। मामले की जांच जारी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जनवरी 2026 में आरोपी ने एक होटल के कमरे में पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद अप्रैल तक उसने विभिन्न जरूरतों का हवाला देकर उससे कई बार पैसे लिए। इनमें ऑनलाइन माध्यम से 1 लाख रुपये का हस्तांतरण, 3.41 लाख रुपये नकद और लगभग 1.80 लाख रुपये मूल्य के छह तोला सोने के आभूषण शामिल हैं। अधिकारी के अनुसार, एक अप्रैल को बेंगलुरु में कार्यरत पीड़िता के पति घर लौटे और उन्हें पत्नी के विवाहेतर संबंध की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने महिला को घर छोड़ने के लिए कहा। पुलिस ने बताया कि 19 अप्रैल को हुसैन ने कथित तौर पर हिंदू रीति-रिवाज से पीड़िता से विवाह किया और बाद में उसका इस्लाम धर्म में धर्मांतरण कराने की प्रक्रिया भी कराई। हालांकि, 25 अप्रैल के बाद उसने महिला से संपर्क करना बंद कर दिया और उससे दूरी बनाने लगा। जब महिला को एहसास हुआ कि उसके साथ नकदी और सोने के आभूषणों की ठगी हुई है, तो उसने पुलिस से संपर्क किया। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर हुसैन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## डीएमके ने किया बैठक का बहिष्कार, झामुमो और सीपीआई-एम भी कांग्रेस से नाराज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 8 जून को होने वाली विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक से ठीक पहले गठबंधन के भीतर दरारें और गहरी हो गई हैं। द्रमुक द्वारा इस बैठक का बहिष्कार करने के एलान के बाद अब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी कांग्रेस नेतृत्व की कार्यशैली पर अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की है। जहां एक तरफ जेएमएम झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा एकतरफा उम्मीदवार घोषित किए जाने से नाराज है, वहीं सीपीएम ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस नेताओं विशेषकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर किए गए तीखे हमलों को लेकर कड़ा ऐतराज जताया है। सीपीएम के महासचिव एमए बेबी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक बेहद सख्त लहजे में पत्र लिखा है। इस पत्र की प्रति इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को भी भेजी गई है। उन्होंने लिखा, 'केरल विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेतृत्व द्वारा एक सुनियोजित अभियान चलाया गया कि सीपीएम और बीजेपी के बीच गुप्त समझौता है। यहां तक कि हमारे वरिष्ठ नेता और तत्कालीन मुख्यमंत्री कॉमरेड पिनाराई विजयन पर भी पीएम मोदी के साथ डील करने का आरोप लगाया गया। जनसभाओं में यह सवाल उठाया गया कि अगर कोई डील नहीं है तो प्रवर्तन निदेशालय ने अब तक उनसे पूछताछ या उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया? '

## जलवायु परिवर्तन से बढ़ा खतरा, यूरोप और उत्तरी अमेरिका तक पहुंच सकता है चिकनगुनिया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** कभी चिकनगुनिया को मुख्य रूप से गर्म जलवायु वाले देशों की बीमारी माना जाता था, पर अब वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि जलवायु परिवर्तन इस बीमारी का भूगोल बदल सकता है। बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण ऐसे मच्छरों का दायरा तेजी से बढ़ रहा है जो चिकनगुनिया वायरस फैलाते हैं। इसके परिणामस्वरूप आने वाले दशकों में दुनिया के कई ठंडे क्षेत्र भी इस बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

भारत के लिए भी बढ़ सकती है चिंता

प्रतिष्ठित जर्नल फ्रंटियर्स इन सेलुलर एंड इन्फेक्शन माइक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार सदी के अंत तक उत्तर-पूर्वी उत्तरी अमेरिका, मध्य यूरोप और पूर्वी एशिया के कई हिस्से चिकनगुनिया के नए हॉटस्पॉट बन सकते हैं। अध्ययन में भारत के लिए भी चिंता जताई गई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि बीमारी नए क्षेत्रों में फैलती है तो 1.21 करोड़ भारतीय इसके जोखिम में आ सकते हैं।

लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन, नागासाकी यूनिवर्सिटी और इंटरनेशनल वैक्सीन इंस्टीट्यूट से जुड़े वैज्ञानिकों के एक अन्य अध्ययन के अनुसार, हर साल दुनिया भर में करीब 1.44 करोड़ लोग चिकनगुनिया के जोखिम में हैं। इनमें से करीब 51 लाख लोग भारत में हैं। भविष्य में यह संख्या वैश्विक स्तर पर 3.49 करोड़ तक पहुंच सकती है।

बीमारी के बढ़ते खतरे के पीछे बड़ी भूमिका एशियाई टाइगर मच्छर, यानी एडीज एल्बोपिक्टस निभा सकता है। अब तक चिकनगुनिया मुख्यतः एडीज एजिप्टी मच्छर से फैलता था, जो गर्म व आर्द्र क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है। 2005-06 में वायरस में आनुवंशिक बदलाव की पहचान हुई जिसके बाद वायरस एडीज एल्बोपिक्टस के जरिए भी फैलने लगा। यह मच्छर ठंडे मौसम में भी जीवित रह सकता है। चिकनगुनिया एक वायरल संक्रमण है, जो संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, जोड़ों में दर्द, सिरदर्द, थकान और शरीर पर चकत्ते शामिल हैं। अधिकांश मरीज कुछ सप्ताह में ठीक हो जाते हैं।

लेकिन कई मामलों में जोड़ों का दर्द लंबे समय तक बना रह सकता है।

# मृत पिता के नंबर पर 4 साल तक भेजती रही मैसेज; फिर आया ऐसा जवाब, छलक पड़े दुनिया के आंसू

**वाशिंगटन, एजेंसी।** कुछ रिश्ते मौत से खत्म नहीं होते। वे यादों, भावनाओं और दिल की धड़कनों में जिंदा रहते हैं। ऐसी ही एक भावुक कहानी है चेस्टिटी नाम की युवती की, जिसने अपने पिता को खोने के बाद भी उनसे बातचीत करना बंद नहीं किया।पिता की मौत के बाद वह उनके पुराने मोबाइल नंबर पर लगातार मैसेज भेजती रहीं। उन्हें पता था कि सामने से कोई जवाब नहीं आएगा, लेकिन उन संदेशों में उन्हें अपने पिता का साथ महसूस होता था। दिन बीतते गए, महीने गुजर गए और फिर साल भी निकल गए। लेकिन चेस्टिटी ने मैसेज भेजना नहीं छोड़ा। जब उन्हें कोई सफलता मिलती, वह पिता को बतातीं। जब कोई परेशानी आती, तब भी उसी नंबर पर अपना दर्द लिख देतीं। उनके लिए वह नंबर सिर्फ एक मोबाइल नंबर नहीं था, बल्कि पिता की यादों का आखिरी सहारा था।साल 2019 में पिता की चौथी पुण्यतिथि पर चेस्टिटी ने एक लंबा संदेश लिखा। उन्होंने बताया कि इन चार वर्षों में उन्होंने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को मात दी, कॉलेज की पढ़ाई पूरी की, जीवन की कई कठिनाइयों का सामना



किया और आगे बढ़ती रहीं। संदेश के अंत में उन्होंने लिखा कि उन्हें अपने पिता की बहुत याद आती है और काश वे आज उनकी उपलब्धियां देख पाते। हर बार की तरह इस बार भी उन्हें किसी जवाब की उम्मीद नहीं थी। मैसेज भेजने के कुछ समय बाद अचानक उनके फोन पर जवाब आया। चार साल में पहली बार उस नंबर से किसी ने उत्तर दिया था। चेस्टिटी हैरान रह गईं। जवाब भेजने वाले व्यक्ति का नाम ब्रैड था। ब्रैड ने बताया कि अब यह नंबर उसके पास है और वह पिछले कई वर्षों से चेस्टिटी के सभी संदेश पढ़ रहा था।उसने लिखा-मैं तुम्हारे मैसेज का इंतजार करता था। मैंने कभी जवाब नहीं दिया क्योंकि मैं तुम्हारे और तुम्हारे पिता के बीच बने इस खूबसूरत रिश्ते को तोड़ना नहीं चाहता था। ब्रैड ने आगे बताया कि उसने भी अपनी बेटी को एक सड़क दुर्घटना में खो दिया था। बेटी के जाने के बाद वह गहरे दुख में था। ऐसे समय में चेस्टिटी के संदेश उसके लिए भी उम्मीद की किरण बन गए। उसे लगता था कि जीवन कितना भी कठिन क्यों न हो, इंसान फिर भी आगे बढ़ सकता है। ब्रैड ने चेस्टिटी की हिम्मत, संघर्ष और सकारात्मक सोच की तारीफ की।उसने लिखा कि उनके संदेशों ने उसे भी जीने की ताकत दी। जिस तरह चेस्टिटी अपने पिता से जुड़ी रहीं, उसी तरह उनके शब्द किसी और टूटे हुए दिल के लिए सहारा बन गए। जब यह कहानी सोशल मीडिया पर साझा की गई तो लाखों लोगों की आंखें नम हो गईं। कई लोगों ने कहा कि यह सिर्फ एक मैसेज की कहानी नहीं, बल्कि प्यार, यादों और इंसानी संवेदनाओं की ताकत की कहानी है। यह घटना आज भी लोगों को याद दिलाती है कि कभी-कभी एक साधारण संदेश भी किसी की जिंदगी में उम्मीद, रोशनी और जीने का नया कारण बन सकता है।

# भारतीय शांति सैनिक मेजर अभिलाषा बराक को मिला अवार्ड

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत की महिला शांति सैनिक और देश की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र सैन्य लिंग अधिवक्ता पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के दौरान महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष समारोह में मेजर बराक को यह पुरस्कार प्रदान किया। वर्तमान में वह लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के तहत शांति मिशन में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

पुरस्कार समारोह के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मेजर अभिलाषा बराक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका योगदान यह दर्शाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन महिलाओं और लड़कियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि मेजर बराक न केवल उन लोगों के लिए प्रेरणास्रोत हैं जिनकी वह सेवा कर रही हैं, बल्कि अपने साथ काम करने वाले शांति सैनिकों के लिए भी एक आदर्श उदाहरण हैं।




मेजर अभिलाषा बराक भारतीय सेना की एक प्रतिष्ठित अधिकारी हैं। वह भारत की पहली महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में भी जानी जाती हैं। अपने सैन्य करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं और महिला नेतृत्व को नई पहचान दिलाई है।

भारत के लिए खास बात यह भी है कि इस सम्मान को पाने वाली अभिलाषा बराक तीसरी भारतीय अधिकारी बन गई हैं।

इससे पहले मेजर सुमन गवानी को 2019 में और मेजर राधिका सेन को 2023 में यह पुरस्कार मिल चुका है।

मेजर सुमन गवानी ने दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के दौरान शानदार काम किया था, जबकि मेजर राधिका सेन ने कांगो में शांति मिशन में अपनी सेवाएं दी थीं। यह पुरस्कार संयुक्त राष्ट्र के डिपार्टमेंट ऑफ पीस ऑपरेशंस द्वारा 2016 में शुरू किया गया था।

इसका उद्देश्य उन शांति सैनिकों को सम्मानित करना है जो महिलाओं की सुरक्षा, समानता और शांति प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष दिया जाने वाला मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड उन शांति सैनिकों को सम्मानित करता है जिन्होंने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने में असाधारण नेतृत्व और प्रतिबद्धता दिखाई हो। यह सम्मान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1325 के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने वाले सैन्य कर्मियों को दिया जाता है। इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य शांति स्थापना और शांति निर्माण प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा संघर्ष से जुड़े यौन हिंसा के मामलों की रोकथाम और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मेजर अभिलाषा बराक को मिला यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान भारत के लिए गौरव का विषय है। उनकी उपलब्धि न केवल भारतीय सेना में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की सकारात्मक और प्रभावशाली उपस्थिति को भी मजबूत करती है। महिला सशक्तिकरण और शांति स्थापना के क्षेत्र में उनके योगदान ने दुनिया भर में भारतीय महिलाओं की क्षमता और नेतृत्व को नई पहचान दिलाई है।

## पश्चिम एशिया तनावः यूएस-ईरान जंग के बीच पाक के गृह मंत्री तीसरी बार पहुंचे तेहरान, शांति वार्ता की कोशिशें जारी

**इस्लामाबाद/तेहरान, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते अमेरिका-ईरान तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक बार फिर कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी शनिवार को तीसरी बार ईरान की राजधानी तेहरान पहुंचे, जहां उन्होंने क्षेत्र में शांति बहाली को लेकर महत्वपूर्ण वार्ताएं कीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोहसिन नकवी का यह पिछले कुछ हफ्तों में ईरान का तीसरा दौरा है। पाकिस्तान इस समय दोनों देशों के बीच संवाद स्थापित करने और तनाव कम करने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है। तेहरान पहुंचने पर नकवी का स्वागत ईरान के गृह मंत्री एस्कंदर मोमेनी ने किया। यात्रा के दौरान मोहसिन नकवी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इन बैठकों में क्षेत्रीय सुरक्षा, द्विपक्षीय संबंध और मौजूदा भू-राजनीतिक हालात पर चर्चा होने की संभावना है। तेहरान रवाना होने से पहले मोहसिन नकवी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार, इस बैठक में क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने इस यात्रा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पश्चिम एशिया में तनाव उस समय बढ़ा जब 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमले किए, जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की थी। हालांकि अप्रैल में सीजफायर के बाद हालात कुछ हद तक शांत हुए, लेकिन तनाव अब भी बना हुआ है। इस बीच पाकिस्तान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत कराने की कोशिशें तेज कर दी हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496